राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267 आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ब्लैक साड़ी में नुसरत भरूचा ने...



अमित शाह को देश से माफी... 12

गाजियाबाद, गुरुवार 19 दिसंबर 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 287, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## आंबेडकर और आरक्षण विरोधी है कांग्रेस, प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बोले अमित शाह-सत्य उजागर होने पर झूठ फैलाना शुरू कर दिया

**दिल्ली।** संसद में डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर एक बयान ने सियासी तापमान बढ़ा दिया है। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने संसद में जमकर हंगामा किया। इस बीच गृह मंत्री अमित शाह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया है। अमित शाह के साथ बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू, पीयूष गोयल, सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव भी मौजूद रहे। अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि संसद के दोनों सदनों में संविधान को स्वीकार करने के 75 साल के मौके पर संविधान की रचना, संविधान निमार्ताओं का योगदान और संविधान में प्रस्तावित किए गए आदर्शों पर एक गौरवमयी चर्चा का आयोजन संसद के द्वारा किया गया। उस चर्चा में 75 साल की देश की गौरव और विकास यात्रा व उपलब्धियों की भी चर्चा होनी थी। ये तो स्वभाविक है कि जब लोकसभा-राज्यसभा में पक्ष-विपक्ष होते हैं तो हर मुद्दे पर लोगों का नजरिया अलग अलग होता है। दलों का नजरिया अलग होता है।



लेकिन संसद जैसे देश के लोकतांत्रिक फरोम में जब चर्चा होती है तो इसमें एक बात कॉमन होती है कि बात तथ्य के आधार पर होनी चाहिए और बात सत्य के आधार अमित शाह ने कहा कि कल से कांग्रेस पार्टी ने जिस तरह से तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर रखने का प्रयास किया। ये अत्यंत निंदनीय है। ये क्यों हुआ क्योंकि बीजेपी के वक्ताओं ने संविधान पर संविधान की रचना के मूल्यों पर और जब जब कांग्रेस व बीजेपी का शासन रहा तब शासन ने संविधान के मूल्यों का किस तरह से मूल्यांकन, संरक्षण किया और संवर्धन किया इस पर फैक्ट के साथ भारतीय जनता पार्टी के वक्ताओं ने अनेक उदाहरणों के साथ जनता के सामने विषय रखे। उसमें ये तय हो गया कि कांग्रेस आंबेडकर विरोधी पार्टी है। कांग्रेस आरक्षण विरोधी पार्टी है। कांग्रेस संविधान विरोधी पार्टी है। कांग्रेस ने सावरकर का अपमान किया। आपतकाल डाल कर संविधान के सारे मूल्यों की धज्जियां उड़ा दी। नारी सम्मान को दरकिनार किया।

## पीएम मोदी जाएंगे कुवैत! 43 साल बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री इस मुस्लिम देश में होगा



**दिल्ली।** कुवैत राज्य के अमीर महामहिम शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निमंत्रण पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 21-22 दिसंबर 2024 को कुवैत का दौरा करेंगे। यह 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधान मंत्री की कुवैत की पहली यात्रा होगी। इस महीने की शुरूआत में पीएम मोदी ने कुवैत के विदेश मंत्री एच.ई. से मुलाकात की थी. अब्दुल्ला अली अल-याहया। सितंबर में न्यूयॉर्क में कुवैत के क्राउन प्रिंस के साथ अपनी मुलाकात को याद करते हुए पीएम ने द्विपक्षीय संबंधों में बढ़ती गति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों के बीच मजबूत संबंधों में सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। अपनी बातचीत के दौरान, प्रधानमंत्री ने कुवैत में रहने वाले दस लाख मजबूत भारतीय समुदाय की देखभाल करने के लिए कुवैत के नेतृत्व को धन्यवाद दिया। पीएम ने विश्वास जताया कि कुवैत की जीसीसी की मौजूदा अध्यक्षता के तहत भारत और खाड़ी सहयोग परिषद के बीच घनिष्ठ सहयोग और मजबूत होगा। उन्होंने पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता की शीघ्र वापसी के लिए समर्थन व्यक्त किया। प्रधान मंत्री ने यथाशीघ्र देश का दौरा करने के लिए कुवैत नेतृत्व के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया।

## ▶▶ न्यूज डायरी

### जम्मू-कश्मीर : कठुआ के एक घर में लगी आग, दो बच्चों समेत छह की मौत

**कठुआ (आरएनएस)।** जम्मू के कठुआ स्थित शिवानगर शहर में बुधवार को दुखद हादसे में छह लोगों की जान चली गई। कठुआ के जीएमसी अस्पताल के चिकित्सक के मुताबिक घर में आग लग गई थी जिसमें दम घुटने से सभी की मौत हो गई। मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं।
वहीं, आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर दमकल विभाग के कर्मचारी पहुंचे। कठुआ जीएमसी अस्पताल के डॉ. सुरिंदर अत्री ने कहा, यह एक दुखद घटना है। यह आग रेंटेड हाउस में



लगी है। हमारे असिस्टेंट मैट्रन तीन चार महीने पहले रिटायर हुई थीं। किराए के मकान में ही यह घटना घटी। इस घटना में कुल छह लोगों की जान चली गई। बचे हुए तीन लोग अभी खतरे से बाहर हैं। कहा जा रहा है कि उनके घर में किसी प्रकार की जोत या आग जलती थी, जिससे फर्नीचर और अन्य सामग्री में आग लग गई। यह आग पूरी तरह से उनके कमरे में फैल गई और इसका असर उनके आसपास के कमरे पर भी पड़ा, जिससे घबराहट और धुएं से ही मौत हो गई। उन्होंने आगे कहा, इस घटना में जलने के कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिले हैं, बल्कि धुएं के कारण हुई दम घुटने की वजह से यह हादसा हुआ। यह सब एक ही कमरे में सोते हुए हुआ। यह घटना रात लगभग 2:21 बजे के आसपास हुई। फोन पर उन्हें इस घटना की सूचना दी गई। कॉल के बाद तुरंत प्रशासन और पुलिस से संपर्क किया गया और बाद में लोग अस्पताल लाए गए। अस्पताल पहुंचने पर छह लोगों की मृत्यु हो चुकी थी। इनमें से एक व्यक्ति हाल ही में मेडिकल विभाग से रिटायर हुआ था। मरने वालों में असिस्टेंट मैट्रन का पति, उनकी एक बेटी जो अविवाहित थी, और उनके भाई के दो बच्चे शामिल थे। उन्होंने आगे कहा, इसके अलावा, उनकी एक और बेटी, एक बेटा और बहन का परिवार भी इस घटना में प्रभावित हुआ था। यह घटना परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति भी है।

### संजय दत्त ने श्री हरमंदिर साहिब में टेका माथा, बोले- यहां आकर लगता है अच्छा

**अमृतसर (आरएनएस)।** बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त मंगलवार को पंजाब के अमृतसर में स्थित श्री हरमंदिर साहिब पहुंचे। यहां उन्होंने सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में माथा भी टेका। संजय दत्त ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुझे श्री हरमंदिर साहिब आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हम लोग शूटिंग करने के लिए पंजाब आए हैं। मेरा मानना है कि यहां आना बहुत जरूरी होता है और मैंने यहां आकर माथा टेका और दर्शन भी किए। अमृतसर बहुत अच्छी जगह है और मेरे मन में पंजाब के लिए काफी प्रेम है।
उन्होंने कहा, इस फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर



है, जिसमें जबरदस्त एक्शन है और मेरे अलावा इस फिल्म में रणबीर सिंह भी अहम भूमिका में हैं। संजय दत्त ने कहा कि वह पंजाब आए हैं और यहां लस्सी और जलेबी का स्वाद जरूर चखेंगे। अमृतसर का खाना भी काफी अच्छा है।
बता दें कि संजय दत्त फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में अमृतसर पहुंचे हैं। इससे पहले वह सोमवार को मशहूर ज्ञानी टी स्टाल पर भी पहुंचे थे, यहां उन्होंने चाय की चुस्की ली थी। इससे पहले नवंबर में अभिनेता रणवीर सिंह अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ फिल्म निर्देशक आदित्य धर भी मौजूद रहे।
अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों को शेयर कर कैप्शन में लिखा जाको राखे साइयां, मार सके न कोय। इन तस्वीरों में रणवीर सिंह के साथ फिल्म निर्देशक और अभिनेत्री यामी गौतम के पति आदित्य धर नजर आए। रणवीर और आदित्य मंदिर के प्रांगण में शीश झुकाए नजर आए और उन्होंने रुमाल पहन रखा था।

## जियाउर्रहमान बर्क ने अपनी गिरफ्तारी पर रोक के लिए पहुंचे इलाहाबाद हाईकोर्ट, दायर की याचिका

**लखनऊ (आरएनएस)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने बुधवार को संभल हिंसा मामले में अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।
अपनी याचिका में उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की है।बर्क ने दलील दी कि अगर उन्हें गिरफ्तार किया गया, तो यह अपूरणीय क्षति साबित होगी।संभल हिंसा में जिलाउर्रहमान बर्क आरोपी हैं। अब शुक्रवार को इस मामले पर सुनवाई होगी।
बता दें कि संभल हिंसा को लेकर सात एफआईआर दर्ज की गई हैं। सपा सांसद जियाउर रहमान बर्क और विधायक इकबाल महमूद के बेटे सोहेल इकबाल के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। दोनों पर संभल हिंसा भडकाने का आरोप है।
एसपी कृष्णा बिश्नोई ने बताया था कि संभल हिंसा मामले में अब तक 27,00 लोगों के खिलाफ



प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। संभल के समाजवादी पार्टी से सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज है। बर्क ने 29 नवंबर को आईएएनएस से बातचीत में कहा था, हम सर्वोच्च न्यायालय इसलिए गए थे, क्योंकि हमें उम्मीद थी कि इंसाफ जरूर मिलेगा। कोर्ट ने अच्छा आदेश दिया है। निचली अदालतों में सुनवाई पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा, सर्वे की रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में रखने को कहा गया है। प्रशासन को हिदायत दी गई है कि वह पूरे मामले में तटस्थ रहे।
सपा सांसद ने कहा था, अब हम इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका डालेंगे, जिसमें यह मांग करेंगे कि सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज के नेतृत्व में आयोग गठित कर इस मामले की जांच की जाए, क्योंकि प्रशासन द्वारा गठित आयोग से हम लोग संतुष्ट नहीं हैं।
24 नवंबर को संभल स्थित शाही जामा मस्जिद में सर्वे करने पहुंची टीम और पुलिसकर्मियों पर उपद्रवियों ने हमला कर दिया था। इसके बाद स्थिति हिंसात्मक हो गई थी। इस हिंसा में 5 लोगों की मौत हो गई थी।

## दिल्ली-एनसीआर में तीखे हुए सर्दी के तेवर, कश्मीर में जम गए झरने

**नई दिली (आरएनएस)।** उत्तर और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में बुधवार को भी सर्दी का सितम जारी है। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ती ठंड़ ने लोगों की परेशानी भी बढ़ा दी है। ठंड़ से बचाव के लिए



जरूरतमंद लोग रैन बसेरा में रात गुजार रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग हिस्सों में कोहरे की चादर छाई हुई। कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो गई। वाहन चलाते समय लोगों को खासा दिक्कत हो रही है।
ठंड के सितम के बीच अब मौसम विभाग की ओर से ताजा अपडेट सामने आया है। मौसम विभाग के अनुसार 18 दिसंबर को हिमालयी क्षेत्र को एक नया पश्चिमी विक्षोभ प्रभावित कर सकता है जिसके कारण अगले कुछ दिनों बाद यूपी में कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। वहीं, ढ्ढरूष्ठ के पूवार्नुमान के अनुसार बुधवार को यूपी के कुछ हिस्सों में सुबह या देर रात के समय मध्यम और छिछला कोहरा दिखाई दे सकता है। हालांकि मौसम विभाग की ओर से फिलहाल घने कोहरे या शीतलहर को लेकर कोई अलर्ट नहीं जारी किया गया है। राजस्थान में तापमान में काफी गिरावट आई है। 16 शहरों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। सीकर और झुंझुनू में अधिकतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले तीन दिनों में ठंड और बढ़ेगी।

## अटल शताब्दी समारोह मनाएगी योगी सरकार, 19 से 25 दिसंबर तक चलेगा समारोह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी समारोह मनाएगी। इस उपलक्ष्य में 19 से 25 दिसंबर तक धूमधाम से अनेक आयोजन किए जाएंगे। संस्कृति विभाग व उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले शताब्दी समारोह का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह, संगीत नाटक अकादमी में करेंगे। समारोह में प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, काव्य पाठ समेत अनेक आयोजन भी होंगे। इन आयोजनों के विजेताओं को 25 दिसंबर को सम्मानित भी किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को (19 दिसंबर) संगीत नाटक अकादमी में करेंगे शुभारंभ**

**अटल जी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर लगेगी प्रदर्शनी, होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम**

शताब्दी समारोह में उप्र. राजकीय अभिलेखाकार व राज्य ललित कला एकेडमी की तरफ से प्रदर्शनी लगाए जाएंगे। ललित कला एकेडमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि प्रदर्शनी में अटल जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं (आदर्श कवि, आलोचक, कुशल प्रशासक, आदर्श राजनेता, दृढ़ प्रधानमंत्री) को दशार्या जाएगा। इसका उद्देश्य वर्तमान व भावी पीढ़ी को अटल जी के व्यक्तित्व से प्रेरित करना है। इसमें प्रदेश के कई जनपदों के कलाकारों द्वारा लगभग 30-35 से अधिक पेंटिंग लगाई जाएगी।

## पीएमएवाई-जी योजना के तहत बने 2.68 करोड़ घरों में से 73 प्रतिशत महिलाओं के नाम : केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत इस साल 13 दिसंबर तक 2.68 करोड़ घर बनकर तैयार हो चुके हैं, जिनमें से 72.66 लाख घर पूरी तरह महिलाओं के नाम पर हैं और 1.22 करोड़ घर पत्नी और पति के नाम पर हैं। लोकसभा में दी गई जानकारी के अनुसार, पीएमएवाई-जी के तहत महिलाओं के स्वामित्व वाले घरों की कुल संख्या 1.95 करोड़ हो गई है, जो कि पूरे हो चुके घरों का 73 प्रतिशत है।
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने निचले सदन में एक लिखित जवाब में कहा कि पीएमएवाई-जी दिशा-निर्देश महिलाओं के नाम पर या उनके पति के साथ मिलकर घर को मंजूरी देने का प्रावधान करते हैं। महिलाओं के सशक्तीकरण को सुनिश्चित करने के लिए, एक परामर्श जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि पीएमएवाई-जी के तहत सभी घरों में स्वामित्व के लिए स्वीकृत की गई डिटेल्स (अकेले या संयुक्त स्वामित्व में) में परिवार की महिला सदस्यों के नाम शामिल होने चाहिए।




इसी के साथ महिला सदस्य को स्वीकृति पत्रों में सेकंडरी ओनर के रूप में जोड़ा जा सकता है, जहां प्रारंभिक स्वीकृति पहले से ही पुरुष सदस्य के नाम पर दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सभी के लिए आवास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, ग्रामीण विकास मंत्रालय 1 अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) लागू की है। इस योजना का उद्देश्य पात्र ग्रामीण परिवारों को सहायता प्रदान करना है, जिसका लक्ष्य मार्च 2029 तक बुनियादी सुविधाओं के साथ 4.95 करोड़ पक्के घरों का निर्माण करना है। केंद्रीय मंत्री द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कुल 3.33 करोड़ घरों का आवंटन किया गया है, जिनमें से 3.22 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है और 2.68 करोड़ से अधिक घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। इसके अलावा, पीएमएवाई-जी की महिला लाभार्थी आजीविका और रोजगार के अवसरों के लिए स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि डीएवाई-एनआरएलएम योजना स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सहायता करती है। इन एसएचजी के सदस्य अपने व्यवसायों को बढ़ावा देने सहित विभिन्न उद्देश्यों के लिए ऐसे ऋणों का उपयोग करते हैं। इस मिशन की शुरूआत से लेकर अब तक महिलाओं के नेतृत्व वाले एसएचजी को कुल 9.74 लाख करोड़ रुपये के बैंक ऋण वितरित किए जा चुके हैं।
इसके अलावा, डीएवाई-एनआरएलएम ने देश भर में 10.05 करोड़ ग्रामीण परिवारों को 90.87 लाख एसएचजी में संगठित किया है।

### वन नेशन, वन इलेक्शन | 269 वोटों से पारित इस बिल के खिलाफ 198 सांसदों ने मतदान किया, जो विपक्ष की सशक्तता का संकेत है

## संसद में वोटिंग के दौरान तीन केंद्रीय मंत्री समेत बीजेपी के 20 सांसद रहे गैर हाजिर, नोटिस जारी कर मांगा जाएगा जवाब

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बीजेपी के 20 सांसदों की लोकसभा में वन नेशन, वन इलेक्शन बिल पर वोटिंग के दौरान अनुपस्थिति ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पार्टी द्वारा जारी व्हिप का उल्लंघन इन सांसदों के अनुशासन पर सवाल उठाता है। इस मुद्दे के कई पहलुओं का विश्लेषण जरूरी है।
व्हिप की अनदेखी और पार्टी अनुशासन : बीजेपी ने इस बिल के लिए तीन-लाइन का व्हिप जारी किया था, जो सांसदों को सदन में मौजूद रहने के लिए बाध्य करता है। इसके बावजूद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, गिरिराज सिंह और ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित 20 सांसदों की गैरमौजूदगी पार्टी की आंतरिक अनुशासनहीनता को उजागर करती है।
क्या यह लापरवाही है, या इन सांसदों की व्यस्तता का परिणाम? : यदि सांसदों ने अनुपस्थिति के कारण पहले से बताए थे, तो क्या पार्टी इस पर विचार कर रही है?
राजनीतिक संकेत और नेतृत्व की प्रतिक्रिया : लोकसभा में महत्वपूर्ण बिल पर वोटिंग के दौरान सांसदों की अनुपस्थिति पार्टी नेतृत्व की मजबूती और सदस्यों के प्रति नियंत्रण को



दशार्ती है। बीजेपी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करना पार्टी की अनुशासन बहाली का संकेत है। इसका असर आगामी संसदीय रणनीतियों और पार्टी की छवि पर पड़ेगा।
विपक्ष का विरोध और राजनीतिक रणनीति : वन नेशन, वन इलेक्शन बिल पर विपक्ष ने लोकतांत्रिक सिद्धांतों के खिलाफ होने का आरोप लगाया।
269 वोटों से पारित इस बिल के खिलाफ 198 सांसदों ने मतदान किया, जो विपक्ष की सशक्तता का संकेत है। विपक्ष के हंगामे के बावजूद बीजेपी बहुमत से इस बिल को पारित करवाने में सफल रही।
मीडिया और जनधारणा का प्रभाव : मीडिया और जनता की नजर में सांसदों की अनुपस्थिति को अलग-अलग दृष्टिकोण से देखा जा सकता है। क्या यह एक सामान्य प्रशासनिक चूक है, या इसके पीछे कुछ राजनीतिक संदेश छुपे हैं? इससे पार्टी और जनता के बीच संवाद पर क्या प्रभाव पड़ेगा?
ह्यवन नेशन, वन इलेक्शनह्न बिल का महत्व : यह बिल देश में चुनावी खर्च और समय बचाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, लेकिन इसे लागू करने में कई संवैधानिक और प्रासंगिक चुनौतियां हैं। बिल पर हुई वोटिंग में समर्थन और विरोध के आंकड़े संसद में दलों की राय को विभाजित दिखाते हैं। इस विषय पर देशव्यापी चर्चा और सहमति बनाने की आवश्यकता है।
बीजेपी सांसदों की अनुपस्थिति को पार्टी नेतृत्व के लिए एक चेतावनी के रूप में देखा जा सकता है। यह घटना सांसदों की जिम्मेदारियों और पार्टी की आंतरिक संरचना पर पुनर्विचार की जरूरत को उजागर करती है। वहीं, ह्यवन नेशन, वन इलेक्शनह्न बिल का विरोध और समर्थन भारतीय लोकतंत्र के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करता है। आगे की राजनीति और निर्णय प्रक्रिया में अनुशासन और संवाद दोनों ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# मॉडल बना कर छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू।** राजकीय इंटर कालेज में बुधवार को केरियर मेले का आयोजन हुआ। मेले में कई छात्राओं ने उत्कृष्ट मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। मेले का शुभारंभ थाना प्रभारी रामफल सिंह ने फीता काट कर किया। विशिष्ट अतिथि सीएचसी पहासू के डॉक्टर नवीन शर्मा रहे। केरियर मेले में प्रधानाचार्या पूनम देवी ने छात्राओं को केरियर बनाने के टिप्स दिए तथा उनके द्वारा बनाये मॉडलों की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि ने चयनित छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर ज्योति वर्मा, जयललियता, पूजा, कुमारी स्वाति, कु0 सुहानी,कु0 लवी आदि मौजूद रहीं।



# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने बुलंदशहर नगर में रिंग रोड की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित कर सदर एसडीएम को ज्ञापन सौपा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित कर बुलंदशहर सदर एसडीएम प्रतीक्षा पांडे को ज्ञापन सौंपा और जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से अपील की कि बुलंदशहर नगर जाम से जूझ रहा है क्योंकि बुलंदशहर नगर में काफी संख्या में आबादी के साथ-साथ दो पहिया और चार पहिया वाहन भी काफी मात्रा में बढ़ चुके हैं सड़के कम चौड़ी हैं पुराना शहर होने के कारण सड़कों का चौड़ीकरण आसानी से होना संभव नहीं है क्योंकि पुराने बाजार हैं जिनसे व्यापारियों का व्यापार जुड़ा हुआ है व्यापारियों व जनता को शहर से हाइवे तक पहुंचने में जगह-जगह जाम होने के कारण लगभग 45 मिनट लग जाते हैं नई सड़कों का निर्माण न होने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बहुत भयानक बनी रहती है शहर के बाजारों में से एंबुलेंस एवं स्कूल के वाहनों का निकालना भी बहुत मुश्किल हो रहा है शहर की स्थिति को देखते हुए शहर में रिंग रोड की अति आवश्यकता है हमें आशा है की रिंग रोड बनने से शहर में जाम की स्थिति में काफी सुधार आएगा ज्ञापन देने में युगल गोस्वामी, रमन शर्मा, मुकेश लोर, माजिद गाजी, रईस अब्बासी, चौधरी सुंदर, सिंह अमित चौधरी, आकाश अग्रवाल, अंश अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, सतवीर सिंह, साजिद गाजी, गुफरान गाजी, राजकुमार सैनी, प्रवेश शर्मा, सिंटू कुमार,भूपेंद्र चौधरी, डा.जिशान, अरुण गिरी आदि मौजूद रहे।




# अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण तोगड़िया का नगर आगमन पर किया गया भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** नगर आगमन पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण तोगड़िया का बजरंग दल के प्रांतीय महामंत्री नीरज सैनी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया ! समस्त कार्यकर्ताओ द्वारा उन्हें फूल माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर अपने विचार प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को संगठित होना होगा कुंभ प्रयाग में इस बार हम श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 15 जगह पर भंडारा कर करोड़ों हिंदुओं को खाना खिलाएंगे एवं निशुल्क कंबल वितरण करेंगे हिंदू हेल्पलाइन डॉट इन पर फॉर्म भरे और कुंभ में निशुल्क सुविधा संगठन की ओर से मिलेगी ।

उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण पर भी अपने विचार प्रकट किए उन्होंने कहा कि सरकार को जनसंख्या नियंत्रण कानून लाना चाहिए और प्रत्येक हिंदू को कम से कम तीन-बच्चे पैदा करने चाहिए ।



# ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग करने का लगाया आरोप,एसडीएम से की शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** अहमदगढ़ कस्बा में भूमाफियाओं के हौसले बुलंद ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग काटने का लगा है आरोप ग्रामीण प्रेमपाल सोनू चौधरी सतीश कुमार ने एसडीएम को दिया शिकायती प्रार्थना पत्र इन्होंने बताया है कि ग्राम सभा के गाटा संख्या 1251/1252 पर अवैध कब्जा कर ग्राम समाज की भूमि पर प्लाटिंग कराई जा रही है जिसमें अवैध कब्जा करने वालों में अहमदगढ़ की कुछ नामचीन लोग भी शामिल हैं ग्राम प्रधान पर भी साठ गांठ कर ग्राम समाज की बंजर भूमि पर अवैध कब्जा कराने का आरोप लगाया गया है। इस भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ शिकायत करने पर दबंगों ने दी जान से मारने की धमकी व गंदी गंदी गालियां।

**अवैध कब्जा करने का अहमदगढ़ के नामचीन लोगों पर लगाया गया है अवैध कब्जा कर प्लाटिंग करने का आरोप, जांच शुरू**



इस संबंध में एसडीएम शिकारपुर दीपक कुमार पाल से वार्ता की गई है तो उन्होंने बताया है कि प्रार्थना पत्र के आधार पर उक्त भूमि की जांच कराई जा रही है यदि अवैध कब्जा पाया जाता है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अजय राय के निर्देश पर समस्त कांग्रेस जन आज को विधानसभा का घेराव करने जाते हुए गिरफ्तारी दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** लखनऊ व बुलंदशहर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर में समस्त बुलंदशहर के कांग्रेस जनों को आवाहन किया है, कि हमें 18 दिसंबर को बड़ी से बड़ी संख्या में लखनऊ उत्तर प्रदेश के यशस्वी क्रांतिकारी जुझारू प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश शासन माननीय श्री अजय राय जी के निर्देश पर विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महामंत्री, उत्तर प्रदेश के प्रभारी लोकप्रिय जनप्रिय बहुत ही व्यवहार कुशल माननीय अविनाश पांडे जी की अगुवाई में विशाल प्रदर्शन किया सैयद मुनीर अकबर ने सब साथियों से निवेदन किया है, कि जनपद बुलंदशहर के ही नहीं उत्तर प्रदेश के कोने कोने के तमाम कांग्रेस जन लखनऊ पर पहुंच सैयद मुनीर अकबर ने आगे कहा है, जिस कांग्रेस के नेताओं, स्वतंत्रता सेनानी ने हंसते-हंसते सीनों पर गोलियां नहीं खाई होती, फांसी के तख्ते पर नहीं झूले होते तो कभी भी भारत आजाद नहीं होता भारत की आजादी के 75 साल बाद इस जालिम हुकूमत ने किस तरीके से उत्तर प्रदेश में नहीं देश में मां बहन बेटियां जिन हाथों पर राखी बांधती है उन्हें कटवाने का काम जाति और धर्म की आड़ लेकर लोगों को घर से बेघर किया जा रहा है।

**गोरों से नहीं डरी तो इन चोरों से क्यों डरेंगे : सैयद मुनीर अकबर**





उन्होंने बताया कि आज उत्तर प्रदेश में जंगल राज कायम है, उत्तर प्रदेश में कब और कहां किसकी हत्या हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता, महंगाई इतनी बड़ गई है, कि लोग त्राहित्राहि कर रहे हैं,भूखों मरने कि नौबत आ गई है, हमारे क्रांतिकारी, जुझारू, संघर्ष शील प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी के निर्देश के पर आज 18 तारीख को विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया

बुलंदशहर से गिरफ्तारी देने वालों में उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर, बुलंदशहर से लोकसभा प्रत्याशी रहे शिवराम बाल्मीकि, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, जिला महामंत्री व पी सी सी सदस्य साजिद चौधरी, कमरुज्जमा खान, चौधरी नरेंद्र, सुभाष चन्द्र, जियाउर्रहमान पूर्व प्रत्याशी शिकारपुर, इजरायल गहलोत, विशाल भारद्वाज, विनोद कुमार शर्मा, मनीष तिवारी,भुपेंद्र जाटव, आनंद वर्मा,भोपाल यादव,चमन लाल आदि मौजूद थे।

# छतारी पुलिस द्वारा एक नफर वारंटी पोक्सो एक्ट में वांछित एक नफर अभियुक्त को 24 घंटे किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** छतारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा जनपद में अपराध नियंत्र वारन्टियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रोहित मिश्र, के कुशल निर्देशन, क्षेत्राधिकारी डिबाई शोभित कुमार, के निकट पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष संदीप कुमार, के नेतृत्व में छतारी पुलिस द्वारा मु0अ0स0/0466 धारा 75(2) 351(2)352 बीएनएस व 7/8 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त प्रशान्त पुत्र सतीश नि. गांव नगलीया थाना छतारी जिला बुलन्दशहर को 24 घंटे में गांव सिध्दगढी को जाने वाले रास्ते पर पकड़ कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा गया गिरफ्तार करने वाली टीम सन्दीप कुमार थानाध्यक्ष थाना छतारी, उपनिरीक्षक हरपाल सिंह थाना छतारी उपनिरीक्षक यशपाल सिंह थाना छतारी जनपत बुलंदशहर।



# कोहरे व ठंड ने लोगों का जीना किया मुहाल, लोगों ने लिया अलाव का सहारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** ठंड का मौसम धीरे-धीरे अपने चरम पर आ रहा है। वही कोहरा भी लोगों के लिए मुसीबतें खड़ी कर रहा है । बुधवार की सुबह घने कोहरे व ठंड ने लोगों को जीना मुहाल कर दिया । और रेखा आलम यह था कि हाईवे पर कुछ भी साफ नजर न आने के कारण वाहनों चलने की वजह रेगने पर मजबूर हो गए। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार कप कपा देने वाली ठंड और कोहरे से अभी निजात नहीं मिलने वाली है। साथ ही तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। जानकारी के अनुसार ठंड का असर अब धीरे-धीरे अपने चरम पर आने लगा है। सर्दी के कारण लोगों का बुरा हाल हो रहा है। वही कोहरा भी लोगों के लिए मुसीबतों का सबब बना हुआ है। कोहरे के कारण जहां आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है वहीं वाहन चालकों को भी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है बुधवार सुबह के समय छाए घने कोहरे के कारण कुछ दूरी का भी साफ नजर न आने के कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वही सुबह के समय और एक एबीसी छात्र छात्राओं को ठिठुरते वे स्कूल जाना पड़ा। बढ़ती ठंड को देखते हुए अभिभावकों ने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताते हुए स्कूल का टाइम बढवाए जाने की भी मांग की है। अचानक से बड़ी ठंड के कारण अधिकांश लोगों घरों में चूल्हे पर विवश हो गए दोपहर के समय भी बाजारों में ग्राहकों की चहलकदमी कम रही। ठंड से बचाव के लिए लोग गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं नगर में कई जगह अलाव जलाए जा रहे हैं।

**धीरे-धीरे चरम पर पहुंच रही है ठंड जनजीवन हो रहा अस्त-व्यस्त**





**गर्म कपड़ों पर रूम हीटर ओं की बिक्री में इजाफा**

ठंड बढ़ने के साथ ही गर्म कपड़ों की बिक्री में भी इजाफा हुआ है वहीं रूम हिट्रो की बिक्री भी बढ़ी हैः। लोग गर्म कपड़ों के साथ-साथ रूम हीटर की भी खरीदारी करने में जुटे हुए हैं।

# तेज ध्वनि में डीजे बजाने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही: कोतवाली प्रभारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** शादी विवाह में तेज आवाज में डीजे बजा कर ध्वनि प्रदूषण करने वालों और लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ पुलिस प्रशासन करेगा अब सख्त कार्रवाई। ऐसे डीजे संचालक अब पुलिस प्रशासन की रडार पर हैं। कुछ डीजे संचालकों को नोटिस दिए जाने के बाद उनमें हड़कंप मचा हुआ है।



कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक ने ऐसी डीजे संचालकों को चेतावनी देते हुए नोटिस जारी किए हैं कि नियमों का पालन करें। धीमी आवाज में डीजे बजाए अगर इसके उपरांत भी तेज आवाज में डीजे बजाने की शिकायत मिलती है तो ऐसे संचालक पर सख्त एक्शन होगा। 45 से 55 तक की लिमिट में डीजे बजाए जिससे ध्वनि प्रदूषण और बीमार व पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को वालों को तकलीफ न हो।

# बाइक भिड़ंत में एक युवक की मौत,दो गंभीर घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू।** पहासू शिकारपुर मार्ग पर काली नदी के पुल के पास बाइक पर सवार होकर अपने गांव जा रहे तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में 25 वर्षीय युवक मोहन पुत्र नरसी निवासी तुलसी गढ़ी थाना डिबाई की मौत हो गई,जबकि बाइक पर सवार अन्य दो लोग गंभीर घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया जहां से उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया,जबकि मृत व्यक्ति का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। अरनिया क्षेत्र के गांव जरारा में मजदूरी कर बाइक से तीनों लोगअपने गांव तुलसी गढ़ी थाना डिबाई वापस जा रहे थे। देर शाम पहासू के काली नदी पुल के पास उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में मोहन की मौके पर ही मौत हो गई तथा नीरज पुत्र तारा सिंह तथा रूपेंद्र पुत्र दुर्गा प्रसाद गम्भीर घायल हो गए। थाना प्रभारी रामफल सिंह ने बताया कि मोहन के शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है,जबकि दोनों घायलों को हायर सेंटर भेजने की व्यस्था की है।



# अधिक ऋण देने के मामले में बैंक मैनेजर प्रितपाल सिंह सचिव अरविंद कुमार बनवारी लाल शर्मा सभापति बिजेंद्र सिंह दोषी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जिला सहकारी बैंक एवं समिति चौढेरा छतारी क्षेत्र में संचालित शाखा एवं समिति चौढेरा में पिछले दिनों किसानों को कम जमीन पर नियम से अधिक ऋण देने के मामले में की गई जांच में बैंक मैनेजर एवं सचिव अरविंद कुमार सचिव बनवारी लाल शर्मा सभापति बिजेंद्र सिंह दोषी पाए गये एआर कोऑपरेटिव की ओर से दो सचिवों को चार सीट जारी कर दी गई है वहीं समिति के सभापति को धारा 38 का नोटिस जारी किया गया है अकाउंटेंट को पूर्व में निलंबित किया जा चुका है सहकारी बैंक की शाखा में पिछले दिनों क्षेत्र के करीब 71 ऐसे किसानों को ऋण वितरण किया गया था जिनके पास जमीन कम थी और उन्हें नियम से अधिक ज्यादा ऋण दिया वही यह भी आरोप लगाया गया था की कई किसान ऐसे हैं जिनके पास जमीन नहीं है और उन्हें भी ऋण दे दिया गया इस तरह से लगभग करीब 40 लाख से अधिक का ऋण वितरण किया गया था इस मामले की शिकायत डा0 श्यौदान सिंह संचालक बी पेक्स चौढेरा ने दिनांक 13/5/2024 में की जिसमें जिला सहायक आयुक्त सहायक निबंधक सहकारिता बुलंदशहर द्वारा जांच कमेटी गठित की गई जांच कमेटी द्वारा 28/5/ 2024 जांच आख्या के आधार पर शाखा प्रबंधक पीतपाल सिंह सचिव बनवारी लाल शर्मा सभापति बिजेंद्र सिंह आंकिक श्याम सुंदर शर्मा को दोषी ठहराया गया था लेकिन श्याम सुंदर शर्मा को पहले ही निलंबित कर दिया गया था दूसरी जांच कमेटी में अपर जिला सहकारी अधिकारी जालंधर प्रसाद एवं सर्वेश मिश्रा साहयक विकास अधिकारी सहकारिता एवं शाखा प्रबंधक द्वारा जांच आख्या दिनांक 21/9/24 को की गई तों शाखा प्रबंधक प्रीतपाल सिंह एवं सचिव बनवारी लाल शर्मा एवं सचिव अरविंद कुमार सभापति विजेंद्र सिंह अन्य बैंक कर्मचारी एवं समिति को दोषी ठहराया गया था संचालक सदस्य कहते हैं कि जांच रिपोर्ट के आधार पर सभी को निलंबित किया जाता लेकिन विभाग द्वारा ऐसा कुछ नहीं हुआ है सहकारिता विभाग द्वारा इतनी जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है सूत्र बताते हैं कि दोषी सचिवों को फिर जिला सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता बुलंदशहर द्वारा अरविन्द सिंह और बनवारी लाल शर्मा को अतिरिक्त चार्ज देना सोच रहे हैं जबकि सचिव अरविंद कुमार बिपेक्स चौढेरा को पहले भी खाद गबन के मामले में निलंबित किया गया था लेकिन पता नहीं विभाग ऐसे सचिवों की दोबारा तैनात करने में लगा हुआ है संचालक सदस्य बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आदेश है कि ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों को तत्काल निलंबित किया जाए जांच कमेटी के आधार पर निलंबित किया जाता लेकिन जिला सहायक आयुक्त सहायक निबंधक सहकारिता बुलंदशहर एवं जिला सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी बुलंदशहर सचिव बनवारी लाल शर्मा एवं अरविंद कुमार सभापति बिजेंद्र सिंह शाखा प्रबंधक दोषी कर्मचारी को बचाने में लगे पड़े हैं कुछ सूत्र बताते हैं कि कुछ नेताओं का दबाव है कि दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न हो लेकिन जांच आख्याऔ की धज्जियां उड़ाई जा रही है दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं अब देखने वाली बात यह है कि सहकारिता विभाग इनके खिलाफ कार्रवाई करता है या नहीं या लीपा पोती कर दी जाएगी।

**आरोप** पुलिस को चकमा देकर विधानसभा घेराव करने पहुंचे कांग्रेसी, योगी सरकार पर तानाशाही का आरोप

# धार्मिक उन्माद फैला रही योगी सरकार, प्रदेश में गुंडाराज : जियाउर्रहमान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** बेरोजगारी, महंगाई, लचर कानून व्यस्था और आमजन के मुद्दों को लेकर कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय विधानसभा घेराव में बुलंदशहर से पूर्व विधायक प्रत्याशी जियाउर्रहमान एड के नेतृत्व में बस और गाड़ियों से सैकड़ों लोग पुलिस को चकमा देकर लखनऊ पहुंचे और घेराव में हिस्सा लिया। बुलंदशहर पुलिस जियाउर्रहमान और उनके साथियों को ढूंढती रही लेकिन चकमा देकर कांग्रेसी बुधवार तड़के ही लखनऊ कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गए ।

पूर्व विधायक प्रत्याशी जियाउर्रहमान एडवोकेट ने कहा कि भाजपा और योगी सरकार धार्मिक उन्माद फैला रही है और लोगों का ध्यान मुद्दों से हटाकर यूपी के लोगों को ठग रही है । उन्होंने कहा कि योगी सरकार संविधान के खिलाफ काम कर रही है और अल्पसंख्यकों के साथ खुला धार्मिक भेदभाव कर रही है । जियाउर्रहमान ने कहा कि लखनऊ विधानसभा घेराव में कांग्रेसियों को जाने से रोकना लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला है । उन्होंने कहा कि यूपी में भयंकर बेरोजगारी है, युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। भाजपा ने वायदे के मुताबिक किसानों का न कर्ज माफ किया है और न बिजली का बिल। महिलाओं पर अपराध बड़े हैं और गरीबों, मजदूरों की स्थिति बदतर हो रही है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार लोगों को हिंदू मुस्लिम में लगाकर अपनी जवाबदेही से भाग रही है । बुलंदशहर से लखनऊ विधानसभा घेराव में जाने वालों में पूर्व विधायक प्रत्याशी जियाउर्रहमान एड, युवा जिलाध्यक्ष इसराइल गहलोत, विपुल कौशिक, शेर खान सदुआ, मुनीर अकबर, सुभाष गांधी, साजिद चौधरी, देवरंजन नागर, नवाब खान, कुंवर मुनाजिम, इरफान खान, सुरेंद्र पंडित, तुषार पंडित, फरियाद ठाकुर, सलमान ठाकुर, रशीद ठाकुर, कुलदीप पंडित, अंकित सिंह, मनोज पंडित सहित सैंकड़ों लोग लखनऊ विधानसभा घेराव में उपस्थित रहे ।



# जिले में कोहरे का सितम, हाइवे पर टकराई एक दर्जन गाडियां, कई लोग घायल

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर में कोहरे ने कहर बरपा रखा है। बुलंदशहर के एनएच-91 पर कोहरे की वजह से एक के बाद एक कई गाडियां आपस में टकरा गईं। इस हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा कि हाईवे पर काफी कोहरे का कारण विजिबिलिटी काफी कम थी इस कारण कई गाडियां हादसे का शिकार हो गई हैं। गाडियों में रोडवेज बस, कार, ट्रक शामिल हैं।

**सिलेंडर लदा ट्रक भी टकराया**

यह हादसा बुलंदशहर के खुर्जा देहात क्षेत्र के मधुसूदन डेयरी के पास पर हुआ है। यहां घने कोहरे की वजह से कई गाडियां आपस में टकरा गईं। इस हादसे में दो दर्जन से अधिक यात्री घायल बताए जा रहे हैं।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, रोहतक रोड़, शकूरबस्ती, दिल्ली-56, भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये निर्धारित प्रोफार्मा पर एक पैकेट प्रणाली में ई–खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| |
|---|
| **कार्य का नाम** : उप मुख्य अभियंता/निर्माण/शकूरबस्ती के अधीन नई दिल्ली–पलवल सेक्शन पर किमी 1504/12-14 पर रेलवे लेवल क्रॉसिंग संख्या 576 पर रोड अंडर ब्रिज (बॉक्स 8x6 मीटर) का निर्माण। |
| **अनुमानित लागत** : रु. 802.60 लाख |
| **धरोहर राशि** : रु. 5,51,300/- |
| **कार्य पूरा करने की अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी होने के 12 माह के अन्दर। |
| **रेलवे की वैबसाईट पर निविदा की बिक्री एवं उपलब्धता** : निविदा दस्तावेज दिनांक 27.12.2024 से 10.01.2025 तक समय 11.30 तक उपलब्ध रहेगें। |
| **निविदा अपलोड करने की दिनांक/समय** : निविदाकर्ता दिनांक 27.12.2024 से 10.01.2025 समय 11.30 वैबसाईट से अपलोड कर सकते हैं। |
| **निविदा के खुलने की तिथि एवं समय** : निविदा अपलोड करने के तुरन्त पश्चात दिनांक 10.01.2025 को 11.30 तक |

सं.: 403-एकाउन्टस/निर्माण/शकूरबस्ती दिनांक: 16.12.2024 3874/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्ले स्कूल के मालिक ने लगाया टीचरों के वॉशरूम में हिडन कैमरा,किया गिरफ्तार



**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी एक प्ले स्कूल का मालिक है और उसने अपने प्ले स्कूल में टीचरों के बाथरूम में एक हिडन कैमरा लगा रखा था। जिसकी शिकायत होने के बाद पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी। तब से यह फरार चल रहा था। फिलहाल पुलिस ने इसे अब गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना फेस 3 पर आईटी एक्ट में दर्ज एक मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी नवनिश सहाय, निवासी कंचनजंगा टावर कौशांबी गाजियाबाद का रहने वाला है। जिसको नोएडा के सेक्टर 70 से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि उसने एक किराये की बिल्डिंग में एक प्ले स्कूल खोल रखा है। यह स्कूल इसने माह अप्रैल 2024 से प्रारंभ किया था। उसने एक कैमरा ऑनलाइन मंगवाया था। यह एक हिडन कैमरा था। जिसमें किसी प्रकार की रिकॉर्डिंग नही होती थी लेकिन ये उसकी लाइव फीड देख सकता था। उस कैमरे को इसने बल्ब के होल्डर में लगवाकर दीवार पर लगा दिया था। इसलिए उसकी जानकारी गार्ड व अन्य किसी को नहीं थी। यह कैमरा टीचर्स के इस्तेमाल होने वाले वॉशरूम में लगा था। दरअसल एक टीचर को इस मामले में शक हुआ और उन्होंने इसकी जांच पड़ताल की। उसके बाद उसने पुलिस को एक शिकायत दर्ज कराई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच शुरू की तो उन्हें बाथरूम से वह हिडन कैमरा मिल गया। पुलिस के आने के बाद से ही यह आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने इस आरोपी को पकडने के लिए टीम का गठन किया था। उन्होंने इसे इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और मैनुअल इनपुट की सहायता से गिरफ्तार किया है।

# जौनपुर स्थित मां शीतला चौकिया धाम एवं लखनऊ के बाराही देवी मंदिर के पर्यटन विकास हेतु लगभग 7.13 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** पर्यटन विभाग ने जौनपुर स्थित मां शीतला चौकिया धाम और लखनऊ के रहीमाबाद मालरोड स्थित सिद्धपीठ बाराही देवी मंदिर का पर्यटन विकास के लिए लगभग 7.13 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है, जिसमें से लगभग 3.5 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की जा चुकी है। यह दोनों धार्मिक स्थल पर्यटन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। विभिन्न अवसरों पर यहां मेले लगते हैं। इसके अलावा सालभर इन दोनों स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। पर्यटन विभाग धार्मिक स्थलों पर बुनियादी सुविधायें सुलभ कराने के लिए इन दोनों स्थलों के सौन्दर्यीकरण कराने का निर्णय लिया है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि जौनपुर स्थित मां शीतला चौकियां धाम प्रसिद्ध सिद्धपीठ है। यह पावन स्थल सनातन आस्था का केंद्र है, जहां दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। नवरात्रि में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगती हैं। बच्चों के मुंडन-संस्कार के लिए भी बड़ी संख्या में भक्त आते हैं। आगंतुकों के आगमन को देखते हुए पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि चौकिया धाम के विकास के लिए लगभग 6.45 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें तीन करोड़ की धनराशि जारी हो चुकी है। इस राशि में टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स हॉल और पर्यटन केंद्र का विकास किया जाएगा। इसके अलावा लैंडस्केप, हॉर्टिकल्चर, प्रवेश द्वार आदि का विकास किया जाएगा। इसके अलावा, बेंचेज, साइनेज, पेयजल सहित अन्य पर्यटक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसी तरह आस्था के केंद्र बाराही देवी मंदिर का भी पर्यटन विकास कराया जाएगा। इसके लिए लगभग 68.24 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं, जिसमें 40 लाख रुपए जारी किए जा चुके हैं। कुल धनराशि से चेंजिंग रूम, शौचालय ब्लॉक, पेयजल सुविधा, इंटरलॉकिंग टाइल्स, चबूतरा सहित कई अन्य कार्य कराए जाएंगे।

# क्वार्टर फाइनल में जनहित को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची एच.एल.एम. कॉलेज की टीम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** एचएलएम कॉलेज के क्रिकेट ग्राउंड पर चल रही चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की अंतर महाविद्यालय क्रिकेट (पुरुष) प्रतियोगिता का आज पहला क्वार्टर फाइनल जोकि एच.एल.एम. कॉलेज गाजियाबाद और जनहित इंस्टीट्यूट गाजियाबाद के बीच खेला गया। जिसमें एच.एल.एम. कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 202 रन का स्कोर बनाया जिसमें हर्ष भाटी 49 अंश चौधरी 48 व रोहण जेटली ने 33 रनों का योगदान दिया वही एच.एल.एम. कॉलेज के गेंदबाज विशेष ने 5 विकेट व अंश चौधरी ने 2 विकेट लेकर जनहित




कॉलेज को क्वार्टर फाइनल में हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश । दूसरा क्वार्टर फाइनल मेरठ कॉलेज मेरठ व हाईरैंक बिजनेस स्कूल नोएडा के बीच खेला गया जिसमें मेरठ कॉलेज मेरठ ने 7 विकेट से जीता मैच।

# ठंड बढ़ते ही चोरियों की वारदात बढ़ी, पीड़ितों ने दी तहरीर, पुलिस जांच में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** क्षेत्र में ठंड का कहर जारी है ऐसे में चोरी की वारदाते बढ़ गई है। नगर में पिछले दिनों कोच वाली क्षेत्र में रात को एक मकान का ताला तोड़कर चोर यहां से हजारों रुपए का माल बटोर ले गए किंतु चोर पकड़ से दूर हैं। नगर में बीती रात्रि मोहल्ला शिवलोक कॉलोनी चौक टू में चोरों द्वारा दो मकान के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। सबसे बड़ी बात यह रही कि दोनों मकान मालिक घटना के समय घर पर नहीं थे । पीड़ितो ने पुलिस को 112 पर फोन कर घटना की सूचना दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला शिवलोक कॉलोनी चौक टू मैं बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने एक ही रात में दो.मकान के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया । प्रथम पीड़ित सुधीर कुमार पुत्र कृष्ण पाल ने बताया कि मैं अपने ही पुराने घर पर सो रहा था व मेरा भाई मेरी भाभी का ऑपरेशन कराने के लिए दिल्ली गए हुए थे। दोनों मकानों पर कोई नहीं था बाहर से ताला लगा हुआ था। रात को अज्ञात चोरों ने मेरे व मेरे भाई के घर पर चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। जिसमें मेरे व भाई के घर से सोने के जेवरात सहित लाखों की नगदी लेकर फरार हो गए। वहीं दूसरी ओर रविंद्र पुत्र वीरेंद्र सिंह का मकान भी इसी गली में स्थित है वह अपनी ससुरालअपने परिवार के साथ गए हुए थे। उन्हें तो सुबह इस बात की जानकारी पड़ोसियों ने फोन पर दी ।जब उन्होंने घर पर आकर देखा तो उनके घर से सोने की अंगूठी कानों के कुंडल मंगलसूत्र व घर पर रखी 20,000 रूपए की नगदी सहित लाखों का सामान चुरा कर ले गए। पीड़ितो ने घटना की तैयारी पुलिस को दी है।





# ट्रक चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप मे रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** यमुना एक्सप्रेस व के जेवर इंटरचेंज पर एक ट्रक चालक द्वारा एक कार को ओवरटेकर उसके सामने आकर अचानक ब्रेक लगाने से कार उसमे जा घुसी। हादसे मे कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित के भाई ने अज्ञात ट्रक चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप मे रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। रबूपुरा के गांव चकवीरमपुर के चमन सिंह ने पुलिस मे शिकायत देते हुए बताया कि उसका भाई कर्मवीर दिल्ली के महरौली मे रहता है और वह सोमवार को सेंट्रो कार से यमुना एक्सप्रेस व होता हुआ गांव आ रहा था, लेकिन वह रास्ता भटकने के कारण जेवर इंटरचेंज पहुँच गया, जहां से वह लौटकर आ रहा था, तभी एक अज्ञात ट्रक ने उसकी कार को ओवरटेक किया और कार के सामने आकर अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे उसके भाई की कार उस ट्रक मे जा घुसी। हादसे मे उसका भाई कर्मवीर गंभीर रूप से घायल हो गया और ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# उत्तर प्रदेश विधानसभा में नव सुसज्जित प्रेस रूम का सतीश महाना ने किया उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में स्थित नव सुसज्जित प्रेस रूम का आज विधानसभा अध्यक्ष सतीश महने उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे,

**बड़ी संख्या में पत्रकार रहे उपस्थित**

जिन्होंने विधानसभा अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत और आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर श्री सतीश महाना जी ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि विधानसभा को सुंदर और आधुनिक स्वरूप देने के बाद अब लोग विधायिका में रुचि लेकर यहां आने लगे हैं। हालांकि अभी भी बहुत से लोग विधायिका के महत्व को पूरी तरह नहीं समझते हैं। उन्होंने कहा कि विधायिका के प्रति वर्षों पुरानी धारणा को बदलने की जरूरत है, और यह जिम्मेदारी हम सभी की है कि लोगों को विधायिका की कार्यप्रणाली से अवगत कराएं।



उल्लेखनीय है कि प्रेस रूम को आधुनिक और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है।नए प्रेस रूम में इलेक्ट्रॉनिक चैनलों के लिए बाइट देने की सुविधा के साथ फर्नीचर और तकनीकी सुविधाओं को उन्नत किया गया है। इसमें फोर शीटर तीन सोफा, 6 सिंगल शीटर सोफा, दो राउंड टेबल, टीवी, अलमारी, लैंप लाइट, तीन कंप्यूटर और तीन रिवॉल्विंग चेयर की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सेंट्रलाइज्ड एयर कंडीशनर और झूमर से इसे सुसज्जित किया गया है।

प्रेस रूम में एक अतिरिक्त कक्ष भी तैयार किया गया है, जिसमें थ्री शीटर एक सोफा, दो सिंगल शीटर सोफा, आधुनिक महिला और पुरुष शौचालय, टीवी और 244 लीटर का डबल डोर रेफ्रिजरेटर शामिल है। इसके अलावा, पत्रकारों की सुविधा के लिए एक पेंट्री एरिया भी बनाया गया है।प्रेस रूम के मीटिंग हॉल को विशेष रूप से बेहतरीन और कार्यशील बनाया गया है।

# विधानसभा घेराव के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से विधानसभा घेराव करने जा रहे कांग्रेसजनों एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के बीच भीषण संघर्ष हुआ। विधानसभा की ओर कूच करते हुए कांग्रेसजनों की पुलिस प्रशासन से धक्का-मुक्की के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ता सहजनवा जनपद गोरखपुर निवासी प्रभात पाण्डेय की मौत हो गई। उक्त घटना से प्रदेशभर के कांग्रेसजन आहत है और योगी सरकार के प्रति भारी आक्रोश है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि हम गांधी जी की विचारधारा को मानने वाले लोग हैं। हम शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराने की मंशा से विधानसभा की ओर जा रहे थे। मगर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेसजनों की आवाज को दबाने की मंशा से एक दिन पूर्व ही प्रदेश भर के कांग्रेसी कार्यकताओं को हाउस अरेस्ट किया जा रहा था तथा लखनऊ न आने का दबाव बनाया जा रहा था। विदित हो कि श्री राय ने विधानसभा घेराव की पूर्व संध्या पर ही यह चेताया था कि कांग्रेसजनों को रोकने के लिए बड़ी-बड़ी भालेदार बैरीकेडिंग लगाना यह दशार्ता है कि योगी जी की पुलिस कांग्रेस कार्यकताओं को मारना चाहती है, नतीजन आज संघर्ष के दौरान पुलिस की बर्बरता से एक युवा कार्याकर्ता की मौत हो गई इसकी जिम्मेदारी प्रदेश की योगी सरकार और पुलिस की है।

श्री अजय राय ने कहा कि हम प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि मुख्यमंत्री जी मृतक प्रभात पाण्डेय के परिवार को 1 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करे।

# गाली देने से मना करने पर परिवार के साथ की मारपीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** नगर के मौहल्ला सल्लियान के एक व्यक्ति ने तीन लोगों पर पीड़ित के घर के सामने खडे होकर गाली देने से मना करने पर उसके व उसके मां बाप के साथ बुरी तरह मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



मौहल्ला सल्लियान के रहने वाले अरमान ने पुलिस मे शिकायत दी है की उसके घर के सामने एक परचून की दुकान हैं। मंगलवार की शाम दुकान के पास खड़े होकर आसिफ, समीर व सुफियान गाली गलौच कर रहे थे, जिसकी आवाज उनके घर मे आ रही थी, जब पीड़ित ने आरोपियों से ऐसा करने से मना किया, तो आरोपी हाथ मे लाठी, डंडे, सरिया व हथियार लेकर घर मे घुस आये और उसके साथ, उसकी मां सकीना व पिता हबीबुर्रहमान के साथ बुरी तरह मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# व्यापारी सम्मेलन में पुलिस, श्रम, खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने की शिरकत, जिला अध्यक्ष को व्यापारी रत्न से किया गया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर।** जिला पंचायत मार्केट में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मुरादनगर द्वारा जिला व्यापारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह संपन्न हुआ समारोह की अध्यक्षता प्रीतम लाल जिला अध्यक्ष गाजियाबाद मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा रहे। मुकुंद मिश्रा ने कहा कि व्यापारी किसी भी प्रकार की खाद्य पदार्थों में मिलावट न करें ऐसा करने पर व्यापार मंडल उनके साथ नहीं है लेकिन यदि मिलावट के नाम पर जिला खाद्य विभाग के निरीक्षकों द्वारा किसी भी प्रकार का व्यापारियों को उत्पीड़न किया गया तो वह बर्दाश्त नहीं होगा उन्होंने कहा सन 2012 से निरंतर प्रीतम लाल जिला अध्यक्ष इस विषय पर व्यापारियों के साथ है और संघर्ष भी कर रहे हैं जो बहुत ही गौरव का विषय है जिला खाद्यय अधिकारी अरविंद यादव ने भी बोलते हुए व्यापारियों से अपील की वह ऐसा सामान बेच जिसे उनके परिवार के बच्चे भी खा सकें उसके बाद अपने आप सब चीज ठीक हो जाती हैं हमने लाइसेंस के लिए हमेशा कैंप लगाए हैं आगे भी लगाते रहेंगे किसी भी प्रकार की कोई समस्या यदि कोई व्यापारी को होती है तो वह जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल से नगर अध्यक्ष शहजाद चौधरी से वार्ता करें और मेरे दरवाजे भी उनके लिए सदैव खुले हैं विशिष्ट अतिथि के उपयुक्त श्रम अनुराग मिश्रा ने श्रम विभाग की जानकारी व्यापारियों को दी जिसमें व्यापारियों को पेंशन बीमा और अन्य सुविधाओं से अवगत कराया उन्होंने कहा यदि कहीं कोई बाल श्रम या किसी श्रमिक का वेतन नहीं मिलता है तो वह हमारे विभाग में संपर्क कर सकता है हम सदैव उनके साथ हैं विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस उपयुक्त अपराध सच्चिदानंद जी ने साइबर से बढ़ रहे अपराधों से बचने के लिए साइबर दोस्त ऐप को व्यापारियों के मोबाइल पर लोड कराया साथी ऐसे अपराधों से बचने की जानकारी बहुत ही विस्तृत दी यदि उसके बाद भी कोई इसका शिकार होता है तो वह तुरंत ही साइबर थाने में संपर्क कर सूचना दें ऑनलाइन भी इसकी सूचना दी जा सकती है विशिष्ट अतिथि जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने बोलते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है इसलिए उनको अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाना चाहिए समाज में हो रही बुराइयों को उजागर करें और अच्छा कार्य करने वालों को सम्मान भी दें। जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं प्रथम दिन से ही बड़ी सजगता कर्मठता निष्ठा ईमानदारी के साथ व्यापारियों के साथ रहा हूं और उनको होने वाली हर परेशानी से निजात दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाता रहा हूं और अब इतना सम्मान मिलने के बाद मेरी जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ जाती है मैं सदैव व्यापार मंडल संगठन के आदर्श का पालन करते हुए व्यापारियों की निष्काम सेवा करता रहूंगा। सहायक पुलिस आयुक्त मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि हमारी पुलिस सदैव व्यापारियों एवं नागरिकों के साथ है और उनका सुरक्षा प्रदान करना ही उनकी प्राथमिकता है मैं स्पष्ट रूप से थाना प्रभारी को निर्देशित कर रखा है कि किसी भी कीमत पर किसी व्यापारी के साथ दुर्व्यवहार न हो उनकी बात सुनी जाए यदि सही तथ्य व्यापारी के द्वारा दिए जाते हैं तो उनका उचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कार्यवाही की जाए। सम्मेलन की प्रमुख सुंदरता ऐसे नवरत्न व्यापारियों को व्यापार रत्न से नवाजा गया जिन्होंने शून्य से व्यापार शुरू कर कर आज शिखर का मुकाम हासिल किया है ऐसे होनहार व्यापारी राजेंद्र प्रसाद गोयल, शिवराज, जगदीश सिंघल, प्रमोद अरोड़ा, भगवान गर्ग ,राजकुमार गोयल, हाजी मोहम्मद शाकिर, निश्चल त्यागी, कांति प्रसाद का सम्मान माला पहनकर, शॉल उढाकर, प्रतीक चिन्ह देकर किया गया । आए हुए सभी अतिथियों का गर्म जोशी के साथ प्रतीक चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री सतीश अग्रवाल, मुरादनगर संरक्षक राधे किशन अरोड़ा, मुरादनगर अध्यक्ष कुंवर शहजाद चौधरी, मोदीनगर अध्यक्ष अमित गोयल, ने मंच संचालन किया , निर्दोष खटाना, मेरठ से अकरम गाजी, जिला अध्यक्ष युवा आशीष शर्मा दलबीर सिंह, योगेश त्यागी, जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष श्याम किशोर शुक्ला, अंकुर गर्ग, आदर्श जैन, विभु अग्रवाल, महेश कुमार, राकेश गोसाई, विशेष विश्वाल बार, गाजियाबाद विधानसभा अध्यक्ष राकेश बाठला, महामंत्री रवि कालिया, कोषाध्यक्ष सौरभ, बबलू चौहान,एसोसिएशन के सचिव नेहरा जी, विनोद जिंदल, लोकेश वत्स, फारुख चौधरी, शेखर जी, बिंदु त्यागी, दमयंती सिंह, नीलम त्यागी, बिंदु त्यागी, निर्दोष खटाना महामंत्री मोदीनगर, मुरादनगर व्यापार मंडल कार्यकारिणी संजय सिंघल, सतीश जिंदल, सतीश गोयल, गोपाल बूरा वाले, नितिन शर्मा, रमन गोयल ,उमेश सचदेवा, जय भगवान सिंघल, सुमित गर्ग के साथी सैकड़ो व्यापारियों ने सम्मेलन में भाग लिया।



**किसान दिवस**

## गन्ना क्रय केन्द्रों पर चौकीदारों की सैलरी बढ़ाई जाये : पवन हूण

# फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों का बीमा कराया जाए: प्रेरणा शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने किसान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों से किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। किसान दिवस में जिलाधिकारी ने किसानों की विद्युत, सिंचाई, आवारा पशु, सफाई, भूमि पैमाइश, सड़क, योजनाओं का लाभ तथा अन्य संबंधित शिकायतों को निर्धारित अवधि में समाधान करने के निर्देश दिये। किसान दिवस में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के कृषको एवं कृषक प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

किसान दिवस में सर्वप्रथम योगेन्द्र कुमार उप कृषि निदेशक हापुड़ द्वारा उपस्थित सभी सम्बान्धित जनपद स्तरीय अधिकारियो एवं कृषक बन्धुओ का स्वागत किया गया। इसके उपरान्त किसान दिवस की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। उप कृषि निदेशक द्वारा गत्तमाह नवंबर, 2024 के किसान दिवस में प्राप्त





शिकायतों से सम्बन्धित निस्तारण आख्या उपस्थित सभी कृषको के समक्ष पढ़कर सुनाई गयी तथा निस्तारण सम्बन्धी विस्तृत विवरण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा कृषको को अवगत कराया गया। किसान दिवस में विभिन्न कृषकों द्वारा समस्या लिखित रूप से अवगत करायी गयी।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी बैंकों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को फसल बीमा योजना से लाभांवित करें। फसल बीमा योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिलना चाहिए। किसानों के गन्ने का भुगतान लगभग कर दिया गया है उनकी कोशिश रहेगी कि नया गन्ना भुगतान भी समय से कर दिया जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से किसानों की शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी,बैंक अधिकारी,किसानगण तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

वहीं भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष पवन हूण ने अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार को 5 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिसमें सिंभावली व ब्रजनाथ शुगर मिल के गन्ना क्रय केन्द्रों पर चौकीदारों की सैलरी बढ़ाने की मांग की। इस अवसर पर राधे लाल त्यागी,राजवीर भाटी,महेन्द्र त्यागी,अजब सिंह आदि उपस्थित थे।

# एचएलएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में पांच दिवसीय स्काउट गाइड कैंप का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**







**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कैंप के तीसरे दिन एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य छात्रों में अनुशासन, सामाजिक सेवा व राष्ट्र प्रेम की भावना को प्रोत्साहित करना था।

रैली का शुभारंभ एच एल एम ग्रुप के निदेशक डॉ अनुज अग्रवाल, संयुक्त निदेशक डॉक्टर शशांक द्विवेदी, सहायक निदेशक डॉ धीरज शर्मा व बीएड विभाग की प्राचार्या डॉक्टर ममता चौधरी ने झंडी दिखाकर किया, इस रैली का शुभारंभ एचएलएम कॉलेज से किया गया व रैली मिलक गांव दुहाई गाजियाबाद पहुंची। मिलक गांव में छात्रों द्वारा सामाजिक संदेशों जैसे स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जनसंख्या नियंत्रण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं शिक्षा के महत्व व वर्तमान समाज की समस्याओं को जन जन तक पहुंचाया। छात्रों द्वारा किए गए नुक्कड़ नाटक में वहां उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। रैली के कुशल पूर्ण संचालन के प्रयासों की सभी के द्वारा सराहना की गई। इस रैली के कुशल नेतृत्व में हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड राज्य सचिव डॉ मनोज सिंधी विभाग अध्यक्ष डॉक्टर कविता गुप्ता डॉक्टर सरोज गहलोत व प्रवक्ता स्वाति गर्ग एवं ज्योति सिंह का योगदान सराहनीय रहा।

## सौ करोड़ के घोटाले और 125 मुकदमों में आरोपी भूमाफियाओं ने जेल से बाहर अधिवक्ता की पत्नी को बनाया ठगीका शिकार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** थाना बापूधाम क्षेत्र में बैंक लोन और नीलामी पर लगी सम्पत्ति को फर्जी तरीके से बेच कर आरोपी फरार दिल्ली में रहने वाली श्रीमती पूजा शर्मा को जेल में बंद अपराधी के भूमाफिया भाई ने अपनी विवादित संपत्ति फर्जी तरीके से बेच कर लगाया लाखों का चूना। हैरानी इस बात की है इस गोरखधंधे को इतनी सफाई से किया गया कि रजिस्ट्रार कार्यालय में कोई पकड़ नहीं पाया यह इत्तेफाक से हुआ या भूमाफिया की सांठगांठ से जांच चल रही है। पीड़िता ने संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है। गौरतलब है कि ठगे जाने पर पीड़िता को निजी जांच में ज्ञात हुआ। अपराधी उपरोक्त पूर्व में सौ करोड़ के घोटाले और 125 से अधिक मुकदमों बंद थे। जिन्हें जेल से इस शर्त पर रिहा थे कि फिर किसी से ठगी नहीं करेंगे किन्तु जमानत की शर्त को ताक पर रखकर उन्होंने सरकारी नौकरी में नियुक्त पूजा शर्मा जो स्वयं एक अधिवक्ता की पत्नी हैं को चूना लगा दिया। यदि ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो यह पुनः किसी को जालसाजी का शिकार बना सकते हैं।

# अधिकारीगण जनता की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें: जिलाधिकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** प्रतिदिन की तरह जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा अपर जिलाधिकारी कार्यालय, कलैक्ट्रेट में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह और अपर जिलाधिकारी भू0,रा0 सौरभ भट्ट उपस्थित रहे। जिलाधिकारी महोदय द्वारा लगातार अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों,आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निस्तारण किया जाएं, इस सम्बंध में मुख्यमंत्री द्वारा दिशा-निर्देश दिये गये हैं कि जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाएं। जनसुनवाई के दौरान किसानों, संस्थाओं, निकायों के गणमान्य नागरिकों के द्वारा अपनी शिकायतें, आवेदन जिलाधिकारी को प्रेषित किये गये।

# दिनेश गोयल सदस्य विधान परिषद द्वारा विधानसभा में नारी सुरक्षा व विद्यालय परिसर के आस-पास नशीली वस्तु पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु उठायी आवाज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** विधानसभा में दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद व विजय बहादुर पाठक सदस्य विधान परिषद द्वारा कहा गया कि सरकार मिशन शक्ति नारी सुरक्षा को लेकर अभियान चला रही है। गांव-गांव घर-घर में शौचालय बनाये जाने का अभियान चलाकर करोडों रूपयों की धनराशि व्यय की जा रही है वही दूसरी तरफ उ0प्र0 के प्रत्येक थानों पर महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। प्रदेश के अधिकांश थानों में महिला शौचालय है ही नही, अगर है तो उनकी स्थिति बडी ही दयनीय है। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के अन्तर्गत पुलिस थाने है जिनमें से 24 ऐसे थाने हैं जहां पर महिला पुलिस कर्मियों के लिए महिला शौचालय नही है। हजरतगंज कोतवाली जोकि विधान भवन के पास ही है में भी महिला शौचालय नही है। महिला पुलिस कर्मियों तथा महिला वादकारियों के लिए महिला शौचालय थानों में न होने से खुले में जाने को जाने को मजबूर होना पडता है, क्या सभी उत्तर प्रदेश के थानों में महिला शौचालयों के इस लोक महत्व के इस प्रकरण पर अविलम्बनीय वक्तव्य की मांग की। साथ ही राजधानी लखनऊ सहित सभी जनपदों में विद्यालय परिसर के आस-पास सिगरेट, पान, गुटखा के विक्रय की दुकानें धड़ल्ले के साथ चल रही है ऐसी सभी दुकानों को विद्यालय से एक निश्चित दूरी पर होना चाहिए। स्कूल परिसर के पास सडकों के किनारे इस तरह की प्रतिबंधित दुकानें बेखौफ संचालित की जा रही है जहां पर छात्रों को सिगरेट पान-मसाले लेते देखा जा सकता है। छात्रों को ऐसे नशे से बचाने हेतु सरकार को कठोर कदम उठाने होगें जिससे छात्रों को पान, सिगरेट आदि के नशे से बचाया जा सकें।

# आरटीआई के तहत राज्य कर विभाग से मांगी आठ बिंदुओं पर सूचना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** मोदीनगर स्थित राज्य कर कार्यालय को मोदीनगर से गाजियाबाद स्थानांतरित किये जाने को लेकर उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन, लखनऊ की वर्कशाप कमेटी के प्रान्तीय को चेयरमैन एड अरूण राघव ने सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत राज्य कर आयुक्त से आठ बिंदुओं पर सूचना मांगी है।

एड अरुण राघव द्वारा राज्य कर आयुक्त लखनऊ को आठ बिंदुओं पर भेजी गई आरटीआई में बिंदुवार सूचना मांगी गई है, जो निम्न प्रकार है। 1. मोदीनगर स्थित राज्य कर कार्यालय को खाली कराने के उद्देश्य से भवन स्वामी के द्वारा दिए गए नोटिस के प्रत्युत्तर में स्थानांतरण रोकने हेतु किए गए प्रयासो की सम्पूर्ण जानकारी। 2. लखनऊ स्थित राज्य कर मुख्यालय के निर्देशानुसार अधिवक्ताओं तथा व्यापारिक संगठनो को विश्वास मे लेने और उनके द्वारा आपत्ति जताने के बावजूद मोदीनगर से राज्य कर कार्यालय को गाजियाबाद स्थानांतरित करने हेतु परिस्थितियों की जानकारी।
3.राज्य कर कार्यालय मोदीनगर खण्ड मे पंजीकृत कुल व्यापारियों की संख्या तथा उनसे प्राप्त होने वाले राजस्व की जानकारी।
4. मोदीनगर में 45 वर्ष पूर्व स्थापित राज्य कर कार्यालय को गत 6 जून को गाजियाबाद स्थानांतरित करने के उपरांत मोदीनगर में ही पुनः स्थापित करने के लिए स्थानीय अधिवक्ताओं, व्यापारियों आदि द्वारा उपलब्ध कराए गए भवनों के विषय में गाजियाबाद राज्य कर प्रशासन द्वारा की गयी कार्यवाही की जानकारी। 5.नगर पालिका की हापुड़ रोड स्थित मार्केट के ऊपर बने भवन में राज्य कर कार्यालय पुनः स्थापित करने हेतु राज्य कर गाजियाबाद प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों की जानकारी। 6. भवन की उपलब्धता न होने की बात कहते हुए गत 6 जून को राज्य कर कार्यालय को मोदीनगर से अस्थाई रूप से गाजियाबाद स्थानांतरित के उपरांत 18 दिसंबर 2024 तक भी पुनः स्थापित नहीं करने के संदर्भ में राज्य कर मुख्यालय लखनऊ द्वारा दिए गए निर्देशों की जानकारी। 7. राज्य कर कार्यालय को मोदीनगर में पुनः स्थापित कराने के लिए क्षेत्रीय विधायक तथा पालिका अध्यक्ष द्वारा नया भवन निर्माण कराकर तय किराए पर दिए जाने के प्रस्ताव पर राज्य कर मुख्यालय लखनऊ द्वारा राज्य कर प्रशासन गाजियाबाद को दिए गए निर्देशों की जानकारी तथा अपीलीय सूचना अधिकारी का नाम, पद व पूरा पता सहित जानकारी से संबंधित सूचनाएं शामिल हैं।



**राज्य कर कार्यालय को पुनः स्थापित कराने के लिए उप्र कर अधिवक्ता संगठन प्रयास करता रहेगा**

एड अरुण राघव ने बताया कि मोदीनगर से राज्य कर कार्यालय गाजियाबाद स्थानांतरित होने से स्थानीय अधिवक्ताओं, व्यापारियों व उद्यमियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
और विभाग इस समस्या का समाधान करने की बजाए आंखें मूंदे बैठा है। और अब यह समस्या विकराल होती जा रही है। उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान कराने के लिए उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन निरंतर प्रयास करता रहेगा।

# गौरव त्यागी जनहित पार्टी प्रगतिशील के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री व कृष्ण कुमार त्यागी दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मुरादनगर के न्यू डिफेन्स कॉलोनी, चौधरी वाली गली के रहने वाले गौरव त्यागी को जनहित पार्टी प्रगतिशील के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बनाया गया है। वहीं दिल्ली के विकास नगर निवासी कृष्ण कुमार त्यागी दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। ये दोनों नियुक्तियां जनहित पार्टी प्रगतिशील के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय त्यागी ने की है । जनहित पार्टी प्रगतिशील के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय त्यागी का कहना है कि जहां पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री गौरव त्यागी जहां गाजियाबाद व उत्तरप्रदेश में पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे, वहीं दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार त्यागी दिल्ली प्रदेश में पार्टी का विस्तार करके अलग पहचान देने का काम करेंगे। उन्होंने इन दोनों पदाधिकारियों को अपनी व पार्टी की ओर से नई जिम्मेदारी सौंपे जाने पर बधाई दी है।

**चुनावी तैयारी नई नियुक्तियां जनहित पार्टी प्रगतिशील की विधानसभा चुनाव की तैयारी का संकेत**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उम्मीद जताई है कि ये दोनो नवनियुक्त पदाधिकारी जनहित पार्टी प्रगतिशील के प्रति निष्ठा, लगन से पार्टी हित में कार्य करते हुए अपने पद की गरिमामयी जिम्मेदारी का निर्वाह करेंगे और दिल्ली व उत्तर प्रदेश में जनहित पार्टी प्रगतिशील को मजबूत करने की दिशा में अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से जोड़ने में सफल होंगे। जनहित पार्टी प्रगतिशील ने अगले वर्ष 2026 में दिल्ली में होने वाले विधान सभा चुनाव व उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव-2027 के लिए अभी से अपनी राजनीतिक जमीन बनानी शुरू कर दी है। इन दोनों की नियुक्तियों को इसी संदर्भ में देखा जा रहा है।

# चरण पादुका अभियान: 4000 जोड़ी जूते वितरित कर बना मील का पत्थर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**मोदीनगर (अनवर खान)।** अपने चरण पादुका अभियान के अंतर्गत जरूरतमंद स्कूली बच्चों को जूते पहना कर उनके चेहरे पर मुस्कान सजाने वाली प्रमुख सामाजिक संस्था यू वी कैन ब्रिंगिंग स्माइलस फाउंडेशन ने बुधवार को इंदिरापुरम गाजियाबाद स्थित नीरजा की फुटपाथ शाला में अभियान चलाकर 46 गरीब बच्चों को निशुल्क जूते पहनाए। इसी के साथ संस्था ने 4000 बच्चों को जूते पहना कर इस अभियान में मील का पत्थर गाड़ दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष प्रवीण कुमार शर्मा ने बताया कि इस यात्रा की हर उपलब्धि के पीछे संस्था के कर्मठ सदस्यों के योगदान, समर्थन और प्रेरणा छिपी है। उन सभी के सहयोग से ही यह संभव हो पाया कि हम उन बच्चों तक पहुंच सके, जो वाकई इस मदद के हकदार हैं। उन्होंने बताया कि ये जूते केवल पैरों का सहारा नहीं हैं, बल्कि यह उनकी सुरक्षा, आत्म विश्वास, आत्मसम्मान और बेहतर भविष्य की ओर एक कदम है। उन्होंने इस अभियान में मदद करने वाले सभी मददगारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस अभियान को देश के हर जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ केवल कृष्ण थम्मन, अशोक कुमार, गौरव मेहरा, अभिषेक मिश्रा, ईशान गिरी व नीरजा की फुटपाथ शाला से नीरजा का सराहनीय सहयोग मिला।

# पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की धमकी से त्रस्त महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने मुख्यमंत्री को लिखा रक्त से पत्र

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मां बगलामुखी महायज्ञ स्थल भैरव घाट,श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े से



शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की धमकी से त्रस्त होकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी जी को रक्त से लिखा।रक्त से पत्र में उन्होंने लिखा वो और उनके कुछ साथी बांग्लादेश, पाकिस्तान सहित भारत में हिंदुओं के चल रहे नृशंस नरसंहार से व्यथित होकर उनकी पीड़ा को दुनिया भर तक पहुंचाने के लिए माया देवी मंदिर श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े में 19,20 और 21 दिसंबर 2024 को विश्व धर्म संसद का आयोजन कर रहे हैं।हमारा यह आयोजन किसी सार्वजनिक स्थान पर नहीं बल्कि हमारे अखाड़े के मुख्यालय पर हो रहा है।

**हिंदू राष्ट्र की बात करते करते हिन्दू इस देश में दोयम दर्जे का नागरिक बन गया महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी**

# किसके सिर बंधेगा भाजपा महानगर अध्यक्ष का सेहरा, सौरभ जायसवाल ने पेश की दावेदारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** संजीव शर्मा के विधायक निर्वाचित होने के बाद भाजपा महानगर अध्यक्ष बनने के लिए रेस शुरू हो गई है। इसमें सामान्य वर्ग के साथ ही ओबीसी वर्ग के भाजपा नेता भी शामिल हैं। जिले में भाजपा संगठन के पदाधिकारियों का चुनाव जनवरी माह तक होना संभव है। इसके लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। महानगर अध्यक्ष पद के लिए एक नहीं बल्कि कई दावेदार अपनी ताल ठोंक रहें है। इसके लिए अपने जातीय समीकरणों और संगठन क्षमता के साथ पार्टी नेतृत्व तक पहुंच बनाई जा रही है। भाजपा के जनप्रतिनिधि भी अपने खेमे के नेताओं को मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष पद पर बैठाने के लिए जुगत लगा रहे हैं। अलग-अलग खेमे के लोग अपने-अपने नेता को अध्यक्ष बनाए जाने की भविष्यवाणी कर रहे हैं तो वहीं नेताजी सूची जारी होने से पहले अंतिम सिफारिश हाईकमान तक पहुंचाने के प्रयास में जुटे हुए हैं। सूची में भले ही नाम आए न आए, लेकिन दावेदार कोई कसर छोड़ना नहीं चाहते। वहीं गाजियाबाद में महानगर अध्यक्ष पद की अगर दावेदारी की बात की जाए तो इस रेस में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप के मंत्री प्रतिनिधि सौरभ जायसवाल की देखने को मिल रही है। महानगर में अध्यक्ष पद के लिए अगर जाति और वरिष्ठता के साथ ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर दावेदार की बात की जाए तो इन सब में सबसे आगे सौरभ जायसवाल का नाम ही आगे आता है। ओबीसी और वैश्य चेहरों की ओर से दावेदारी है। वरिष्ठता के आधार पर दावेदारी है, ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर दावेदारी है। सौरभ जायसवाल ओबीसी के साथ वैश्य फैक्टर से भी आते है और संगठन में उनकी प्रोफाइल को देखा जाए तो कई पदों में अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन कर चुके है। जनप्रतिनिधियों के साथ जुड़ाव के साथ महानगर की टीम में भी पद संभाला क्षेत्रीय टीम है। भाजपा किसान मोर्चा के और भाजपा की प्रदेश टीम में भी शामिल रहे हैं। सौरभ जायसवाल भाजपा के नेहरू नगर मंडल के अध्यक्ष रहे हैं। महानगर के मीडिया प्रभारी रहे हैं और भाजपा की महानगर टीम में भाजपा के महानगर कोषाध्यक्ष रह चुके हैं। भाजपा पश्चिम क्षेत्र की आईटी टीम के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी रहे हैं। वो भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के महानगर मंत्री, पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अग्रवाल के मीडिया सलाहकार भी रहें है। मौजूदा समय में वो राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप के मंत्री प्रतिनिधि के रूप में काम कर रहे हैं। सौरभ जायसवाल भाजपा का पुराना चेहरा है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने हमेशा भाजपा के हर आंदोलन में अपनी सहभागिता निभाई है। संगठन से लेकर सरकार तक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से काम करने का अनुभव है। मंडल से लेकर प्रदेश तक में जिम्मेदारी संभालने वाले सौरभ जायसवाल अब महानगर अध्यक्ष की कमान संभालना चाह रहें है। अगर पार्टी उन्हें मौका देती है तो उनके आने से संगठन को मजबूती तो मिलेगी ही, साथ ही भाजपा महानगर संगठन के अंदर खाने चल रही फूट भी खत्म होगी। चर्चा यह भी है कि सौरभ जायसवाल की उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जा सकती है। महानगर अध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहें सौरभ जायसवाल का कहना है कि अगर पार्टी उन्हें मौका देती है तो बेहतर तरीके से काम किया जाएगा। यह काम पार्टी हित में होगा। संगठन के लिए नए जोश के साथ सभी को साथ लेकर कार्य करेंगे। वह सभी को साथ लेकर चलेंगे। पार्टी की नीतियों और सरकार के कामकाज को संगठन के जरिए लोगों तक पहुंचाएंगे। अनुभव और योग्यता के आधार पर पर मेरी दावेदारी बनती है, सौरभ जयसवाल ने कहा पार्टी का जो भी निर्णय होगा वहीं सर्वोपरि है।




**संदेश 2025 स्वागत** स्कूल डायरेक्टर डॉक्टर मिथिलेश शर्मा,सिल्वर शाइन की ओर से नव वर्ष हेतु संदेश 2025 स्वागत...

# जीवन के नवल वर्ष आओ नूतन निर्माण लिए महाजागरण के युग में जागृत जीवन अभियान : सोहन लाल द्विवेदी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** आज बैठे-बैठे मन में विचार ने करवट ली कि नव वर्ष आने वाला है। तो मन ने अपनी उधेड़ बुन शुरू कर दी। आत्मा ने कहा कि नव वर्ष के परिप्रेक्ष्य में नव वर्ष का संक्षिप्त परिचय जानना क्या अपेक्षित नहीं है। तो आत्मा की आवाज को शिरोधार्य कर अपने कार्य को आरम्भ कर रही हूँ। एतदर्थ ज्ञात रहे कि भारत में नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ होता है। वैदिक पंचांग के अनुसार नव वर्ष 2025, 30 मार्च से आरंभ होगा। जिसका दिन रविवार निश्चित है। इस वर्ष ग्रह-परिषद में सूर्य ही राजा होंगे तथा सूर्य ही मंत्री होंगे। अर्थात सत्ता का संपूर्ण नियंत्रण सूर्य के हाथों में ही होगा। प्रतिपदा 29 मार्च 2025 को प्रातः 7:57 से आरंभ होकर 30 मार्च मध्याह्न 3:19 पर समाप्त होगी। दुर्भाग्यपूर्ण किंतु सत्य तथ्य यही है कि हम पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में 31 दिसंबर रात्रि के 12:00 बजे नव वर्ष का शुभागमन बड़े जोर शोर और राक्षसी प्रवृत्ति के अनुसार मानते हैं। किंतु भारतवासियों के लिए यह कृत्य सर्वथा अनुचित है। परन्तु "गतानुगतिकः लोका" के अनुसार चलने वालों के लिए किया भी क्या जा सकता है। यह प्रथा हमें कदापि कदापि मान्य नहीं है। ईश्वर कृत कोई भी कार्य निरुद्देश्य नहीं होता। इसी कारण पृथ्वी पर जो आर्यावर्त का प्राचीन भू-भाग था, उस सबके लिए प्रार्थनीय प्रभाव हेतु संस्कृत भाषा की ध्वनि तरंगों, वैदिक एवं सनातनी विधि को नियुक्त किया। भारतीय एवं सनातनी संस्कृति में नव वर्ष का स्वागत मां भवानी की पूजा तथा उपवास, स्वच्छता एवं शुद्धता के द्वारा किया जाता है। किंतु पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण की होड़ के चलते हम न केवल अपना पथ भटक गए हैं वरन् मानसिक रूप से भी जड़ हो गए हैं। भारत का दार्शनिक एवं धार्मिक साहित्य विश्व भर में बेजोड़ है। जिसकी कहीं कोई समानता नहीं है, जो अतुल्यनीय है। कई पुराणों में कल्कि अवतार के विषय में बताया गया कि कल्कि अवतार संभल में होगा। बात माने या ना माने किंतु सत्य यही है कि वहां कल्कि अवतार का शुभारंभ हो चुका है। आइये अब ज्योतिषीय परिप्रेक्ष्य में नव वर्ष पर एक (2025) दृष्टि डालते हैं। ज्योतिष शास्त्र ज्ञान का एक विशाल अर्णव है, असीम है। इसे वेदों का नेत्र कहा जाता है। इस विषय की मैं आरंभिक कक्षा की विद्यार्थी हूं। यह मेरा लघु प्रयास है। इसलिए यदि गणना में मुझे कोई त्रुटि हो जाए तो मैं विद्वत समाज के समक्ष क्षमा प्रार्थी बन नतमस्तक खड़ी हूं। ज्योतिष एक स्वतंत्र विद्या नहीं है। इसमें खगोल शास्त्र, विज्ञान, दर्शनशास्त्र, रत्न विज्ञान, शकुन शास्त्र, रोग-विज्ञान, मनोविज्ञान, धर्म एवं आध्यात्मिक आदि विषयों का समावेश है। इन सभी तथ्यों को मैंने अपने शोध-प्रबंध में विस्तार से उजागर करने का प्रयास किया है। यह परस्पर इतने संबंधों से जुड़ा है कि इनके अभाव में ज्योतिष ज्ञान को समझना न केवल अकल्पनीय है वरन सोच की सीमाओं से भी परे है। ज्योतिष किसी एक के ?द्वारा आकस्मिक अन्वेषित ज्ञान नहीं है। यह अनेक महती विद्धवानो के ज्ञान, अनुमान, प्रमाण का सार है। मैं सभी पूर्वकालिक एवं वर्तमान कालिक ज्योतिषों के सभी मूर्धन्य वि?द्वानों की चरण-वंदना कर उनके आशीर्वाद की शीतल छाया में अग्रिम वर्ष '2025' के विषय में अपने अल्प ज्ञान ० बाल बुद्धि के अनुसार जो भी प्रस्तुत कर रही हूं। कृपा उसे स्वीकार करने की अनुकम्पा करें। मेरे द्वारा होने वाली त्रुटियों हेतु पुनः क्षमा प्रार्थी हैं। यह अक्षरशः सत्य है कि ईश्वर जो भी करता है वह हम सभी के लिए उत्तम ही होता है। हम इसे स्वीकारे या नहीं। यह अलग प्रश्न है। संस्कृत साहित्य में उक्ति हैः ईश्वरं यत करोति शोभनं करोति ! इसी के आधार पर नव वर्ष 2025 का फल कथन प्रस्तुत है। यह भविष्य मल्लिका प्राण,2025 वर्ष के लिए विद्यार्थियों को मेरा संदेशः- १. मेरा सभी विद्यार्थी वर्ग से अनुरोध है कि यह वर्ष थोड़ा संकटपूर्ण है। तो कष्ट निवारण हेतु अपना चरित्र और आचरण शुद्ध रखें २. ब्रह्मा, विष्णु और शिव ने अपना स्वरूप माता-पिता और गुरु के रूप में हम सभी के समक्ष स्थापित किया है अतः इनका आशीर्वचन लेने का हर संभव प्रयत्न करें। क्योंकि इनके आशीर्वाद में ही ईश्वरीय शक्ति विद्यमान है। ३. अध्ययन में अथक और अधिक परिश्रम करें। ४. बड़ों की आज्ञा का पालन करें। ५. बे-अर्थ की बातों एवं दुष्कर्मों से बचे।
यह उपदेश रूपी सच्चा मोती आप सभी के लिए है। इसे ग्रहण करने का प्रयास अवश्य ही करें। आप सभी के लिए शुभ ही होगा, यह मेरा अटूट विश्वास है।
"विश्वासः फलदायक"
सिल्वर शाइन स्कूल की ओर से आप सभी को नव वर्ष की मंगलमय शुभकामनाएं। नव वर्ष हम सबके लिए मंगलमय हो और कृपा निधान भगवान की कृपा वर्षा सदा सर्वदा हम सभी पर निरंतर यूं ही बरसती रहे। इसी आशा, इसी विश्वास के साथ अपने इस लघु प्रयास में अज्ञानता में हुई त्रुटियों हेतु पुनः क्षमा प्रार्थी हूँ। जय भारत। जय सनातन । सत्यमेव जयते।



डॉ. मिथलेश शर्मा ट्रिपल एम. ए., बी.एड., एम.एड.डबल पी.एचडी. (संस्कृत तथा ज्योतिष शास्त्र,गोल्ड मेडलिस्ट इन ज्योतिष शास्त्र

# सुनील बराला को छिजारसी टोल पर रोका

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** भाजपा से श्रम विभाग के अध्यक्ष व निवर्तमान राज्य मंत्री



पंडित सुनील भराला के संभल दौरे को लेकर आज छिजारसी टोल पर पुलिस सुबह से ही मुस्तेद दिखाई दी, तो वहीं जैसे ही पंडित सुनील भराला का काफिला हापुड़ के छिजारसी टोल प्लाजा पर पहुंचा तो पुलिस ने उन्हें वहीं पर रोक लिया और समझा कर वापस भेजा। वही हमारे संवाददाता से बात करते हुए पंडित सुनील भराला ने कहा कि संभल के बालाजी मंदिर में भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित करने के लिए आज हम अपने काफिले के साथ संभल जा रहे थे हमें जानकारी थी कि संभल में अब माहौल शांत चल रहा है लेकिन अभी जानकारी मिली है कानून व्यवस्था को देखते हुए अभी वहां जाना ठीक नहीं है जिसके चलते आज छिजारसी टोल प्लाजा से ही वापस जाना हो रहा है फिर माहौल शांत होने के बाद हम दोबारा संभल जाएंगे और भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित कर 51 किलो दूध से भगवान को दुग्धाभिषेक करेंगे।

# देश के शहीदों एवं महानायकों के बारे में बच्चों को जानकारी दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** अखिल भारतीय साहित्य संघ के तत्वावधान में पंडित राम प्रसाद बिस्मिल एवं अशफाक उल्ला खान की शहादत के पूर्व दिवस पर यहां दोयमी रोड स्थित उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय में प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय महासंघ के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ,साहित्यकारों एवं कवियों ने काव्य के माध्यम से देश के शहीदों एवं महानायकों के बारे में बच्चों को बताया। इससे पूर्व स्कूल के प्रधानाचार्य श्री दिलशाद जी ने सभी साहित्यकारों को पटका,माला,एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। मंच का संचालन करते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा अनिल बाजपेई ने पढ़ा " गंध मकरंद लेके चलती समीर यहां कल कल गंगा के निनाद वाला देश है,प्रेम गीत गूंजते हैं सागरो में मंदिरों में ,बिस्मिल और अशफाक वाला देश है, झूल गए फांसियों पे हंस हंस झूम झूम,सुखदेव और राजगुरु वाला देश है,गोली मारी कनपटी पर गाते वंदे मातरम शेर ए दिल शेखर आजाद वाला देश है।

**गाजियाबाद से पधारे कवि वैभव शर्मा ने पढ़ा**

जब जब भारत की धरती पर आक्रांताओं का तंत्र हुआ, नवयुवको के प्राणों से भारत फिर स्वतंत्र हुआ!! बुलन्दशहर से पधारे डॉक्टर आलोक बेजान की यह







पंक्तियां विशेष रूप से सराही गईं "गर्मी में कट गई कभी, जाड़े में कट गई !
ये देह थी किराए की , भाड़े में कट गई !!
हमने तो रोज सांस की गिनती गिनी मगर ,
ये जिन्दगी तो सिर्फ , पहाड़े में कट गई !!पिलखुवा से पधारे कवि डा.सतीश वर्धन ने पढ़ा कि तुम विधा तो बनी पर कहानी नही। तुम हवा तो बनी पर सुहानी नही।। अब तो मैं ही नही सारा जग ये कहे।प्रेयसी तुम बनी पर दिवानी नही।।

सामाजिक विद्रूपता पर प्रहार करते हुए लक्ष्मण यति ने पढ़ा" बिल्ली हमको सिखा रही हिंसा करना पाप है, क्षण भर बाद लगा पता वह चूहा ही साफ है"

इस अवसर पर तन्वी,निशांत,निधि,नीरू,छवि,करणशर्मा,मानसी को विशेष प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य दिलशाद अली ने सभी साहित्यकारों का आभार व्यक्त किया। लवलेश,रानी चहल,मीनू वर्मा,रश्मि मित्तल उपस्थित थे।

# जीएस आयुर्वेद में गोष्ठी आयोजित,आयुर्वेद में शोध कार्य समय की मांगः कुलपति

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** जी एस विश्व विद्यालय ऑडिटोरियम में आयुर्वेद में शोध कार्य को बढ़ावा देने हेतु संभाषा परिषद 2024 - फैकल्टी डेवलोपमेन्ट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ भावना सिंह, प्रिंसिपल एवं अध्यक्ष मानव संसाधन विकास समिति ने कार्यक्रम में उपस्थित डॉ यतीश अग्रवाल ( कुलपति, एस विश्व विद्यालय) , डॉ प्रदीप गर्ग, ( डीन जी एस मेडिकल कॉलेज), डॉ रोहित रस्तोगी एवं डॉ एस कुमार ( अतिथि वक्ता ) एवं सभी फैकल्टी मेंबर्स का स्वागत किया ।

कार्यक्रम में उपस्थित फैकल्टी को संबोधित करते हुए डॉ यतीश अग्रवाल ने कहा कि आयुर्वेद में शोध कार्य समय की मांग है और कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक कार्यक्रम समय समय पर आयोजित होते रहने चाहिए । आयोजक समिति की प्रशंसा करते हुए उन्होंने भविष्य में ऐसी गतिविधियों को जारी रखने में हर संभव मदद का आश्वासन दिया ।

डॉ विकास चौहान ने फैकल्टी डेवलोपमेन्ट प्रोग्राम पर प्रस्तावना रखते हुए इस विषय मे विस्तार से बताया । अतिथि वक्ताओं ने 3 सत्रों में प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित फैकल्टी मेंबर्स को शोध कार्य के विषय मे प्रशिक्षित किया ।

समापन सत्र में डॉ मनोज शर्मा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी के सकारात्मक सहयोग की सराहना की ।

मंच संचालन डॉ भावना जोशी द्वारा किया गया । मानव संसाधन विकास समिति के संयोजक डॉ सरोजिनी एवं डॉ घनश्याम वत्स सहित डॉ सुमन एवं समिति के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# आगामी 4 जनवरी को दिशा की बैठक आयोजित होगी:डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- बैठक में तीनों सांसद व विधायक करेंगे प्रतिभाग
- सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे

**हापुड़।** आगामी 4 जनवरी 2025 को विकास भवन के सभागार कार्यालय में दिशा की बैठक आयोजित होने जा रही है। जिसके लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों ने तैयारी भी





शुरू कर दी है। बैठक में जनपद के तीनों सांसद,जिला पंचायत चेयरमैन व तीनों विधायक प्रतिभाग करेंगे। आपको दें,शासनादेश के अनुसार प्रतिवर्ष दिशा की चार बैठकें आयोजित की जाती है। तीन माह में बैठक का आयोजन होता है। जिसमें प्रतिभाग कर सांसद,जिला पंचायत चेयरमैन व विधायक प्रतिभाग कर जिले के विकास कराने के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है। साथ की सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा भी करते है। साथ ही जनता की समस्याओं को निस्तारण भी कराया जाता है।

जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने बताया कि गत वर्ष 30 जनवरी 2024 को दिशा की बैठक आयोजित की गयी थी। जिसके उपरांत लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लग गयी थी। अब आगामी 4 जनवरी 2025 को दिशा की बैठक आयोजित होगी। जिसमें तीनों सांसद,तीनों विधायक व जिला पंचायत चेयरमैन के सभी सरकारी विभागों के अधिकारी प्रतिभाग करेंगे। अधिकारियों ने बैठक से सम्बंधित तैयारी शुरू कर दी है।

# अल्पसंख्यक अधिकार दिवस: सीडीओ ने चेयरमैन दानिश कुरैशी को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुधवार को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया गया। जिसमें डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर

**अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी**

सोसाइटी के चेयरमैन दानिश कुरैशी आदि को सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में बुधवार अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर मुख्य अतिथि के रुप में हिमांशु गौतम आई ए एस मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित समस्त मदरसा संचालकों प्रबंधकों, प्रधानाचार्यो व अल्पसंख्यक समुदाय के सम्मानित व्यक्तियों




को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सरकार के द्वारा एमएसडीपी प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अल्पसंख्यक बाहुल्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अनेकों विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शिवकुमार ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से सभी को अवगत कराते हुए ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों को लाभ लेने का अनुरोध किया।

अल्पसंख्यक समुदाय के उत्थान एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता अभियान चलाने व जागरूक करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम आई.ए.एस व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शिवकुमार ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी के चेयरमैन मौ दानिश कु र ै शी , म ा स् ट र जुबेर,गुलनाज,मारवाड़ इंटर कॉलेज के कैफ आरम रेसलर,नाहिद,हुमा चौधरी, आयशा परवीन अक्शा, इलमा, जिया, मो उबेद,शाहबाज, मौ अहमद, कारी शहजाद, महताब,कारी शहजाद,दानिश कुरेशी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शिव कुमार, सोसायटी के चेयरमैन दानिश कुरैशी वली मो, चौधरी जुबेर, जाकिर हुसैन, अब्दुल कादिर, मोहसिन, नदीम सैफी, इकबाल सैफी, युनुस, कारी शहजाद, शायदा, गुलनाज, मौ अहमद समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

# सुन्दर दीप (एस0डी0जी0आई0) ग्लोबल विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय "आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण कार्यशाला" का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ऐजुकेशन एवं जिला







शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान, हापुड के संयुक्त तत्वाधान मे 'आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण कार्यशाला हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजने किया गया। इस कार्यशाला मे जनपद गाजियाबाद के विभिन्न ब्लॉक लोनी, मुरादनगर, भौजपुर, रजापुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कम्पोजिट विद्यालयों के 150 शिक्षक व शिक्षिकाओं एवं बी०एड० विभाग के छात्र/छात्राओं ने प्रशिक्षण मे भाग लिया। इस कार्यशाला मे सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने एन. ई.पी. 2020 के अनुसार आवश्यकता आधारित विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं सामुदायिक सहभागिता, समानुभूति, तनाव प्रबन्धन, समस्या समाधान, निर्णय लेने कि क्षमता आदि से संबंधित उपयोगी कौशल सीखे। इस अवसर पर एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो० (डॉ०) प्रसेंनजीत कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र मे नवीन नवाचारों के लिए इस तरह कि कार्यशाला अत्यन्त आवश्यक है। उपकुलपति पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से०नि०) ने परम्परागत शिक्षा प्रणाली एवं नवीन शिक्षा प्रणाली से सामंजस्य स्थापित करने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण उपयोगी बताये। इस कार्यशाला के समापन पर स्कूल ऑफ ऐजुकेशन के डायरेक्टर डॉ० अवधेश प्रताप सिंह ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को बधाई देते हुए इस प्रकार कि कार्यशाला मे ज्ञान और अनुभव के आदान-प्रदान की सराहना की। इस अवसर पर जितेन्द्र कुमार (डायट प्राचार्य), श्री उदेश कुमार (वरिष्ठ प्रवक्ता डायट), श्रीमती शिखा (वरिष्ठ प्रवक्ता डायट), श्री देवांकुर (रिसोर्स पर्सन) डॉ० नेहा चौधरी (सहायक प्रो०) शिक्षा विभाग, पूजा (सहायक प्रो०) शिक्षा विभाग, एवं सम्सत स्टाफ गण मौजूद रहे।

**भूमि पूजन** ग्राम हरनाथपुर कोटा में 21 लाख जिला पंचायत द्वारा निर्माण कराया जा रहा है

# जिला पंचायत चेयरमैन ने लाइब्रेरी का भूमि पूजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिला पंचायत चेयरमैन रेखा नागर के कार्यकाल में ग्रामीण क्षेत्र का चहुमुंखी विकास कराया जा रहा है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए जिला पंचायत द्वारा ग्राम हरनाथपुर कोटा में करीब 21 लाख की लागत से लाइब्रेरी का

- लाइब्रेरी बनने पर ग्राम पंचायत को सौंप दी जायेगी
- जि.पं.चेयरमैन ने रोजगार मेले का फीता काटकर किया शुभारंभ

निर्माण कराया जा रहा है। मंगलवार को जिला पंचायत चेयरमैन ने लाइब्रेरी का विधिवत भूमि पूजन किया।

आपको बता दें,कि जिला पंचायत चेयरमैन रेखा नागर द्वारा अपने कार्यकाल में जनपद के ग्रामीण क्षेत्र का चहुंमुखी विकास कराने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। वह स्वयं मौके पर जाकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। सम्बंधित ठेकेदारों को निर्देशित किया जा रहा है। विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई





समझौता नहीं किया जायेगा। जिला पंचायत चेयरमैन रेखा नागर ने बताया कि बुधवार को वार्ड संख्या 05 के ग्राम हरनाथपुर कोटा में जिला पंचायत द्वारा बनाई जा रही लाइब्रेरी का उनके द्वारा विधिवत भूमि पूजन किया। जिला पंचायत द्वारा 65 गज में लाइब्रेरी का निर्माण कराया जा रहा है। जिसके निर्माण पर करीब 21 लाख की धनराशि खर्च होगी। लाइब्रेरी बनने पर ग्राम पंचायत को सौंप दी जायेगी। वहीं दूसरी ओर जिला पंचायत चेयरमैन रेखा नागर ने ग्राम नानपुर में रुद्रा इंस्टीट्यूट टेक्नोलॉजी में आयोजित रोजगार मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर गहल सिंह नेता,विनोद प्रधान कोटा,श्री जिम्मी प्रधान,अजब सिंह चेयरमैन, अशोक हूण, ब्रह्मपाल मास्टर, राजेन्द्र मास्टर, राजबीर प्रधान,राणा एवं क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# बीजेपी सरकार में मंदिरों का पुनः जीर्णोद्धार हो रहा हैः पं.सुनील भराला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष,पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री पंडित सुनील भराला के



संभल दौरे को लेकर बुधवार को छिजारसी टोल पर पुलिस सुबह से ही मुस्तेद दिखाई दी,जैसे ही पंडित सुनील भराला का काफिला छिजारसी टोल प्लाजा पर पहुंचा तो पुलिस ने उन्हें वहीं पर रोक लिया और समझा कर वापिस भेज दिया।

पं.सुनील भराला ने पत्रकारों को बताया कि वह जनपद संभल के बालाजी मंदिर में भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित करने के लिए अपने काफिले के साथ जा रहे थे,कानून व्यवस्था के चलते छिजारसी टोल प्लाजा से ही वापस जाना पड़ा,जैसे ही भाजपा के वरिष्ठ नेता का काफिला टोल प्लाजा पर रुका,तो उनके समर्थको ने जय परशुराम के नारे लगाये। भाजपा नेता ने बताया कि संभल में भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित करके भगवान महादेव का 51 किलो दूध दुग्धाभिषेक करने जा

**संभल बालाजी मंदिर में भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित करने जा रहे थे**

रहे थे। पर उन्हें वापस दिल्ली जाना पड़ा,जहां से वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर सौरभ शर्मा,अनुराग शर्मा,किशन शर्मा,अनिल कुमार शर्मा, जितेन्द्र,मोनू त्यागी, लक्ष्मण, राकेश आदि मौजूद रहे।

## सम्बन्ध विच्छेद

मैं अपने पुत्र हरेन्द्र व पुत्र वधू श्रीमति प्रिया द्वारा अभद्र व्यवहार करने पर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए अपने व परिवार के अन्य सदस्यों के सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। हरेन्द्र व प्रिया द्वारा किये गये कृत्य के लिए वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**प्रार्थी**
**पप्पू पुत्र श्यामलाल**
**नि.मौ.भीमनगर,थाना हापुड़ देहात,तहसील व जिला हापुड़**

## सम्पादकीय

# किसी दृष्टि से छोटी घटना नहीं सुखबीर बादल पर हमला



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल पर हमला किसी दृष्टि से छोटी घटना नहीं है। संयोग कहिए या सुखबीर बादल की अभी आयु बची है अन्यथा हमलावर ने गोली चला ही दी थी। सुरक्षाकर्मियों ने उसे त्वरित गति से नियंतण्रमें लिया और हाथ ऊपर उठा दिया वरना जितने निकट से गोली चलाई गई थी सीधे सुखवीर बादल की छाती या सिर में घुस जाती। सुखबीर बादल को अन्य अकाली नेताओं के साथ श्रीअकाल तख्त साहिब की तरफ से 11 दिन की सेवा की धार्मिक सजा सुनाई गई है। वे मुख्य प्रवेश द्वार पर बरछा लेकर व्हीलचेयर पर बैठे थे। उनकी सजा का दूसरा दिन था। इस समय सुखबीर बादल का पैर क्षतिग्रस्त है जिस कारण वह कुर्सी पर बैठ कर सेवा कर रहे हैं। हमलावर 9 एमएम का ग्लोक रिवाल्वर लेकर इतने निकट पहुंच गया तो जांच होनी चाहिए कि ऐसा क्यों हुआ? वैसे यह दुर्भाग्य है कि कुछ नेताओं ने यही आरोप लगा दिया कि सुखबीर ने सहानुभूति लेने के लिए हमला कराया। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा है कि हम इस पहलू से भी जांच कर रहे हैं। हमले के तरीके और स्थिति को देखते हुए सामान्य व्यक्ति सोच भी नहीं सकता कि इसके पीछे सुखबीर बादल या स्वयं अकाली दल का ही कोई षड्यंत्र होगा। गिरफ्तार हमलावर का नाम नारायण सिंह चौड़ा है जिसे बब्बर खालसा इंटरनेशनल का आतंकवादी कहा जा रहा है। वह डेरा बाबा नानक का रहने वाला है। नारायण सिंह चौड़ा पर आतंक और अपराध के अनेक आरोप हैं। जानकारी के अनुसार उस पर पाकिस्तान से भारी संख्या में हथियार लाने सहित करीब 30 मामले दर्ज हैं। वह तीन बार जेल जा चुका है और 3,139 दिनों तक जेल में रहने का उसका रिकॉर्ड है। उसे 28 फरवरी, 2013 को दो अन्य के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसके कुराली स्थित ठिकाने से काफी संख्या में हथियार और गोला बारूद बरामद हुए थे। वह बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकवादियों जगतार सिंह हवारा, परमजीत सिंह भ्योरा, जगतार सिंह तारा और देवी सिंह को 2004 में चंडीगढ़ की बुरैल जेल से भागने में मदद की थी।ध्यान रखिए कि ये सब पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के हत्यारे हैं, जो जेल में सुरंग खोदकर फरार हो गए थे। हालांकि इस मामले में वह बरी किया जा चुका है। उस पर 8 मई ,2010 को परमजीत सिंह पंचवाड़ के ड्राइवर रहे रतनदीप सिंह के साथ अमृतसर में सर्किट हाउस के पास एक कार में आरडीएक्स रख कर धमाका करने की साजिश का भी आरोप लगा था। तरण तारण, गुरदासपुर सहित अन्य जिलों में भी उस पर गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम यानी यूएपीए सहित गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। अंतिम बार वह 2022 में जमानत पर बाहर आया। चार दशक पहले उसके पाकिस्तान जाकर प्रशिक्षण लेने की भी बात सामने आई है। वहां उसने खालिस्तान नेशनल आर्मी का गठन किया था। वास्तव में आतंकवाद के शुरू आती चरण के दौरान पंजाब में हथियारों और विस्फोटकों की बड़ी खेप की तस्करी में वह शामिल रहा। पाकिस्तान में रहते हुए उसने गुरिल्ला युद्ध और देशद्रोही साहित्य पर किताब भी लिखी। सुखबीर बादल पर हमले के बाद केंद्रीय रेल राज्य मंत्री नवनीत सिंह बिट्टू का बयान है कि नारायण चौड़ा ने 2009 में उन पर भी हमला किया था। उनके अनुसार वह गाड़ी में आरडीएक्स लेकर घूमता था। बिट्टू लगातार यह विषय उठा रहे हैं कि ऐसे आतंकवादियों को जेल से रिहा करना खतरनाक है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मामले में एसआईटी गठित कर दी है, जिसमें अमृतसर पुलिस कमिश्नर के साथ 5 वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

# जाकिर हुसैन के निधन से शून्य हुई तबले की थाप



ललित गर्ग

दुनियाभर में शास्त्रीय संगीत में भारत को अलग पहचान दिलाने वाले उस्ताद और मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन अब हमारे बीच नहीं रहे। 73 साल की उम्र में हुसैन ने अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में आखिरी सांस ली। उनके निधन से आज भारतीय संगीत की लय थम गई, सुर मौन हो गए, भाव शून्य हो गए। मौसिकी की दुनिया में हुसैन के तबले की थाप एक अलहदा पहचान रखती है, वे दुनिया भर के अनगिनत संगीत प्रेमियों द्वारा संजोई गई एक असाधारण विरासत छोड़ गए हैं, जिसका प्रभाव आने वाली पीढ़ियों तक बना रहेगा। भारतीय तबले की गौरवशाली परंपरा की सुगंध विश्व भर में प्रसारित करने वाले हुसैन के अनंत में विलीन होने से गहन सन्नाटा छा गया है। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत एवं तबला वादन का दुनिया में विशिष्ट स्थान है, क्योंकि यह सत्यं, शिवं और सौन्दर्य की युगपत उपासना की सिद्ध एवं चमत्कारी अभिव्यक्ति है। उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत में क्रांति का शंखनाद किया।

उस्ताद जाकिर हुसैन का जन्म 9 मार्च 1951 को हुआ, जाकिर हुसैन तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा के बेटे थे। हुसैन का बचपन मुंबई में ही बीता। 12 साल की उम्र से ही जाकिर हुसैन ने संगीत की दुनिया में अपने तबले की आवाज को बिखेरना शुरू कर दिया था। प्रारंभिक शिक्षा और कॉलेज के बाद हुसैन ने कला के क्षेत्र में अपने आप को स्थापित करना शुरू कर दिया। 1973 में उनका पहला एलबम लिविंग इन द मैटेरियल वर्ल्ड आया था। उसके बाद तो जैसे जाकिर हुसैन ने ठान लिया कि अपने तबले की आवाज को दुनिया भर में बिखेरेंगे। 1979 से लेकर अब तक जाकिर हुसैन विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समारोहों और एलबमों में अपने तबले का दम दिखाते रहे। जाकिर हुसैन भारत में तो बहुत ही प्रसिद्ध थे साथ ही साथ विश्व के विभिन्न हिस्सों में भी समान रूप से लोकप्रिय थे। वे भारतीय संगीत जगत का एक उज्ज्वल नक्षत्र थे। वे पारम्परिक कौशल, रचनात्मकता एवं संवेदनशीलता से युक्त तबला वादन में कल्पनाशील विस्तार, गहन अलौकिकता और अचूक कलात्मक संयम एवं वैभव के लिये विख्यात थे। वे अपनी कला के अकेले महारथि थे। उन्होंने शास्त्रीय संगीत एवं कला को लोकरंजन का साधन बनाने के लिये क्लिष्टता को दूर कर उसे सुगम बनाया। ईश्वर को आलोकपुंज मानते हुए उससे एकाकार होकर अपनी कला को प्रस्तुति देते हुए हुसैन ऐसा प्रतीत कराते थे, मानो उनका ईश्वर से सीधा साक्षात्कार हो रहा है। यही कारण है कि उनके तबले वादन एवं संगीत साधना से रू-ब-रू होने वाले असंख्य लोग उनकी साधना में गौता लगाते हुए मंत्रमुग्ध हो जाते थे। उनका यह स्थान सर्वोपरि रहा है, जिसे अब कोई पूरा नहीं कर सकता। उनके निधन से तबला वादन संसार की एक पाठशाला आज वीरान हो गई।

जाकिर हुसैन यूं तो सम्मान एवं पुरस्कारों से ऊपर थे। फिर भी उन्हें 1988 में जब पद्मश्री का पुरस्कार मिला था तब वह महज 37 वर्ष के थे और इस उम्र में यह पुरस्कार पाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति भी थे। इसी तरह 2002 में संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण का पुरस्कार दिया गया था। 22 मार्च 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उस्ताद जाकिर हुसैन तबले को हमेशा आम लोगों से जोड़ने की कोशिश करते थे। यही वजह थी कि शास्त्रीय विधा में प्रस्तुतियों के दौरान बीच-बीच में वे अपने तबले से कभी डमरू, कभी शंख तो कभी बारिश की बूंदों जैसी अलग-अलग तरह की ध्वनियां निकालकर सुनाते थे। वे कहते थे कि शिवजी के डमरू से कैलाश पर्वत से जो शब्द निकले थे, वही शब्द लेकर उन्हें ताल की जुबान में बांधा। हम सब तालवादक, तालयोगी या तालसेवक उन्हीं शब्दों को अपने वाद्य पर बजाते हैं। गणेशजी इन सबके कुलदेव हैं। उस्ताद जाकिर हुसैन की शख्सियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने महज 11 साल की उम्र में अमेरिका में पहला कॉन्सर्ट किया। यानी तकरीबन 62 साल तक उनका और तबले का साथ नहीं छूटा। उन्हें उनकी पीढ़ी के सबसे महान तबला वादकों में माना जाता है।जब तबले का जिक्र आता है तो सबसे बड़े नामों में उस्ताद जाकिर हुसैन का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। उन्होंने न सिर्फ अपने पिता उस्ताद अल्ला रक्खा खां की पंजाब घराने (पंजाब बाज) की विरासत को आगे बढ़ाया, बल्कि तबले के शास्त्रीय वादन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ले गए। उस्ताद को संगीत की दुनिया का सबसे बड़ा ग्रैमी अवॉर्ड 1992 में द्द प्लेनेट ड्रम और 2009 में ग्लोबल ड्रम प्रोजेक्ट के लिए मिला। इसके बाद 2024 में उन्हें तीन अलग-अलग संगीत एलबमों के लिए एकसाथ तीन ग्रैमी मिले। 1978 में जाकिर हुसैन ने कथक नृत्यांगना एंटोनिया मिनीकोला से शादी की थी। उनकी दो बेटियां हैं, अनीसा कुरैशी और इसाबेला कुरैशी। अनीसा ने यूसीएलए से स्नातक किया है और वह एक फिल्म निमार्ता हैं। 1983 में जाकिर हुसैन ने फिल्म ह्वीट एंड डस्ट से अभिनय के क्षेत्र में कदम रखा। इसके बाद 1988 में द्द परफेक्ट मर्डर, 1992 में मिस बैटीज चिल्डर्स और 1998 में साज फिल्म में भी उन्होंने अभिनय किया।



हुसैन का तबला वादन का सृजन एवं संगीत मनोरंजन एवं व्यावसायिकता के साथ आध्यात्मिकता एवं सृजनात्मकता का आभामंडल निर्मित करने वाला है। उनके भारतीय शास्त्रीय संगीत की साधना एवं तबला वादन का उद्देश्य आत्माभिव्यक्ति, प्रशंसा या किसी को प्रभावित करना नहीं, अपितु स्वान्तः सुखाय, पर-कल्याण एवं ईश्वर भक्ति की भावना है। इसी कारण उनका शास्त्रीय संगीत, एवं तबला वादन स्वरों की साधना सीमा को लांघकर असीम की ओर गति करती हुई दृष्टिगोचर होती है। उनका उनका तबला वादन हृदयग्राही एवं प्रेरक है क्योंकि वह सहज एवं हर इंसान को आत्ममुग्ध करने, झकझोरने एवं आनन्द-विभोर करने में सक्षम है। भगवान शिव की जीवंतता को साकार करने वाला यह महान कलाकार सदियों तक अपनी शास्त्रीय-संगीत साधना एवं तबला वादन के बल पर हिन्दुस्तान की जनता पर अपनी अमिट छाप कायम रखेगा। 90 के दशक में ताजमहल चाय के ह्वाह ताजह्न विज्ञापन ने उन्हें हर घर में पहचान दिलाई। इस विज्ञापन में चाय की चुस्की लेते हुए उनकी तबला जुगलबंदी के दौरान बोली गई वाह ताज ने ताजमहल चाय को आम लोगों में फेमस कर दिया था। जाकिर हुसैन के तबला वादन की तासीर ही है कि उन्हें सुनते एवं देखते हुए कोई शख्स तनावों की भीड़ में शांति महसूस करता तो किसी के अशांत मन के लिये वह समाधि का नाद होता है। उनका संगीत एवं तबला वादन चंचल चित्त के लिये एकाग्रता की प्रेरणा होता तो संघर्ष के क्षणों में संतुलन का उपदेश। वह एक दिव्य एवं विलक्षण चेतना थी जो स्वयं संगीत एवं तबला वादन में जागृत रहती और असंख्य श्रोताओं के भीतर ज्योति जलाने का प्रयास करती। हर जगह यह बेजोड़ तबला वादक शास्त्रीयता की राह पर चलते हुए भक्ति का एक लोकपथ सृजित करता था, धरती से ब्रह्माण्ड तक, संगीतप्रेमियों से वैज्ञानिकों तक, राजनीतिज्ञों से साधकों तक सबकी नजरें इस अलौकिक एवं विलक्षण तबला वादक पर लगी रहती थी। आधुनिक संदर्भों में शास्त्रीय तबला के मूर्धन्य एवं सिद्ध उपासकों की कड़ी में जाकिर हुसैन का देवलोकगमन होना एक महान संगीत एवं तबला परंपरा में गहरी रिक्तता एवं एक बड़े खालीपन का सबब है। भले ही मृत्यु उन्हें छिपा ले और महत्तर मौन उन्हें घेर ले, फिर भी उनके स्वर, तबला वादन एवं संगीत का नाद इस धरती को सुकोमलता का अहसास कराता रहेगा।

# बांग्लादेश से आ रही चुनौती बेहद गहरी

अब चूंकि बात मुस्लिम पहचान पर आ गई है, तो स्वाभाविक नतीजा है कि धार्मिक अल्पसंख्यकों के समान अधिकार की आकांक्षा पर चोट की जा रही है। इस रूप में पूरब की ओर भी फिर से पाकिस्तान की धारणा साकार हो रही है।

बांग्लादेश के साथ भारत के बिगड़ते रिश्तों का दीर्घकालिक संदर्भ बनता दिख रहा है। बांग्लादेश में बड़ी संख्या में लोग अपने देश की पहचान 1971 के संदर्भ में देखने के बजाय 1947 के संदर्भ में देखने लगे हैं। और यह कोई छिपी बात नहीं है। देश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस इसे संयुक्त राष्ट्र के मंच पर कह चुके हैं। तब उन्होंने कहा था: बांग्लादेश बना, क्योंकि लोगों का उदारवाद, बहुलवाद एवं धर्मनिरपेक्षता में गहरा यकीन था। दशकों बाद अब नई पीढ़ी उन उसूलों पर पुनर्विचार कर रही है, जैसाकि 1952 में हुआ था, जब हमारे देशवासियों ने अपनी मातृभाषा बांग्ला की रक्षा का संकल्प लिया था।ह्न

यानी 1952 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के लोगों ने मजहबी आधार पर बने राष्ट्र को नकार कर भाषा एवं संस्कृति पर आधारित बहु-धर्मीय राष्ट्र को स्वीकार किया था। जबकि अब लोग 1947 की तरफ लौट रहे हैं, जब भारत का मजहबी आधार पर विभाजन हुआ। अब चूंकि बात मुस्लिम पहचान पर आ गई है, तो स्वाभाविक नतीजा है कि धार्मिक अल्पसंख्यकों के समान अधिकार की आकांक्षा पर चोट की जा रही है। इस रूप में पूरब की ओर भी पाकिस्तान की धारणा साकार हो रही है। यह घटनाक्रम ऐसे वक्त पर उभर कर सामने आया है, जब भारत उसे वैचारिक चुनौती देने के लिए लिहाज से सबसे कमजोर स्थिति में है। चूंकि भारत में भी अब मुख्य विमर्श हिंदू-मुसलमान पर केंद्रित है, इसलिए बांग्लादेश में हमेशा से मौजूद रहे, लेकिन अब सिर उठा कर सामने आ चुके महजबी कट्टरपंथी ताकतों को भी तर्क मिल रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि अल्पसंख्यकों पर अत्याचार को लेकर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को अंतरराष्ट्रीय कठघरे में कड़ा करने की रणनीति पर राष्ट्रीय आम सहमति बनाने के बजाय भारत में सियासी पार्टियां इस पर राजनीतिक लाभ उठाने के अभियान में जुटी हुई हैं। मगर इससे बांग्लादेश के हिंदुओं का भला होने के बजाय और नुकसान हो रहा है। हमारी पार्टियां यह समझने में विफल हैं कि बांग्लादेश से आ रही चुनौती बेहद गहरी है, जिसका मुकाबला संयम और दूरदर्शिता के साथ ही किया जा सकता है।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# सर्दी के मौसम में उच्च रक्तचाप: कारण, निवारण तथा होम्योपैथिक चिकित्सा



डॉक्टर एमडी सिंह

कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। बदलते मौसम में दिनचर्या में बदलाव लाने की जरूरत होती है अन्यथा शरीर को बीमारियाँ घेर लेती हैं
आमतौर पर सर्दी के मौसम में बीमारियां कम हो जाती हैं। खासतौर से बैक्टीरिया और पैरासाइट्स के कारण उत्पन्न होने वाली बीमारियां इस मौसम में कुछ कम हो जाती हैं। क्योंकि मच्छर , मक्खी, पिस्सू इत्यादि इन रोगों के वाहक इस मौसम में कम हो जाते हैं । सर्दी के वजह से मनुष्य भी जल का प्रयोग कम करता है, जिससे अनावश्यक जलजमाव रुक जाता है। परिणाम स्वरूप जल जनित बीमारियां कम हो जाती हैं। किंतु सर्दी के मौसम में अन्य बीमारियों की भरपाई रक्त संचार संबंधी शारीरिक गड़बड़ियां कर देती हैं।इनमें उच्च रक्तचाप प्रमुख है।

**सर्दी के मौसम में उच्च रक्तचाप के कारण-**

1- ठंड के कारण धमनियों का संकुचित हो जाना। जिसके कारण रक्त के प्रवाह को सामान्य बनाए रखने के लिए मस्तिष्क और हार्ट को अधिक कार्य करना पड़ता है।

2- रक्त में गाढ़ापन और कभी-कभी थक्के बनना। इससे भी शिराओं और धमनियों में रक्त संचार धीमा और बलपूर्वक होने लगता हैं जो ब्रेन, हार्ट, किडनी एवं फेफड़े चारों के लिए घातक है।

3- धमनियों में अवरोध के कारण मस्तिष्क में रक्त संचार की कमी। जिसके कारण मस्तिष्क सुस्त होने लगता है। जिसकी पूर्ति ब्रेन हार्ट रेट और रक्त संचार को बढ़ाकर करता है।

4- पसीने की कमी। पसीने से नमक काफी अधिक मात्रा में शरीर से बाहर जाता है। किंतु जाड़े के मौसम में पसीना नहीं निकलता जिसके कारण भी नमक का कंसंट्रेशन रक्त में बढ़ जाता है जो उच्च रक्तचाप का एक प्रमुख कारण है।

5- सर्दी के मौसम में दिन छोटे होने के कारण काम के घंटे कम हो जाते हैं जो व्यवसाय के लिए नुकसानदेह हैं। इसके कारण व्यक्ति में सोचने की प्रक्रिया बढ़ जाती है जो अवसाद का कारण बनती है, और मस्तिष्क की यही अति सक्रियता उच्च रक्तचाप का कारण।

6- व्यायाम की कमी। जाड़े के मौसम में ठंड और आलस्य के कारण मनुष्य लिहाफ से बाहर नहीं निकलना चाहता। वार्मअप, व्यायाम और योगासन जैसी सही और रक्त संचार को सक्रिय रखने वाली प्रक्रियाएं घट जाती हैं, जो रक्त के जमाव को प्रोत्साहित करती हैं ।फल स्वरूप उच्च रक्तचाप प्रभावी हो जाता है।

7- फास्ट फूड और तैलीय भोजन का प्रयोग बढ़ना। इससे लिवर फंक्शन प्रभावित होता है। रक्त वाहिकाओं में कोलेस्ट्रोल का डिपाजिशन होने लगता है जो सहज रक्तचाप को बढ़ावा देता है।

8- मुख्य शरीरसंचालक अंगों को रक्त की कमी हो जाना। शरीर के हर अंग को सही ढंग से कार्य करने के लिए एक निश्चित मात्रा में रक्त की आवश्यकता होती है। जिसके ना मिलने के कारण उनकी कार्य क्षमता घट जाती है। जैसे किडनी फंक्शन कमजोर होने से शरीर में प्रोटीन , क्रिएटिनिन और यूरिया की मात्रा बढ़ जाती है, जो ब्रेन टाक्सीमियां की प्रमुख कारण है। जिसके फलस्वरूप रक्तचाप का बढ़ना स्वाभाविक है।

**शीतकालीन उच्च रक्तचाप के दुष्प्रभाव-**

1- ब्रेन हेमरेज अथवा ब्रेन स्ट्रोक---
रक्तचाप के बढ़ जाने से मस्तिष्क की धमनियां फट सकती हैं। जाड़े के दिनों में मॉर्निंग वाक अथवा टॉयलेट में इसे अक्सर होते हुए पाया जाता है।

2- हार्ट अटैक अथवा हार्ट ब्लॉक--
रक्त के थक्के जम जाने, कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ जाने, अथवा हार्ट को जमे हुए रक्त को संचालित करने के लिए ज्यादा काम करना पड़ता है। जिसके कारण उसके मस्कुलेचर को कोरोनरी आर्टरी प्रचुर मात्रा में रक्त प्रदान नहीं कर पाती। यही एंजाइना, हार्ट ब्लॉक एवं हार्ट अटैक का कारण बनता है।

3- हाइपर एसिडिटी--
मस्तिष्क की अति सक्रियता के कारण आमाशय में एच सी एल और पेप्सीन स्राव बढ़ जाता है जो हाइपरएसिडिटी का कारण बनता है और पाचन को प्रभावित करता है।

4-- लिवर फंक्शन का दुष्प्रभावित होना--
जाड़े के दिनों में फैट का ज्यादा सेवन करने के कारण पोर्टल आरट्री एंगार्ज्ड हो जाती है जो हाई ब्लडप्रेशर के साथ-साथ पाइल्स का भी कारण बनती है।

5- सर दर्द ,अवसाद ,बेचैनी और बात बात पर गुस्सा करना।

# चमकदार त्वचा के लिए कॉर्न फेस पैक



शहनाज हुसैन

मक्के का आटा सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है ।इसमें विटामिन.ए, विटामिन.बी, विटामिन.ई, कॉपर, आयरन, जिंक, मैग्नीशियम, सेलेनियम और पोटैशियम जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं । इन गुणों की बजह से मक्के का आटा सेहत के प्रति सम्बेंदनशील लोगों के लिए सर्दियों में पहली पसन्द माना जाता है ।

सर्द मौसम में मक्के की आटे की रोटी शरीर के प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है और करने और दिल को हेल्दी बनाए रखने में भी मदद करती है। लेकिन क्या आपको पता है कि इसका इस्तेमाल पुराने समय से महिलाओं द्वारा त्वचा को निखारने में भी किया जा रहा है और कॉर्न फेस पैक महंगे सलूनों में स्किन केयर के लिए धडले से किया जा रहा है ।

मकई के आटे की महीन बनावट इसे एक प्रभावी प्राकृतिक एक्सफोलिएंट बनाती है। मक्के के आटे के फेस पैक बनाकर आप अपने चेहरे पर नेचुरल ग्लो ला सकते हैं।

अगर आप सर्दियों में बजन को नियन्त्रित रखना चाहते हैं तो मक्के का आटा काफी सहायक सिद्ध हो सकता है ।मक्के में फाइबर पाया जाता है जो पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है। इससे आपको बार.बार भूख नहीं लगती हैए जिससे वजन कम करने में मदद मिल सकती है। चेहरे पर मक्के के आटे से बना फेस त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने में मदद करता है जिससे आपकी त्वचा निखरी और आकर्षक दिखती है । चेहरे पर मक्के के आटे से बना फेस कील .मुंहासों को कम करने, दाग.धब्बों को हल्का करने के साथ.साथ त्वचा को पौषण भी प्रदान करता है। कांच के कटोरे में 2 चम्मच मक्के का आटा, 1 चम्मच ओटमील पाउडर, जरूरत अनुसार कच्चा दूध डालकर अच्छे से मिक्स कर लें और इसे 10 मिनट तक भीगने के लिए छोड़ दें।

समय पूरा होने के बाद कटोरे में 2 चम्मच शहद और एक चुटकी हल्दी डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

अब आप इसे पैक को अपने चेहरे पर लगाएं और आधा घण्टा तक सूखने दें और बाद में ताजे पानी से हाथों को गीला करके फेस को साफ करें।

आप हफ्ते में दो बार इस नुस्खा का प्रयोग कर सकते हैं।

2 -मक्की के आटे का मास्क बनाने के लिए दो चमच्च मक्की का आटा और एक चमच्च शहद को बाउल में मिला कर पेस्ट बना लें । इस मिश्रण को आँखों के आसपास के क्षेत्र को छोड़ कर हलके हलके से अपने चेहरे पर लगाएं। इसे 30 मिनट तक लगा रहने दें और बाद में गुनगुने पानी से धो डालें
गुनगुने पानी से धो लें।

3 -एक कटोरे में दो चमच्च चावल का आटा और दो चम्मच मक्के का आटा और थोड़ा सा दूध लेकर पेस्ट बना लें । इस फेस पैक को चेहरे पर समान रूप से लगाएं और जब यह सुख जाये तो साफ ताजे पानी से धो लें और बाद में त्वचा पर हल्का मॉइस्चराइजर लगा लें।

4 -एक बाउल में एक चम्मच मक्के का आटा, केसर और चंदन डालें।
इसमें थोड़ा.सा ठंडा दूध डालकर पेस्ट बना लें और इसे अपने चेहरे पर 30 मिनट के लिए लगाकर छोड़ दें। इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें। इससे चेहरे पर प्रकृतिक निखार आएगा और त्वचा की रंगत निखरेगी ।

5 -----एक बाउल में एक बड़ा चम्मच नारियल का दूध लें इसमें दो चम्मच मक्के का आटा और एक चुटकी हल्दी मिला लें। इस पेस्ट को बनाकर चेहरे पर लगाएं और 10.15 मिनट बाद पानी से धो लें।

मक्के के आटे में उचित मात्रा में प्रोटीन होता है जो कोलेजन को बढ़ाता है जिससे त्वचा में लचीलापन आता है जोकि त्वचा में झुर्रियों । फाइन लाइन्स को रोकने में मदद करते है जिससे आप जवां और आकर्षक दीखते हैं इसमें मौजूद विटामिन ए प सूरज की यु बी किरणों से त्वचा की क्षति को रोकने में मदद करता है। खनिज और अमीनो एसिड जैसे तत्व त्वचा को स्वस्थ, जीवंत और चिकना रखते हैं। मक्के के आटे के सुपर ऑयल को अवशोषित करने वाले गुण तैलीय त्वचा और मुहांसों वाली त्वचा के लिए बहुत अच्छे हैं। इस आटे में विटामिन ई की उपस्थिति त्वचा की ड्राइनेस को कम करती है, त्वचा को यूवी किरणों के नुकसान से बचाती है और त्वचा को ग्लोइंग बनाती है। इससे बने फेस पैक्स त्वचा की रंगत निखारते हैं।

**लेखिका अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेष और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय है**

# गुरुवार का राशिफल

मेष: साँस या एलर्जी से सम्बन्धित रोग में कमी आयेगी, कोई भी कार्य मन लगाकर करें, संतान के सेटलमेंट को लेकर कोई फैसला करेंगे। भाग्य प्रतिशत-67

वृषभ: कोई मेडिकल, इंश्योरेंस पॉलिसी, एफडी करवा सकते है, आगे पढ़ाई जारी रखना चाहेंगे, व्यापारिक फैसले सोच समझकर लें। भाग्य प्रतिशत-58

मिथुन: परिवार बढ़ाने पर विचार करेंगे, बाहर पढ़ने,नौकरी करने, विदेश जाने के रास्ते थोड़ी अटकल के बाद बन जाएंगे, कोई बंटवारा हो तो चुप ना रहे। भाग्य प्रतिशत-64

कर्क: उत्तम विचार आयेंगे आत्मविश्वास बढ़ेगा, फाइनेंस की समस्या हल होगी, नौकरी में अच्छा ऑफर मिल सकता है, भागदौड़ बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-67

सिंह: सम्मान बढ़ेगा, अपने कार्य की प्लानिंग सफल होगी, ऊंचाई, गहरे जल, बिजली कार्य करते समय सावधान रहें, डिजिटल मार्केटिंग से लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-62

कन्या: रुके हुए कार्य बनेंगे, लोगों से संपर्क जितना बढ़ाए अच्छा रहेगा, केस आदि से बरी होने की संभावना बनेगी, सर्जरी की तारीख मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-61

तुला: प्रेम संबंधों में अधिक रुचि बढ़ेगी, ऑफिस का कोई सीक्रेट कार्य करने को मिल सकता है, अर्थशास्त्र, अकाउंट, टैक्स सबंधित क्षेत्र में प्रगति के अवसर मिलेंगे। भाग्य प्रतिशत-71

वृश्चिक: मनोकामना पूरी होगी, नई चुनौतियां भी है, ईश्वर के दर्शन करेंगे, शिक्षा क्षेत्र में प्रगति करेंगे, वैवाहिक जीवन की परेशानी हल हो सकती है प्रयास बढ़ाए। भाग्य प्रतिशत-63

धनु: परिश्रम बढ़ेगा, फाइनेंस को लेकर भी हिसाब लगायेंगे, स्वास्थ्य सेवा पर खर्चा होगा, बीमा से पैसा, हेल्थ पॉलिसी से लाभ मिल सकता है। भाग्य प्रतिशत-65

मकर: विवाह को लेकर चिंता रहेगी, काम की तारीफ होगी, कला, पब्लिशिंग, सौंदर्य प्रसाधन, चांदी व्यवसाय के क्षेत्र में है तो उन्नति मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-70

कुंभ: खुद को आगे बढ़ाएगे, घर से कोई कार्य शुरू कर सकते है, पति को आर्थिक लाभ का रास्ता बनेगा, घरेलू जरुरते अच्छे से पूरी होंगी। भाग्य प्रतिशत-72

मीन: व्यस्तता बढेगी, चिंता दूर होगी, मन को मजबूत करेंगे, जुड़े पैसे को लेकर फैसला करेंगे, घर के रोगी को इलाज मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-54



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# छात्रा की अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी, दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव की छात्रा की अश्लील वीडियों बनाकर उसे वायरल करने के धमकी के मामले में पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर दो युवकों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देते हुए बताया था कि उसकी पुत्री की विपिन उर्फ मोनू व उसके सहयोगी सुनिल पुत्र मामन ने चोरी चुपके से अश्लील वीडियों बना ली थी। जिसके बाद से वह दोनों उसकी पुत्री को वीडियों के द्वारा ब्लैकमेल कर रहे थे। युवती के द्वारा उनकी बातों को ना मामने पर बार - बार उसे वीडियों वायरल करने की धमकी दी जा रही थी। युवती के द्वारा उनकी बातों को नही माना तो दोनों युवकों ने स्कूल जाते समय उन्सकी पुत्री को रोक लिया तथा उसके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी।

युवती के विरोध करने पर उक्त दोनों युवकों ने वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिससे युवती व उसका परिवार मानसिक रूप से तनाव में है। पीडित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी क्षितिज कुमार का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्यवाही करते हुए अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। जल्द ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# पुलिस ने छात्राओं को किया सुरक्षा के प्रति जागरूक: बहसूमा में मिशन शक्ति फेज-5 अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**बहसूमा।** बहसूमा कस्बे में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने मिशन शक्ति फेज-5 के तहत क्षेत्र में जागरूकता अभियान छेड़ा है। बहसूमा थाना की महिला पुलिस ने एंटी रोमियो टीम के साथ मिलकर कस्बे में स्थित श्री मनफूल सिंह कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं को जागरूक किया।इस पहल में विद्यालय की छात्राओं को सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

**स्कूलों-कॉलेजों में खास पहल**

महिला सब इंस्पेक्टर कोमल चौधरी ने बताया कि शिक्षण संस्थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और शिकायत पेटिका स्थापित करने की शुरूआत की है। छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर 1090,181, और 1930 के बारे में जानकारी दी गई है।साथ ही, उन्हें आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए गए।

कालेजों में साइबर अपराध और बैड टच- गुड़ टच,और आत्मरक्षा तकनीकों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। महिला सब इंस्पेक्टर कोमल चौधरी ने छात्राओं को इन विषयों पर समझाया और उनकी समस्याएं सुनीं।

**बेवजह घूमने वालों पर सख्ती**

बहसूमा पुलिस की महिला सब इंस्पेक्टर कोमल चौधरी ने बताया कि कालेजों के बाहर बेवजह घूम रहे युवकों को चेतावनी दी गई है।शोहादों को रोककर उन्हे पूछताछ के बाद छोड़ा गया।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, छात्राओं को आत्मनिर्भर और सजग बनाना है।

पुलिस के जागरूकता कार्यक्रमों और सतर्क निगरानी से महिलाओं व छात्राओं की सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है। इस मौके पर महिला सब इंस्पेक्टर कोमल चौधरी, महिला कांस्टेबल दीक्षा, महिला हेड कांस्टेबल रीना, कालेज प्रधानाचार्या श्रीमती भावना चौधरी, प्रबंधक ब्रह्मचारी सिंह, अमित कुमार, अर्जुन देशवाल, प्रवेंद्र लांबा आदि मौजूद रहे।

# कबड्डी प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर की छात्राओं ने किया प्रथम स्थान प्राप्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव जसाला स्टेडियम में जिला स्तरीय बेसिक मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर की छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गांव में पहुंचने पर छात्राओं का ग्रामीणों के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

विकासखंड क्षेत्र के गांव जसाला स्टेडियम में गत दिवस मंगलवार को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर की छात्राओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया। छात्राओं ने कबड्डी प्रतियोगिता मैं प्रथम स्थान हासिल करते हुए परचम लहराया। विजेता टीम को कमेटी के द्वारा ट्राफी एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। बुधवार को विजेता छात्राओं का गांव में पहुंचने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया दर्जनों ग्रामीणों ने छात्राओं को फूल माला पहनकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार धामा के द्वारा बताया गया कि विद्यालय की छात्राओं ने एक माह के भीतर दूसरी बार कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय एवं गांव का नाम रोशन किया है। इस मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# नारी रक्षा हमारी सुरक्षा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कालेज में मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को नारी रक्षा हमारी सुरक्षा के चलते पुलिस द्वारा जागरूक किया गया। जिसमें महिलाओं ओर छात्राओं की सुरक्षा को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देते हुए योजनाओं से अवगत कराया।इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।बुधवार को कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के तहत नारी रक्षा हमारी सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस की महिला सब इंस्पेक्टर ललिता, हैड कांस्टेबल सुनीता ने छात्राओं और शिक्षिकाओं सहित कस्बे में कई स्थानों पर महिलाओं और छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 की



जानकारी दी तथा छात्राओं को बताया कि यदि कोई आपके साथ असम्मान जनक तरीके से व्यवहार करता है। जिसमें घरेलु हिंसा अथवा कोई आपको इन्टरनेट के माध्यम से परेशान करता है और किसी सार्वजानिक स्थल पर या कार्यस्थल पर छेड़खानी या हिंसा करता है तो आप इसकी सूचना महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 पर दे सकती हैं । इसमें खास बात यह है कि आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी अर्थात शिकायतकर्ता का नाम सार्वजानिक नहीं किया जायेगा। किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं एवं छात्राएं इस नंबर पर कॉल कर- के मदद मांग सकती हैं। वहीं महिलाओं के लिए चल रही कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया।

# किसान की ट्यूबवेल पर चोरी पुलिस तलाश में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव चढाव में रात के समय चोरों ने किसान के टूयूबवेल की दीवार तोड़कर उपकरण व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया है। पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है।

नगर व क्षेत्र में दिंसबर में ठंड के प्रकोप के साथ ही चोरों का प्रकोप बढना शुरू हो गया है। बुधवार की रात्रि क्षेत्र के गांव चढाव में चोरी की घटना सामने आई है। गांव निवासी किसान बिन्दर के खेत की टूयूबवेल को चोरों ने निशाना बनाया है।चोरों ने टूयूबवेल के कमरें की दीवार को तोड़कर उसके भीतर घुस गए। चोरों ने टूयूबेवल के मोटर व अन्य उपकरणों को तोड़कर चोरी कर लिया और घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। सुबह के समय पीड़ित किसान सहित अन्य लोग खेत पर पंहुचें तो चोरी की घटना के बारें में जानकारी मिली। किसानों ने चोरों की काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नही लग सका। पीड़ित किसान ने थाने पहुंचकर चोरों के विरूद्ध तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित किसान को कार्रवाई का आश्वासन देकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि किसान की ट्यूबवेल पर चोरी होने की सूचना मिली है जल्दी खुलासा कर दिया जाएगा।

# कार सवार पर कपड़ों से भरा बैग व नगदी लेकर फरार होने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** बाबरी थाना क्षेत्र के गांव बुटराडा निवासी एक व्यक्ति ने कार सवार पर उसका कपड़ों से भरा बैग एवं हजार रुपए की नगदी लेकर पीड़ित व उसकी पत्नी को क्षेत्र के गांव पंजोखरा के निकट छोड़कर फरार हो जाने का आरोप लगाया है पुलिस तलाश में जुटी है।

बाबरी थाना क्षेत्र के गांव बुटराडा निवासी एहसान पुत्र असगर ने बुधवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि गत दिवस सोमवार की देर रात्रि पीड़ित बागपत जनपद के कस्बा बड़ौत से सफेद रंग की एक वेगनर कार में सवार होकर शामली के लिए आ रहा था।

आरोप है कार चालक ने क्षेत्र के गांव पंजोखरा के निकट रात्रि में कार को हाईवे किनारे रोक लिया और पीड़ित को बहाने से उतारकर कार में रखा पीड़ित का कपड़ों से भरा बैग एवं पंद्रह हजार रुपए की नगदी लेकर फरार हो गया।

काफी तलाश करने के बाद भी कार चालक का कहीं भी सुराग नहीं लग रहा। पीड़ित ने बुधवार को थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस तलाश में जुटी हुई है ।

## संक्षिप्त समाचार

### जनपद में विभिन्न चौराहों पर भिक्षावृत्ति एवं दुकानो पर कार्य कर रहे बाल श्रमिको के चिन्हांकन हेतु चलाया गया अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** सहायक श्रमायुक्त अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि व्यापार बन्धु की बैठक में जिलाधिकारी,द्वारा दिये गये निदेशों के क्रम में जनपद में विभिन्न चौराहे पर भिक्षावृत्ति एवं दुकानो पर कार्य कर रहे बाल श्रमिको के चिन्हांकन हेतु अभियान चलाया गया। श्रम विभाग एवं ए0एच0टी0यू0 मेरठ के तत्वाधान में संयुक्त रूप से निरीक्षण की कार्यवाही की गयी। निरीक्षण हेतु गठित टीम में श्रम विभाग की ओर से श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुधीर कुमार एवं सुधा तोमर व एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम की ओर से प्रभारी अखिलेश गौड, देवपाल गिरि, विनोद कुमार एवं जनहिंत फाउंडेशन के कोऑडिनेटर अजय कुमार संयुक्त रूप से शामिल रहे। हापुड अड़डा चौराहे पर विभिन्न प्रतिष्ठानों पर 05 बाल श्रमिको का चिन्हांकन किया गया। बाल श्रमिको का मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मेरठ द्वारा आयु परीक्षण कराकर बाल कल्याण समिति, मेरठ के समक्ष प्रस्तुत करने के उपरान्त उनके माता पिता को सुपुर्द कर दिया गया है एवं सेवायोजक के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 की धारा 03(1) एवं 03(ए) का उल्लंघन करने पर नियोजको के विरूद्ध 06 माह से 02 वर्ष तक के कारावास तथा/अथवा न्यूनतम धनराशि रू 20,000/- से धनराशि रू 50,000/- तक के अर्थदण्ड का प्राविधान किया गया है। साथ ही जो गैर खतरनाक व्यवसायों/प्रक्रियाओ में किशोर को नियोजित करने वाले नियोजक जो धारा 07,08,09,11 एवं 12 का उल्लंघन करते है, के विरूद्ध एक माह की सजा तथा/अथवा धनराशि रू 10,000/- के अर्थदण्ड का प्राविधान किया गया है। उपरोक्त नियोजको के विरूद्ध की गयी व्यवस्था के अनुसार वैद्यानिक कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी।

### मंगल पांडे महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** बुधवार को प्रोफेसर अनीता गोस्वामी ने थैसोलोनीकी यूनान में भारत एवं यूनानः इतिहास,समाज,विज्ञान एवं उद्यमिता , विषय पर आयोजित द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोध पत्र ह्लमोनास्ट्रीसिसम एंड ग्रीसह्व विषय पर प्रस्तुत किया।इस संगोष्ठी का आयोजन यूनान की पाँच प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, इनमें एरसटोटल यूनिवर्सिटी ऑफ थेसोलोनिकी युनान,आयोनिया विश्वविद्यालय,नेशनल एंड केप्डोसट्रियन विश्वविद्यालय एथेंस, इंटरनेशनल हेलेनेस्टिक विश्वविद्यालय, एटिका विश्वविद्यालय का संयुक्त सहयोग रहा।भारत से जवाहर-लाल नेहरू विश्वविद्यालय की इसमें सहभागिता रही।संगोष्ठी में 15 से अधिक देशों के विद्वानों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए, साथ ही भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विषय विशेषज्ञों द्वारा भी अपने शोध पत्र संगोष्ठी में प्रस्तुत किए गए।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युन्नान यात्रा के उपरांत आयोजित इस संगोष्ठी का महत्व और भी हो जाता है क्योंकि दोनों ही देश विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग पर सहमति हेतु परस्पर प्रगतिशील हैं।प्रोफेसर अनीता गोस्वामी प्राचीन इतिहास में यूनान तथा भारत के ऐसेटिसिसम के विशेषज्ञ हैं व शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में प्राचीन इतिहास की प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।संगोष्ठी में सभी ने उनके शोध पत्र की प्रशंसा की एवं उस पर वैचारिक आदान प्रदान किया।प्रोफेसर गोस्वामी ने बताया कि युन्नान तथा भारत की सांस्कृतिक विरासत में अनेकों समानताएँ विद्यमान।




# डीपीएम पब्लिक स्कूल में मैजिक शो का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल बहसूमा में बुधवार को मैजिक शो का आयोजन हुआ। मैजिक शो में एक से एक करतब दिखाकर छात्र- छात्रों का भरपूर मनोरंजन किया गया। इस खेल में छात्र-छात्राओं ने भी जादू की गतिविधियों में प्रतिभाग किया।इस अवसर पर जादूगर ध्रुव वर्मा ने बच्चों को एक से एक बढ़कर करतब दिखाए। जिन्हें देखकर बच्चे हैरत में पड़ गए। बच्चों ने जादूगर के साथ साथ मैजिक भी सीखा। दूसरे बच्चों के सामने करतब करके दिखाया। जादूगर का खेल देखकर वहां मौजूद अध्यापक भी दंग रह गए। इस अवसर पर विद्यालय सचिव जगदीश त्यागी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हम समय अनुसार कराते रहते है और भविष्य में भी कराते रहेंगे और कहा कि जादू में निहित अंधविश्वासों को दूर करते हुए यह बताया जाता है कि जादू एक कला होती है। हाथ की सफाई व विज्ञान का संगम है। जादू कोई भूत प्रेत आत्माओं से नहीं होता है।प्रधानाचार्य जिया जैदी ने कहा कि मैजिक शो का आयोजन छात्र- छात्रों के ज्ञानवर्धन व मनोरंजन के लिए किया जाता हैं। जिसमें कई बातें ऐसी पता चलती हैं कि जिसको लोग जादू समझते हैं मगर वह एक वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत किया जाता हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चे और सभी अध्यापकों ने मैजिक शो का भरपूर आनंद लिया।



# घने कोहरे में हाईवे पर हुए अलग-अलग हादसे आधा दर्जन घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर अलग-अलग स्थानों पर घना कोहरा होने के कारण कई वाहन आपस में टकरा गए । वाहनों में सवार आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस एवं एंबुलेंस के द्वारा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी अशोक कुमार एवं गुल्लू घोड़ा बुग्गी में गुड भरकर गांव-गांव में बेचने का कार्य करते हैं। बुधवार सवेरे घोड़ा बुग्गी सवार दोनों लोग क्षेत्र के गांव नाला में गुड़ बेचकर अपने गांव आ रहे थे जैसे ही दोनों एलम बाईपास मार्ग पर पहुंचे तो पीछे से वेगनार कार चालक ने घना कोहरा होने के कारण बुग्गी में टक्कर मार दी। हादसे में कार चालक राहुल पुत्र नरेश निवासी सोनीपत हरियाणा एवं बुग्गी सवार घायल हो गए। दूसरी और खंद्रावली चौकी के समीप बुढ़ाना निवासी डिंपल पुत्र सुखबीर की कार आगे जा रहे ट्रक से टकरा गई जिसमें कार चालक डिंपल घायल हो गया। पीछे से आए कई वाहन भीड गए और उसमें सवार कई लोग घायल हो गए। दूसरी और क्षेत्र के गांव मीमला निवासी शिक्षक जगदीश बाइक पर सवार होकर नगर के श्री चंदनलाल नेशनल इंटर कॉलेज में आ रहा था। घाना कोहरा होने के कारण बाइक आगे जा रहे ट्रक से टकरा गई जिसमें शिक्षा घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस एवं एंबुलेंस के द्वारा सभी घायलों को नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।



**आयोजन** प्रेम, करूणा, मैत्री, सद्भावना एवं समन्वय को मानने वाला हर व्यक्ति सनातनी : डॉ. अतुल कृष्ण

# विलासिता व भौतिकता से ऊपर उठकर ही सनातन बनता है : मुख्य अतिथि महेन्द्र कुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में सनातनी धम्मायोजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। बोधि उपवन में सुभारती विश्वविद्यालय के सफाई कर्मी से लेकर शिक्षक, निदेशक एवं न्यासी तक समस्त कर्मचारी अपने अपने घरों से भोजन लाए और एक जगह मिश्रित कर सनातन व्यंजन तैयार किया। इसके बाद एक दूसरे के साथ प्रेम भाव से बैठकर सनातनी व्यंजन को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक श्री महेन्द्र कुमार, सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण, कार्यक्रम अध्यक्ष सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल, इतिहासकार डॉ.किरण सिंह, महाकवि डोरीलाल भास्कर, राष्ट्रीय कवि सौरभ सुमन, वयोवृद्ध समाजसेवी शिब्बन लाल स्नेही, जीटीबी स्कूल मेरठ कैंट के प्रधानाचार्य डॉ.कर्मेन्द्र सिंह, विभाग सह संघ चालक विनोद भारती, एवं भंते विमल बोधि ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस दौरान सामूहिक वंदे मातरम गायन, सनातन प्रार्थना एवं मंगलाचरण वंदन की गई। सम्पूर्ण कार्यक्रम सनातन भक्ति में लीन हो उठा।



सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने सनातन प्रस्तावना दी। उन्होंने कहा कि सनातन कोई धर्म नहीं, बल्कि यह तो लौकिक व्यवहार है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति प्रेम, करूणा, मैत्री सद्भाव एवं समन्वय में विश्वास रखता है, फिर चाहे वो किसी भी धर्म या पंथ को मानने वाला हो, वह सनातनी कहलाता है। उन्होंने कहा कि सनातन का पूजा पद्धति से कोई नाता नहीं है, यह तो एक सकारात्मक भाव है, मानव कल्याण हेतु सदा से जीवित है। उन्होंने कहा कि सनातन से ही समाज और हमारा देश सशक्त बनेगा। जिस तरह दुबई देश में हिन्दू मंदिर स्थापित कर वहां के मुसलमानों ने सनातन समन्वय का संदेश दिया है, इसे हमारे देश के मुसलमानों को भी मानना चाहिए। उन्होंने बताया कि सनातन धम्मायोजन द्वारा सनातन की असल और प्रमाणित परिभाषा को देशवासियों से रूबरू कराने हेतु देश के बुद्धिजीवियों को एकत्र किया गया है। आज विशेष रूप से सनातन व्यंजन को ग्रहण करने में सम्मिलित सफाईकर्मी से लेकर शिक्षक, निदेशक एवं न्यासी तक समस्त कर्मचारियों ने एक दूसरे के साथ प्रेम भाव से बैठकर सनातन की मूल परिभाषा को परिभाषित किया है।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक महेन्द्र कुमार ने कहा कि कर्तव्यों का पालन करना ही सनातन है। उन्होंने कहा कि सनातन को लेकर जो भ्रांतियां फैली है, उन्हें समाप्त करना चाहिए। सनातनी की पहचान धैर्य, क्षमा, क्रोध न करना, झूठ न बोलना, राष्ट्रीयता जैसे सत्य कर्म सनातन की सीख है। उन्होंने कहा कि सेवा परमो धर्म के सनातन उपदेश को ही धर्म मानकार और कर्म को ही धर्म मानकर सनातन के भाव प्रदर्शित किया जा सकता है। उन्होंने आज की आवश्यकता के बारे में बताया कि जैसे घर में रहकर कर्तव्यों का पालन किया जाता है, उन्हीं कर्तव्यों को अपना धर्म मानना चाहिए। जिसमें पिता धर्म, माता धर्म, पड़ौसी धर्म, समाज व देश हेतु धर्म को कर्तव्य मानकर सकारात्मक भाव से पूर्ण करना चाहिए। उन्होंने कहा की विलासिता, भौतिकता से ऊपर उठकर ही सनातन बनता है। इसी प्रकार अहिंसा परमो धर्म सनातन मान्यता है, जिसे हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

# पुलिस द्वारा किस आधार पर की गई पोक्सो एक्ट की कार्यवाही ?

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** चंदौसी में एक हाइप्रोफाइल मामले में पुलिस ने एक के बाद एक तीन मुकदमें एक पक्ष के खिलाफ लिख दिए। अब इसमें गांधी जी का कितना रोल रहा यह तो नहीं कहा जा सकता लेकिन पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही से गांधी जी की भूमिका साफ दिखाई दे रही है। जिस स्क्रीनशॉट को आधार मानकर जल्दबाजी में पुलिस ने पोस्को एक्ट की धारा मुकदमें में शामिल की उस स्क्रीनशॉट की जांच तक नहीं की गई कि उस स्क्रीनशॉट के साथ कोई छेड़छाड़ तो नहीं की गई है। कुछ दिन पूर्व की तरह रस्सी का सांप बनकर निर्दोष लोगों को 40 दिन जेल की हवा खिलाने वाली पुलिस ने एक बार फिर वही राह पकड़ ली है। हालांकि इस मामले में भले की पक्ष दोषी हों या निर्दोष यह तो पुलिस की जांच में सामने आएगा लेकिन पोस्को एक्ट की कार्यवाही उल्टा पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस इस मामले में जानबूझ कर ढील दे रही है ताकि गांधी जी की सेवा लगातार जारी रहे और पुलिस वाली दीदी मौज में हैं।

आपको बता दें कि नगर में एक परिवार की एडिट की हुई वीडियो वायरल हुई। जिसमें बुआ ने अपने सगे भतीजे पर वीडियो वायरल करने और अपने पति को ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई। जबकि आरोपित पक्ष की भी एक अश्लील वीडियो वायरल हुई लेकिन पुलिस ने इस मामले में सक्रियता नहीं दिखाई क्योंकि मामला गांधी जी का था। आरोपित पक्ष का इस मामले में आज तक कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं किया है। जिसकी वजह से यह स्पष्ट हो रहा है कि गांधी की ने नारों की आवाज ने एक पीड़ित की आवाज दबा दी गई। फिलहाल लगातार तीन मुकदमें दर्ज होने के कारण आरोपित पक्ष फरार है। वहीं आरोपित पक्ष के मकान पर कुछ दबंग लोगों ने ताले डालकर पर्चे लगवा दिए हैं कि यह जगह लेनदेन की वजह से विवादित है इस जगह को कोई न खरीदे। हैरत की बात यह है कि आरोपित युवक के पिता को कुछ लोगों द्वारा बुरी तरह पीटा गया। वह परिवार के साथ कोतवाली के गेट पर खड़ा रहा और चीख चीख कर अपने साथ हुई बर्बरता की दास्तां बयान करता रहा लेकिन यहां भी पुलिस को गांधी जी दिखाई दिए और पुलिस ने घायल का न तो मेडिकल कराया और न ही मुकदमा लिखा गया। वहीं पीड़ित कहता रहा कि नामजद मुकदमा मत लिखो मगर कम से कम अज्ञात में तो मुकदमा पंजीकृत कर लो। आगे विवेचना में स्पष्ट हो जाएगा कि उसके साथ किसने मारपीट की लेकिन पुलिस दीदी के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। अब पुलिस नया खेल खेल रही है। पुलिस एक पक्ष के कहने पर आरोपित पक्ष के लोगों को पूछताछ के बहाने उठा रही है और फिर पूछताछ के नाम पर पांच दिन तक कोतवाली में उनका उत्पीड़न होता है और चर्चा यहां तक है कि ये काम भी गांधी जी के दर्शन के लिए हो रहा है। मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है और अंदर की सच्चाई सभी जानते भी हैं लेकिन नोट की ताकत के आगे सभी नतमस्तक हैं। वहीं जिस स्क्रीनशॉट को आधार मानकर पोस्को एक्ट की धारा मुकदमें में जोड़ी गई है उसमें छेड़छाड़ करते हुए का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है क्योंकि पोस्ट जो की गई वह अलग थी जबकि जो स्क्रीनशॉट है उस पर शब्दावली बदली हुई है। उसके बावजूद भी पुलिस दीदी को चांदी की चम्मच दिखाई दे रही है। वहीं इस मामले में पुलिस के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। अब देखना यह है कि पुलिस इस मामले को गांधी जी के लिए कितना और खींचती है। पुलिस द्वारा की जा रही एक पक्षीय कार्यवाही पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

- मात्र एक स्क्रीनशॉट कैसे बन सकता है आधार
- स्क्रीनशॉट की आखिर क्यों नहीं की गई जांच

# जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया प्रतियोगिता का शुभारंभ, प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बुधवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित एस एम कॉलेज के मैदान में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रथम पी एम श्री एवं नवम जनपदीय क्रीड़ा शैक्षिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के द्वितीय दिन उच्च प्राथमिक विद्यालय बालिका 200 मीटर दौड़ में आफिया मोहम्मद पुर काशी प्रथम , 600 मीटर दौड़ में अरीबा मझोला प्रथम , 100 मीटर दौड़ में संतोष शेरुआ प्रथम , उच्च प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग में 200 मीटर दौड़ में अमित चंदूनगला प्रथम , 600 मीटर दौड़ में अमित मझावली प्रथम , 100 मीटर दौड़ में अमित चंदूनगला प्रथम , पी एम श्री विद्यालय बालिका वर्ग में 600 मीटर दौड़ में विनीता वाहलोलपुर प्रथम , 100 मीटर दौड़ में मंत्शा भारतल सिरसी प्रथम , पी एम श्री विद्यालय बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में जातीश फतेहपुर गुन्नौर प्रथम , उच्च प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग कबड्डी में रजपुरा प्रथम , बालिका वर्ग कबड्डी में मझावली प्रथम, खो खो बालिका वर्ग में शेरूआ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि 'शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्' यदि आपका शरीर स्वस्थ है तो धर्म के सभी साधन स्वयं क्रमवार सफल होते जाएंगे। लेकिन, यदि शरीर आरोग्य नहीं है तो धर्म का कोई भी साधन सफल नहीं हो सकता। उन्होंने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए कहा कि उन्होंने भी खेलों की अनेक प्रतियोगिता में भाग लिया यह प्रतियोगिता ही उनका जीवन में सही निर्णय लेने के लिए प्रेरित करती रही और अध्यापकों के लिए एवं प्रतिभागी छात्रों के उत्साह वर्धन के लिए उन्होंने कहा की सभी शिक्षक एवं छात्र खेलेंगे तो स्वस्थ रहेंगे और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है जीवन की सभी कठिनाइयों से लड़ने की क्षमता भी स्वस्थ शरीर के द्वारा ही संभव है विशेष कर जनपद संभल के सभी शिक्षक पूर्ण मनोयोग से अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं वह बच्चों में ईश्वर का स्वरूप देखेंगे तो यह कर्म उनका पूजा बन जाएगो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा एवं उनकी पूरी टीम द्वारा इतने भव्य और विशाल कार्यक्रम के आयोजन का शांतिपूर्वक प्रतियोगिता को संपन्न करने के लिए बधाई के पात्र हैं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने उपस्थित प्रतिभागी छात्रों एवं उनके शिक्षकों को पूर्ण योग से खेल संपन्न करने के लिए धन्यवाद व्यापित किया एवं जिलाधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक उपस्थित सभी अतिथियों के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया कि आज सभी ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान प्रतियोगिता में मौजूद रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक वेदराम, एसएम डिग्री कॉलेज प्राचार्य दानवीर यादव, एसएम इंटर कालेज प्रधानाचार्य राजेश कुमार ,सभी खंड शिक्षा अधिकारी मुंशी लाल पटेल, विनोद कुमार, अरुण कुमार, देवेंद्र कुमार, अंशुल कुमार ,विनोद मेहरा ,जिला समन्वय शैलजा मिश्रा, रंजना राजपूत व्यायाम शिक्षक शिक्षक अनिल कपूर जिला स्काउट मास्टर प्रफुल्ल कुमार, डॉ गौरव मिश्रा, भूदेव शंखधार ,अशोक पाठक, बरिष्ठ लिपिक संजय कुमार, संजीव सिंह, कनिष्ठ लिपिक संदीप कुमार, दीपक, कालाराम यादव, सेवा राम दिवाकर,नीरज गुप्ता,श्रद्धा शर्मा, अमित शर्मा, रवि दिवाकर,अमित गुप्ता, विजय कुमार, मंच संचालन शैलजा मिश्रा एवं डॉ.दुर्गा टंडन ने संयुक्त रूप से किया।








# एक दिवसीय रोजगार मेले का हुआ आयोजन, रोजगार मेले में हुआ 252 अभ्यार्थियों का चयन

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**चंदौसी।** बुधवार को नगर के बदायूं रोड स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंदौसी में जिला सेवायोजन कार्यालय संभल एवं राजकीय आई०टी०आई० चंदौसी के संयुक्त तत्वाधान से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें जीवन बीमा निगम, इंडियन सिक्योरिटी फोर्स, पुखराज हेल्थ केयर पंजाब जैसी प्रतिष्ठित कंपनियो ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मंच पर जिला सेवायोजन अधिकारी आमिर जुबैर के साथ प्रधानाचार्य आई०टी०आई० चंदौसी नरेंद्र सिंह पाल, एल०आई०सी० ब्रांच मैनेजर अजय कुमार त्यागी उपस्थित रहे। रोजगार मेले का संचालन मेला प्रभारी गौरव पूठिया के द्वारा किया गया। रोजगार मेले में 378 रोजगार इच्छुक अभ्यर्थी उपस्थित हुए। प्रारम्भिक स्तर पर 252 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में विशेष रूप से महिला अभ्यर्थियों को नौकरी का अवसर प्रदान किया गया। रोजगार मेले को सफल बनाने के लिए सुधाकर मिश्रा, अनिल कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन , भदपुरा ब्लॉक प्रमुख ने विजेताओं को पुरस्कृत किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (शाहिद अल्वी)।** बुधवार को युवक कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विकासखंड भदपुरा के खंड स्तरीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया यह आयोजन मिनी स्टेडियम भदपुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत अल्हैया में किया गया आपको बताते चले की खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भदपुरा ब्लॉक प्रमुख पति रवि शंकर गंगवार का लोगों ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया और वही भदपुरा ब्लॉक पति रवि शंकर गंगवार ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उत्साहवर्धन किया गया तो वही कबड्डी सब जूनियर में अल्हैया प्रथम रही और 100 मी सब जूनियर बालिका वर्ग में नीतू प्रथम ,और 800 मी वर्ग में अल सैफ आदिल प्रथम सब जूनियर लॉन्ग जंप बालक वर्ग में प्रियांशु प्रथम, 60 फुट सब जूनियर वाले का वर्ग में खुशबू प्रथम रही



इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष भदपुरा राम प्रताप गंगवार सहित आदि लोग मौजूद रहे और वही क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मोहम्मद दानिश एवं व्यायाम प्रशिक्षक पवन कुमार तथा उनके सहयोगी टीम के द्वारा खेलों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

# साथी अधिवक्ता की मौत को लेकर अधिवक्ताओं में भारी रोष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** बुधवार 18 दिसंबर को जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के द्वारा अपने साथ की मौत को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से

- अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन
- अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू करने की उठाई मांग

अवगत कराया कि हमारे साथी अधिवक्ता सत्यपाल सिंह पुत्र प्रेम नारायण सिंह निवासी कनैटा बुधवार सुबह अपने चैंबर कलेक्ट्रेट स्थित पर आ रहे थे बिजली घर के पास पहुंचते ही पहले से घात लगाए मोटरसाइकिल सवार बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई जिस कारण अधिवक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। सतपाल के हत्यारे को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए तथा मृतक अधिवक्ता के परिजनों को एक करोड़ रूपया सहायता राशि प्रदान की जाए। भविष्य में अधिवक्ताओं के साथ बढ़ती ऐसी वारदाताओं को रोकने के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू किया जाए, अन्यथा अधिवक्ता शीघ्र एक बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर अधिक मात्रा में अधिवक्ता मौजूद रहे।



# ठंड बढ़ने से गर्म कपड़ों की खरीदारी में हुआ इजाफा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** गत दिनों में हुऐ हल्के कोहरे से तेज ठंड ने दस्तक दे दी है। जिससे गर्म कपड़ों की मांग एकाएक बढ़ गई है। बाजार में गर्म कपड़ों की दुकानों पर भीड़ दिखने लगी है। इससे बाजार में रौनक बढ़ गई है। स्टेशन रोड स्थित कपड़े की दुकान कर रहे दुकानदार ने बताया कि इस बार सबसे ज्यादा जैकेट, जर्सी, अपर, हुड, शॉल की मांग बढ़ी है। लोगों ने सर्दियों से निपटने का इंतजाम शुरू कर दिया है। इसके साथ ही रजाई व गद्दे भी खरीदे जा रहे हैं। जिले भर में सबसे ज्यादा गर्म कपड़े दिल्ली व लुधियाना से लाए जाते हैं। उधर, महिलाएं अपने व बच्चों के लिए भी कपड़ों का इंतजाम करने में जुटी हैं। मौसम के बदले मिजाज को देखते हुए गर्म कपड़ों के दुकानदारों के चेहरे खिल उठे हैं। बाजार में अब गर्म शर्ट, पैंट, प्लाजो, लेडीज सूट, कुर्ती, शाल, स्वेटर, जैकेट सहित अन्य वैरायटी के कपड़ों की भरमार है। वहीं बड़ा बाजार स्थित एक कपड़ा व्यापारी ने बताया कि इस बार गर्म कपड़ों के दाम में कोई अंतर नहीं है। पुराने रेट पर ही ग्राहकों को कपड़े बेचे जा रहे हैं। पांच सौ से पांच हजार रुपए तक के गर्म कपड़े बाजार में मिल रहे हैं। दूसरी ओर गौशाला रोड पर पहाड़ से आए कुछ गर्म कपड़ों के दुकानदारों ने बताया कि कोट, मफलर, गर्म शॉल, स्वेटर, स्वेटर हूडी, जैकेट, लेदर का जैकेट स्वदेशी और विदेशी सभी तरह के खरीदे जा रहे हैं। ठंड बढ़ते ही गर्म कपड़े खरीदने के लिए खूब ग्राहक आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमारे पास 500 रुपया से लेकर से 3000 रुपये तक का स्वेटर मिलता है। ठंड इस कदर बढ़ गई है कि लोग स्वेटर के साथ-साथ जैकेट मफलर टोपी ग्लव्स पहनकर निकलते दिखाई दे रहे हैं जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ है।



# भूमि अधिग्रहण किए जाने पर पीड़ितों को मुआवजा नहीं दिया जा रहा इसको लेकर पीड़ितों ने पैनी नजर सामाजिक संस्था से संपर्क किया संस्था ने जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (शाहिद अल्वी)।** कस्बा रिठौरा में कृष्ण नगर कॉलोनी को NHAI द्वारा भूमि अधिग्रहण किए जाने पर पीड़ितों को मुआवजा नहीं दिया जा रहा इसको लेकर पीड़ितों ने पैनी नजर सामाजिक संस्था से संपर्क किया संस्था ने जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सोपा संस्था अध्यक्ष ने कहा जब भूमि अधिग्रहण का मामला आता है तब तहसील प्रशासन अक्सर मुआवजा न देने के लिए आम जनमानस के मकानों को अवैध भूमि पर बने हैं रटा रटाया षड्यंत्र प्रस्तुत करता है। तहसील प्रशासन ने पीड़ितों से अवैध भूमि पर मकान बने हैं कहकर मुआवजा नहीं दिया जाएगा यह जमीन रउ जाति के किसानों की है विक्रय कैसे हो गई यह बात रजिस्ट्री होते समय न सरकार को पता होती है ना रजिस्ट्री विभाग को सरकारी तंत्र द्वारा लोगों से भरपूर रजिस्ट्री शुल्क ले लिया जाता है फिर बरसों बाद वही भूमि अवैध हो जाती है यह एक सरकारी तंत्र का मुआवजा न देने का क्रूरता पूर्ण षड्यंत्र है इसके खिलाफ संस्था ने लोगों की गुहार पर मोर्चा खोला और कहा जब ठलअक तहसील को मुआवजा भुगतान कर चुका है जैसा की पीड़ित लोगों ने बताया तो तहसील उस मुआवजे को ना तो उन रउ किसानों को देने को तैयार है ना ही लोगों को यह एक मिले-जुले षड्यंत्र का खेल है। पीड़ित लोगों ने यह भी बताया कि तहसील कर्मचारियों ने अलग-अलग लोगों को बुलाकर कहा की सेवा शुल्क दो तो मुआवजा मिल जाएगा यह खेल सिर्फ एक तहसील का नहीं है यह खेल हर तहसील में चल रहा है। ठलअक अपना बुलडोजर लोगों के घरों पर चलाने को तैयार बैठा है लोग बेघर होने की कगार पर हैं तब संस्था अध्यक्ष ने कहा यदि ऐसा होगा तो संस्था इस अन्याय के खिलाफ आंदोलन करने पर बाध्य होगी।



# दिनदहाड़े अधिवक्ता की हत्या को लेकर तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मौन धारण कर दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बहजोई के निकटवर्ती गांव कनेटा के रहने वाले एक अधिवक्ता को दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी आग की तरह फैल गई जिस पर अधिवक्ताओं ने जल्द ही घटना के खुलासे की मांग की है इसी क्रम मे तहसील बार एसोसियेशन की एक बैठक आहूत की गई। जिसमें अधिवक्ता सत्यपाल सिंह राणा को दिनदहाड़े मारे जाने को लेकर सभी अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतक की आत्मा की शान्ति के लिये प्रार्थना की साथ ही निर्णय लिया गया कि आज सभी अधिवक्ता गण न्यायिक कार्य से विरत रहेगें। इसकी अध्यक्षता मुकेशपाल सिंह यादव व संचालन अरविन्द कुमार गुप्ता ने किया ।



# तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का हुआ समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बुधवार को नगर से सटे गांव पथरा स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर जूनियर हाई स्कूल में स्काउट गाइड शिविर के तीसरे दिन स्काउट गाइड के समापन समारोह में अतिथि के रूप में गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव द्वारा तंबू का निरीक्षण किया गया तथा उनके द्वारा छात्रों को स्काउट गाइड की बहुमूल्य जानकारियां प्रदान की गई। जिला संगठन की मीनू सिंह एवं महेश दिवाकर द्वारा छात्रों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया । शिविर का आयोजन स्कूल संचालक महानंदन गौतम एवं प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी के नेतृत्व में कराया गया। ओनरशिप में स्काउट गाइड की वजन का हिस्सा लिया गया था तंबू बनाने में अपनी प्रतिभा को दशार्या गया। स्काउट गाइड प्रशिक्षण एवं तंबू लगाने में टोली क्रम संख्या 05 लिली -टोली नायिका प्रतिज्ञा की टोली ने प्रथम ,टोली क्रम संख्या 01उत्तर प्रदेश-टोली नायक पुनीत की टोली ने द्वितीय तथा टोली क्रम संख्या 02दिल्ली-टोली नायक यश की टोली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह के लिए प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी, संचालक महानंदन गौतम,नीरज शर्मा, प्रवीन कुमार सत्यपाल सिंह ,रमन शर्मा ,शिव गणेश शर्मा, रंजीत कुमार, रिनी अग्रवाल ,सीमा अग्रवाल ,आभा रानी ,क्षमता, सुशीला, रेशमा आरती सिंह ,शालू, योगेश, सोनी शर्मा , दुर्गेशनंदिनी , इशिका अग्रवाल ,कमलजीत कौर ,रंजीत कौर ,गीता आदि का विशेष योगदान रहा ।



**मारी गोली** कनैटा रोड बिजली घर के पास घटना को दिया अंजाम

# दिन दहाड़े अधिवक्ता को मारी गोली, अस्पताल ले जाते समय मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** सुबह लगभग 10बजे एक अधिवक्ता को मोटरसाइकिल सवार कुछ लोगों ने गोली मार दी, अस्पताल ले जाते समय हुई मौत। श्री नगर कनैटा निवासी

**व्यक्ति ने मरने से पहले पुलिस को गोली मारने वालों के वारे में दर्ज कराये ब्यान**

अधिवक्ता सत्यपाल सिंह खडकवंशी पुत्र प्रेमपाल अपने नये घर बाईपास से अपने पैतृक गांव सुबह लगभग 10बजे दूध लैने जा रहे थे जैसे ही वह बिजली घर के पास पहुंचे तभी मोटरसाइकिल पर सवार कुछ लोगों ने उन्हें गोली मार दी मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां से डाक्टरों ने उन्हें मुरादाबाद रैफर कर रास्ते में ले जाते समय उनकी मौत हो गई। मृतक ने मरने से पहले पुलिस को बयान देते हुए गोली मारने वालों के बारे में पूरी जानकारी दे दी, सूत्रों की मानें तो मृतक अपने पिता का इकलौता पुत्र ही था वह अपने पीछे पत्नी व तीन बच्चे छोड़कर गया है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि मृतक ने मरने से बताया कि गणेश नाम का एक व्यक्ति व अन्य ने मुझे गोली मारी है इनसे मेरी पुरानी रंजिश चल रही थी, पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

**बर्जनः**

डायल 112 को सूचना मिली कि कुछ लोगों ने जो मोटरसाइकिल सवार थे एक व्यक्ति को गोली मार दी मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां से उसे डॉक्टरों ने मुरादाबाद रेफर कर दिया।

व्यक्ति की रास्ते में ही दुखद मृत्यु हो गई पुलिस को उसने बताया कि एक गणेश नाम का व्यक्ति है एक अन्य व्यक्ति के बारे में बताया कि यह लोग हैं जिन्होंने मुझे गोली मारी है इनसे उसकी पर्सनल दुश्मनी चल रही थी।

सीसीटीवी फुटेज पर भी मोटरसाइकिल सवार दिखाई दे रहे हैं शीघ्र इस घटना का अनावरण किया जाएगा।

**कृष्ण कुमार विश्नोई**
**पुलिस अधीक्षक संभल।**







# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी (मयंक सक्सेना)।** बुधवार को प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-05) के तहत सम्भल पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं/बालिकाओं को कार्यक्रम कर विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया जा रहा है।

साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। साथ ही महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर हेल्पलाइन नंबरों 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन की जानकारी दी गई। और थाने में संचालित महिला हेल्प डेस्क के बारे में बताया गया। और बताया कि किसी भी छात्रा के साथ यदि कोई अप्रिय घटना होती है तो वह तुरंत अपने विद्यालय या माता-पिता को बताये जिससे समय पर कार्यवाही की जा सके।



# प्रदूषण पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस का महत्वपूर्ण कदम, ग्रेप चार लागू बीएस-6 मानक वाहनों को पेट्रोल डीजल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)** राजधानी दिल्ली में प्रदूषण रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रेप 3 ग्राप चार लागू किया जा रहा है। उसके बाद भी दिल्ली में प्रदूषण फैलाने वाली गाड़ियां ले देकर रोड पर सरपट दौड़ रही है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पॉल्यूशन को लेकर दिल्ली में डीजल के गाड़ी वही चलेंगे जो ग्रेप चार के नियमों का पालन करेगी। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली पुलिस की ट्रैफिक यूनिट ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। दिल्ली में ग्रेप चार (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) लागू हो जाने पर केवल बीएस-6 मानक वाले वाहनों को ही पेट्रोल और डीजल मिलेगा। यानी पेट्रोल-डीजल केवल उन वाहनों को मिलेगा जो नए बीएस-6 मानकों को पूरा करते हैं। इस कदम से प्रदूषण पर काबू पाने में कुछ हद तक सफलता मिलने की उम्मीद है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने सभी पेट्रोल पंप मालिकों को पत्र भेजकर अनुरोध किया है कि वे बीएस-6 वाहनों के अलावा किसी अन्य वाहन को पेट्रोल या डीजल न दें। प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को किया जाएगा जब्त ग्रेप चार लागू होते ही दिल्ली पुलिस फिर पूरी तरह से अलर्ट हो गई है। सोमवार रात 12 बजे से ही दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने प्रदूषण कम करने के लिए जरूरी कदम उठाना शुरू कर दिया था।

पिछली बार की तरह इस बार भी प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं होने वाले वाहनों का चालान किया जाएगा और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को जब्त किया जाएगा। पिछले ग्रेप-4 के दौरान करीब 350 ऐसे वाहनों का चालान किया गया था जोकि बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र के चल रहे थे। वहीं, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस अब पेट्रोल पंपों पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रखेगी ताकि आदेश का पालन किया जा सके।

# राजधानी में ठंड और प्रदूषण का ट्रिपल अटैक, पहाड़ों में बर्फबारी के कारण दिल्ली में बढ़ी ठंड

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (अनिता)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की जनता ठंड और प्रदूषण का ट्रिपल अटैक झेलने को मजबूर।उत्तर भारत समेत पूरे दिल्ली-एनसीआर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी में ठंड और कोहरे के साथ प्रदूषण का ट्रिपल अटैक देखने को मिल रहा है। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों में आ रही ठंडी हवाओं ने दिल्ली-एनसीआर में ठंड को बढ़ा दिया है। न्यूनतम और अधिकतम तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही है। आज दिल्ली के कई इलाकों में कोहरा है और तापमान 5 के नीचे दर्ज किया गया है। बुधवार को सुबह के समय हल्के कोहरे ने परेशान किया। अब अगले तीन दिनों तक ठंड के साथ घने कोहरे की मार पड़ेगी। मौसम विभाग ने तीन दिनों के लिए घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली के कुछ हिस्सों में कोहरे की चादर छाई रही और न्यूनतम तापमान गिरकर 5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आज सुबह दिल्ली के आनंद विहार में 481, अशोक विहार में 459, आया नगर में 412, बवाना 454, बुराड़ी 480, चांदनी चौक 376, आईटीओ 461, नेरेला 451, आरकेपुरम में 464 एक्यूआई दर्ज किया गया है। मंगलवार को दिल्ली में दिन के समय सबसे ठंडा इलाका नरेला व पूसा रहा। यहां तापमान 21.1 और 21.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि आया नगर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे पहले सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 24.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार दो से तीन दिन पूर्वी सतही हवाओं के चलने की संभावना है। इस कारण से 18 से 20 दिसंबर तक घने कोहरे की संभावना जताई गई है। वहीं प्रदूषण से भी राहत नहीं मिलेगी। वहीं हिमालयन क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के कारण मैदानी इलाकों में सुबह व शाम के समय हल्के बादल छाए रह सकते हैं। 18 से 23 दिसंबर तक अधिकतम तापमान 22 से 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान पांच से सात डिग्री के बीच रहने की संभावना है। तापमान में कमी के कारण ठिठुरन भी बढ़ेगी। अमूमन 17 से 21 दिसंबर के दौरान अधिकतम तापमान 22.2 और न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री और 22 दिसंबर से 26 दिसंबर के बीच अधिकतम तापमान 20.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस रहता है।



# आईआईटी छात्रा यौन उत्पीड़न का आरोपी कानपुर का एसीपी पहुंचा हाईकोर्ट, सुनवाई आज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई )।** यहां के बहुत चर्चित आईआईटी छात्र एवं उत्पीड़न का आरोपी एसीपी मोहसिन खान खिलाफ दर्ज एफ आई आर को रद्द कराने के लिए हाई कोर्ट पहुंच गया है। उसके द्वारा दाखिल की गई याचिका पर आज 19 दिसंबर को हाई कोर्ट सुनवाई करेगा। साथ में यह भी अवगत कराते चलें कि इस याचिका के दायर किए जाने के एक दिन पहले छात्रा ने कोर्ट में अपने बयान दर्ज कराए थे, बयान में एफआईआर लिखे गए किसी भी तथ्य को खारिज नहीं किया है। इस बारे में कानपुर के एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने बताया कि मामले की जांच एसआईटी कर रही है। तथ्यों के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। अरेस्टिंग को लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं बताया। याद रहे कि यौन उत्पीड़न की शिकार आईआईटी की पीड़ित छात्रा ने कल्याणपुर थाने में 12 दिसंबर 2024 को एफ आर दर्ज कराई थी।

- आरोपी एसीपी ने खिलाफ दर्ज एफ आई आर को रद्द कराने के लिए दायर की है हाई कोर्ट में याचिका
- अब तक नहीं हुई आरोपी एसीपी की गिरफ्तारी ,पूर्व विधायक इरफान खान के वकील लड़ेंगे मुकदमा

इसके बाद तत्काल प्रभाव से एसीपी मोहसिन खान का ट्रांसफर कर पुलिस हेड क्वार्टर अटैच कर दिया गया था।

फिलहाल कानपुर से रिलीव होने के बाद एसीपी मोहसिन खान पुलिस हेड क्वार्टर में ज्वाइन करने के बाद बीमारी का हवाला देकर छुट्टी पर चले गए हैं। वहीं मामले की जांच डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा की निगरानी में एस आई टी कर रही है। जहां तक अभी तक आरोपी एसीपी की गिरफ्तारी नहीं किए जाने का सवाल है वह इसी का फायदा उठाकर दर्ज मुकदमे को एफ आई आर रदद करने के इरादे से हाईकोर्ट चले गए हैं। जिस पर हाई कोर्ट आज 19 दिसंबर को उनके मामले की सुनवाई करेगा।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एसीपी मोहसिन खान का केस सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी का केस लड़ने वाले पूर्व एडवोकेट जनरल रहे इरफानउल्लाह और विक्रम सिंह लड़ेंगे। सूत्रों के मुताबिक इस बीच वह सारे हथकंडे अपनाए जाने की भी चर्चा है जिससे एसीपी मोहसिन खान के खिलाफ खिलाफ दर्ज कराए गए मुकदमे को कमजोर किया जा सके।

# काशी विद्या पीठ ने सुमन मोहिनी को डॉक्टरेट की उपाधि से किया अलंकृत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** काशी हिंदी विद्या पीठ ,वाराणसी ने पोएट्री विद मोहिनी की संस्थापिका एवं अंतरराष्ट्रीय ख्यातिनाम कवयित्री,लेखिका सुमन मोहिनी सलोनी (दिल्ली) को डॉक्टरेट (विद्या वाचस्पति) की मानद उपाधि से अलंकृत किया है।

कवयित्री सुमन मोहिनी सलोनी की यह सम्मान वाराणसी के महामना मालवीय सभागार में काशी विद्या पीठ द्वारा आयोजित मानद सम्मान समारोह में विद्या पीठ के कुलपति डॉ. संभाजी राजाराम बविस्कार, कुलाधिपति सुखमंगल सिंह मंगल एवं कुल सचिव इंद्रजीत निर्भीक ने उत्कृष्ट साहित्य सृजन,राष्ट्र भाषा हिंदी के संवर्धन व विकास में अप्रतिम योगदान एवं राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर अकादमिक परिषद की अनुशंसा पर डॉक्टरेट (विद्या वाचस्पति) की मानद उपाधि से विभूषित किया। उल्लेखनीय है कि साहित्यकार



सुमन मोहिनी सलोनी श्रृंगार रस की कवयित्री है तथा गजल, नज्म, मुक्तक, कुंडलियां, छंद ,दोहा , सोरठा व रूबाई आदि विधाओं में लिखती है। इनके दो काव्य संग्रह प्रकाशित हुवे है । इनके काव्य संग्रह दिल ने कहा और यादों की परछाइयां काफी पसंद किए गए और कई सांझा संग्रह भी प्रकाशित हो चुके है। सुमन मोहिनी जी को उत्कृष्ठ साहित्य सृजन के लिए पूर्व में भी मुंशी प्रेमचंद सम्मान, मीरा बाई सम्मान, काव्य रत्न सम्मान , रियल वूमेन अवार्ड सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मान और उपाधियों से सम्मानित किया जा चुका है। इनकी रचनाएं अमेरिका ,कनाडा सहित भारत के समाचार पत्र पत्रिकाओं में प्रमुखता से प्रकाशित होते है। यह सम्मान मिलने पर देश विदेश से उनको बधाई संदेश मिल रहे है।

# चतुर्थ श्रेणी नर्सिंग सहायकों की सत्यापन परेड आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** चतुर्थ श्रेणी नर्सिंग नर्सिंग सहायक





प्रशिक्षण के 23 सप्ताह के सफल समापन पर 559 रंगरूटों के लिए हाल ही में एएमसी सेंटर एवं कॉलेज लखनऊ के नंबर 2 तकनीकी प्रशिक्षण विंग में सत्यापन परेड आयोजित की गई । परेड की समीक्षा नंबर 2 तकनीकी प्रशिक्षण विंग, एएमसी सेंटर एवं कॉलेज के कमांडर ब्रिगेडियर ऋषिराज एन वर्मा द्वारा की गई। नए प्रमाणित सिपाहियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और परेड के सावधानीपूर्वक संचालन के लिए सराहना की गई। उन्हें कड़ी मेहनत करने और गुणवत्तापूर्ण रोगी देखभाल के लिए प्रतिबद्ध होने और अधिक पेशेवर क्षमता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सिपाही (नर्सिंग असिस्टेंट) रॉबिन कुमार को पाठ्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए "बेस्ट रिक्रूट ट्रॉफी" से सम्मानित किया गया।

# यूपी रुद्र ने उत्तर प्रदेश की समृद्ध हॉकी विरासत का सम्मान करते हुए अपनी जर्सी का अनावरण किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी रुद्र ने आज शहर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में हीरो हॉकी इंडिया लीग के लिए अपनी जर्सी लॉन्च की।

**मेजर ध्यानचंद, केडी सिंह बाबू और राज्य की महान हॉकी विरासत को श्रद्धांजलि**

इस कार्यक्रम में यूपी रुद्र के सितारे हार्दिक सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, शारदा नंद तिवारी और सिमरनजीत सिंह मौजूद थे। यह टीम के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि वे लीग में अपने पहले सीजन की तैयारी कर रहे हैं, जो सात साल बाद वापस आ रही है। जर्सी उत्तर प्रदेश की गहरी हॉकी विरासत और भारतीय हॉकी में राज्य के योगदान का जश्न मनाती है उत्तर प्रदेश ने देश को कुछ महान हॉकी दिग्गज दिए हैं, जिनमें प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद और केडी सिंह बाबू शामिल हैं, जिनकी विरासत आज भी खिलाड़ियों को प्रेरित करती है। नारंगी और नीले रंग की जर्सी इस गौरवशाली परंपरा का प्रतिबिंब है, जो टीम को आगे बढ़ाने वाले जुनून और एकता का प्रतीक है। लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए टीम के कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, "हॉकी इंडिया लीग जल्द ही शुरू होने वाली है और यह आयोजन भारतीय हॉकी के एक नए युग की शुरूआत का प्रतीक है। मैं इस जर्सी को पहनकर मैदान पर उतरने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

यूपी की जर्सी पहनना वाकई गर्व की बात है क्योंकि खेल के प्रति राज्य का योगदान बहुत बड़ा है। लखनऊ को नवाबों के शहर के रूप में जाना जाता है और हमारी टीम का नाम खूबसूरती से 11 रुद्रों का प्रतिनिधित्व करता है, जिन्हें सबसे शक्तिशाली के रूप में सराहा जाता है, और हम यूपी रुद्रों को एचआईएल खिताब जीतने में मदद करने के लिए एक शक्तिशाली लड़ाई लड़ने के लिए



उत्सुक हैं।" जर्सी का नारंगी रंग 11 रुद्रों की ऊर्जा और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है, जबकि नीला रंग लचीलापन और टीम वर्क को दर्शाता है। हॉकी इंडिया लीग 28 दिसंबर को शुरू होगी जिसमें यूपी रुद्रों का सामना 30 दिसंबर को वेदांत कलिंगा लांसर्स से होगा।

यदु स्पोर्ट्स के बारे में यदु इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा स्थापित यदु स्पोर्ट्स भारत में खेलों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, जो जमीनी स्तर पर विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। कंपनी मध्य प्रदेश लीग में ग्वालियर चीता, राजस्थान प्रीमियर लीग में जांबाज कोटा चैलेंजर्स और शेर-ए-पंजाब लीग में जेके सुपर स्ट्राइकर्स जैसी राज्य लीगों में टीमों का मालिक है। यदु इंटरनेशनल की विरासत का अनुसरण करते हुए यदु स्पोर्ट्स का उद्देश्य खेल प्रायोजन और सामुदायिक भागीदारी पर ध्यान केंद्रित करना, स्थानीय प्रतिभाओं को विकसित करना और गुणवत्तापूर्ण आयोजनों के माध्यम से खेलों की दृश्यता को बढ़ाना है।

उत्कृष्टता और सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हुए यदु स्पोर्ट्स देश के लिए एक रोमांचक खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने, नए और कुशल एथलीटों को तैयार करने और खेल के इर्द-गिर्द एक मजबूत समुदाय बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# तीन दिवसीय टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन का हुआ शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गजरौला।** टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा आज गुरूवार से डीएनएस डिडौली के मैदान में तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश टेनिस क्रिकेट चैम्पियनशिप का आयोजन किया जायेगा।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. यश पाराशर ने एक पत्रकार वार्ता में प्रतियोगिता से संबधित सभी बिंदुओं पर प्रकाश डाला साथ ही युवाओं से आह्वान किया कि वे पढाई के साथ साथ खेलो पर भी नियमित रूप से ध्यान दें। नगर के हसनपुर मार्ग स्थित ओपीएस पब्लिक स्कूल में आयोजित पत्रकार वार्ता में डॉ. यश पाराशर ने बताया कि प्रतियोगिता में गोरखपुर, बस्ती, बहराइच गोंडा, कानपुर नगर व देहात इटावा, अलीगढ़, हाथरस गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर अमरोहा, मुरादाबाद, संभल बिजनौर, मेरठ, हापुड़, बरेली शाहजहांपुर, रामपुर, लखनऊ रायबरेली, सहारनपुर मुजफ्फरनगर व शामली जनपदों की टीमें भाग लेने जा रही हैं।

इसी प्रतियोगिता में से बेहतर प्रदर्शन करने वाले 16 खिलाड़ियों का चयन मथुरा में होने वाली राष्ट्रीय टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए भी किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में जिला सचिव डॉ. पराग व महासचिव रोहित कंस ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# 19 वर्षों से गरीब निर्धन व असहाय की सेवा करते आ रहे शीतल मेडिकोज के स्वामी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गजरौला (बच्चन सिंह )।** गजरौला में पिछले



19 वर्षों से गरीब निर्धन व असहाय की सेवा करते आ रहे शीतल मेडिकोज के स्वामी एवं अंबेडकर युवक संघ के प्रदेशाध्यक्ष समा. जसेवी सुरेश चंद मौर्य ने सर्दी से ठिठुर रहे 111 लोगों को लिहाफ एवं भोजन के पैकेट वितरित किए। बुधवार को चौपला हसनपुर रोड पर स्थित शीतल मेडिकोज पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि जिला औषधि निरीक्षक रुचि बंसल ने गरीबों को लिहाफ बांटे। उन्होंने समाजसेवी सुरेश चंद मौर्य के कार्य की प्रशंसा की और समाज के सक्षम लोगों से इसी तरह से समाजसेवा के लिये आगे आने का आह्वान किया। सुरेश चंद मौर्य ने कहा कि वे पिछले वर्ष से समाजसेवा का कार्य कर रहे हैं, आगे भी इसी तरह से सेवा का कार्य करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर सत्यपथ के संस्थापक शेर सिंह बौद्ध, बीपी सिंह, ऋषभ कुमार मौर्य, अजय कुमार पटेल, किरनपाल सिंह, अमर सिंह, जबर सिंह, धर्मपाल सिंह, उषा मौर्य, राखी आदि मौजूद रहे।

# एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अलोडलेसेंट समिट 2024 में बनाई जगह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गजरौला (बच्चन सिंह)।** नगर के एसआरएस इंटर नेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर से अपने हुनर को दिखाते हुए अपने स्कूल टीम को राजधानी दिल्ली में सीबीएसई द्वारा आयोजित होने जा रहे नेशनल अलोडलेसेंट समिट (राष्ट्रीय किशोर शिखर सम्मेलन) 2024 में जगह बना ली है। राष्ट्रीय राजधानी में 20 दिसंबर से आयोजित होने जा रहे इस 2 दिवसीय सम्मेलन में चयन की जानकारी विद्यालय को ई-मेल द्वारा प्राप्त हुई है। जिसमे पूरे देश से लगभग 150 सीबीएसई स्कूल टीम का चयन किया गया है जो कि इन दो दिनों में स्वास्थ्य और कल्याण प्रदर्शनी, युवा वक्ता चौंपियनशिप, युवा संसद, विषयगत पेंटिंग, शास्त्रीय नृत्य, नुक्कड़ नाटक, विषयगत फिल्म, स्वास्थ्य और कल्याण प्रश्नोत्तरी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगी और प्रतिस्पर्धा करेंगी। एसआरएस की टीम में कक्षा 11 से हर्षदीप औलख, अदिति श्रीवास्तव, दीपिका शर्मा, आस्थिका चंद्र, चाहत चौधरी प्रतिभाग करेंगे। विद्यालय निदेशक पुनीत सिंह ने मैनेजमेंट की ओर से टीम के छात्र-छात्राओं को बधाई दीं, साथ ही छात्रों के समग्र विकास के लिए आयोजित किए जा रहे विभिन्न स्कूल कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला, जिससे छात्र इस तरह के राष्ट्रीय स्तर के शिखर सम्मेलन में सफलता और हमारे क्षेत्र के लिए गौरव हासिल कर रहे हैं। बताया कि इस सम्मेलन हेतु स्कूल टीम प्रधानाचार्य धर्मेंद्र चतुर्वेदी एवं कोऑर्डिनेटर साक्षी सिंह की दिशा निर्देशन में तैयारी कर रही है। पिछले वर्ष भी चार बच्चों का चयन हुआ था।

# विधायक नरेश सेलवाल ने केंद्र सरकार पर उठाए गंभीर सवाल, अमित शाह द्वारा डॉ .बीआर अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर माफी मांगे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हिसार (राजेश सलूजा)।** उकलाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश सेलवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संदर्भ में की गई टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक सेलवाल ने अमित शाह से तत्काल सार्वजनिक माफी की मांग की है।

विधायक नरेश सेलवाल ने कहा कि



बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का योगदान देश के संविधान और सामाजिक न्याय के लिए अमूल्य है। ऐसे में उनके सम्मान के साथ किसी भी प्रकार की अनदेखी या अपमान अस्वीकार्य है।

**सरकार पर लगाए अन्य गंभीर आरोप, गौतम अडानी पर कार्रवाई की मांग**

विधायक नरेश सेलवाल ने आरोप लगाया कि गौतम अडानी पर अमेरिका में केस दर्ज होने के बावजूद भाजपा सरकार उन्हें संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि अडानी से जुड़े मुद्दों पर संसद में चर्चा करने से सरकार बार-बार बच रही है, जो लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है।

**मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री की उदासीनता**

विधायक नरेश सेलवाल ने मणिपुर में चल रही हिंसा पर भी सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महीनों बाद भी मणिपुर जाकर वहां के लोगों का दुख सुनने तक नहीं पहुंचे। राज्य में हिंसा लगातार बढ़ रही है, निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं, और सरकार इसे रोकने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। इसके बावजूद भाजपा सरकार लोकसभा में इस मुद्दे पर चर्चा करने से भाग रही है।

**किसानों के मुद्दे पर सरकार की अनदेखी**

विधायक नरेश सेलवाल ने कहा कि देश का किसान एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की गारंटी को लेकर पिछले एक साल से धरने पर बैठा है। शंभू बॉर्डर और खनोरी बॉर्डर पर किसानों का विरोध प्रदर्शन जारी है, और किसान नेता डल्लेवाल पिछले 23 दिनों से आमरण अनशन पर हैं। इसके बावजूद भाजपा सरकार किसानों की बात सुनने और उनकी मांगों को मानने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि धरतीपुत्र किसानों को अपनी जायज मांगों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, और सरकार ने अपना किसान विरोधी चेहरा साफ तौर पर दिखा दिया है।

विधायक नरेश सेलवाल ने बताया कि उपरोक्त मुद्दों को लेकर आज चंडीगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान के नेतृत्व कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया और राज्यपाल को एक ज्ञापन भी सौंपा।

विधायक नरेश सेलवाल ने इन सभी मुद्दों पर सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि यह समय है कि भाजपा सरकार जनता की भावनाओं को समझे और देशहित में कदम उठाए। उन्होंने बाबा साहब अंबेडकर के सम्मान में माफी मांगने और किसान, मणिपुर, तथा गौतम अडानी से जुड़े मुद्दों पर सरकार से उचित कार्रवाई की मांग की है।

**विवाह समारोह** परम पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने कथा में श्रद्धालुओं को सुनाया श्री हनुमान जन्म, श्री राम विवाह व सामूहिक विवाह का प्रसंग

# श्री बालाजी निष्काम सेवा समिति द्वारा आयोजित 11 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह धूमधाम से संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** श्री बालाजी निष्काम सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री राम कथा व बालाजी महोत्सव के चौथे दिन 11 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन रोहिणी स्थित जापानी पार्क जेएमडी टेन्ट के सामने धूमधाम से किया गया। इन गरीब कन्याओं को आशीर्वाद देने के लिए विभिन्न जगहों से लोग एकत्रित हुए थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर परं संस्था चेयरमैन रितेश बंसल, संस्थापक अध्यक्ष राकेश गुप्ता, महासचिव महेश अग्रवाल, संरक्षक मुकेश मित्तल, सह-सचिव रमेश लुथरा, कोषाध्यक्ष सतीश सिंघल, कोषाध्यक्ष सतीश सिंघल, सह-कोषाध्यक्ष प्रणीत कानोडिया, प्रवीण चैधरी, उमेष अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, राजीव गुप्ता, आशीष मित्तल, सतपाल बंसल, अमित जैन सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए थे। परम पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने कथा में श्रद्धालुओं को सुनाया श्री हनुमान जन्म, श्री राम विवाह व सामूहिक विवाह का प्रसंग। इस समारोह में परम पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने पंडाल में उपस्थित



वर वधू को आशीर्वाद भी दिया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि सभी कन्याएं सास ससुर को माता पिता का सर्वोच्च सम्मान दें। संस्थापक अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया कि संस्था द्वारा करवाया जा रहा 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि संस्था समय= पर दिव्यांगजनों व अन्य गरीब लोगों के लिए भी आर्थिक सहायता मुहैया करवाती रहती है और समाज में इससे बढ़कर कोई कार्य नहीं है। संस्था द्वारा इन कन्याओं को गृहस्थी जीवन शुरू करने के लिए आवष्यक संसाधन भी मुहैया कराया है। उन्होंने यह भी कहा कि हिन्दू रीति रिवाज में कन्यादान का विशेष महत्व होता है। संस्था की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक वर वधु को तुलसी का एक पौधा भी भेंट किया गया था। उसे यादगार के रूप में घर के आसपास लगाने एवं पौधे के पल्लवन और संरक्षण के लिए प्रेरित किया किया। वर वधु ने पौधे लगाने का संकल्प भी लिया।

श्री बालाजी निष्काम सेवा समिति के चेयरमैन रितेश बंसल ने कहा कि कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि इस अवसर पर बेटियों को आशीर्वाद देने का मौका मिला है, वर वधुओं ने पारंपरिक रस्मों को पूरा किया और एक दूसरे के गले में वरमाला डाली तथा आयोजन में उपस्थित लोगों से आषीर्वाद ग्रहण किया। विवाह समारोह बेहद शानदार तरीके से आयोजित किया गया और जोड़ों के सपनों को साकार करते हुए उनके लिए इसे जीवनभर का एक यादगार अनुभव बनाने के लिहाज से व्यापक तौर पर इंतजाम किए गए थे।

# फार्मर रजिस्ट्री जरूर करवा लें किसान, नहीं मिलेगी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की धनराशि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिन किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है, वे 31 जनवरी तक यह काम जरूर करा लें।
किसानों को अब बिना फार्मर रजिस्ट्री के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा। शासन ने इसके लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य कर दिया है। अभी तक बदायूं जिले में 60 हजार किसानों ने ही अपनी रजिस्ट्री कराई है। जबकि, 3.94 लाख किसान ऐसे हैं जिनकी यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। जिले में करीब 5.25 लाख किसान हैं। इनमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ 4.54 लाख किसानों को दिया जा रहा है। इसके तहत उनको दो हजार रुपये प्रत्येक तीन माह के अंतर से दिए जाते हैं। जो सीधे किसानों के खाते में जाते हैं। किसानों को अब इस योजना का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री करानी पड़ेगी। बिना इसके अब किसी भी किसान को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं दिया जाएगा।18 नवंबर से फार्मर रजिस्ट्री होनी शुरू हुई है, जो 31 जनवरी तक होगी। पहला चरण 18 से 25 नवंबर तक चला था। इसमें करीब 55 हजार किसानों ने रजिस्ट्री करवाई थी। दूसरा चरण 25 से 31 दिसंबर तक चला, इसमें मात्र पांच हजार ही पंजीकरण करा सके हैं। करीब 3.94 लाख किसान अभी बकाया है। 31 जनवरी तक फार्मर रजिस्ट्री होनी है। सवाल यह है कि क्या विभाग 31 जनवरी तक इन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करा पाएगा। फार्मर रजिस्ट्री के तहत किसान विवरण तैयार कर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में संकलित किया जाएगा। इसके लिए किसानों की उपलब्ध भूमि का सत्यापन आधार सीडिंग, किसानों की ई-केवाईसी की जाएगी। किसान की सहमति प्राप्त की जाएगी। इसके लिए किसान वेब पोर्टल https://upfr.agristack.gov.in व मोबाइल एप फार्मर रजिस्ट्री यूपी के माध्यम से स्वयं रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। इसके अलावा किसान जन सुविधा केंद्र पर जाकर अपना आधार कार्ड, उससे लिंक मोबाइल नंबर एवं जमीन की खतौनी लेकर अपना फार्म रजिस्ट्री में दर्ज करा सकते हैं।

**उपकृषि निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि जिले के हर किसान की फार्मर रजिस्ट्री होगी। ऐसा होने के बाद ही पात्र किसान को पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त मिल सकेगी। इसके लिए राजस्व विभाग व कृषि विभाग के कर्मचारी ग्राम पंचायत में राजस्व विभाग, पंचायत के कर्मचारी शिविर लगा रहे हैं**

**किसानों को नहीं है जानकारी**

कुंवरगांव के किसान छविराम ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री क्या है, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। अब विभाग में जाकर इसके संबंध में जानकारी लेंगे। वहां से मिली जानकारी के बाद में आवेदन करेंगे। गंज गांव के ब्रजलाल ने बताया कि मोबाइल फोन में दो बार फार्मर रजिस्ट्री करने का प्रयास किया, लेकिन विफलता हाथ लगी। इसकी वजह से इसको फिर नहीं किया है। अब विभाग के माध्यम से जानकारी लेकर इसको कराने का प्रयास करेंगे। **फार्मर रजिस्ट्री के लाभ**
फार्मर रजिस्ट्री होने के बाद कृषकों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ सुगम और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध हो सकेगा। कृषकों को ऋण, केसीसी आदि बिना कठिनाई के सुगमता से मिल सकेगी।
फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी। इसके अलावा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद में कृषकों का पंजीकरण ऑनलाइन माध्यम से हो सकेगा। कृषकों को विभिन्न संस्थाओं वैज्ञानिकों इत्यादि से आवश्यक परामर्श समय से मिल सकेगा। उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि जनपद के हर किसान की फार्मर रजिस्ट्री होगी।
किसान स्वयं भी मोबाइल एप फार्मर रजिस्ट्री यूपी को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करके कर सकते हैं। ऐसा होने के बाद ही पात्र किसान को पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त मिल सकेगी।
उपकृषि निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि जिले के हर किसान की फार्मर रजिस्ट्री होगी। ऐसा होने के बाद ही पात्र किसान को पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त मिल सकेगी। इसके लिए राजस्व विभाग व कृषि विभाग के कर्मचारी ग्राम पंचायत में राजस्व विभाग, पंचायत के कर्मचारी शिविर लगा रहे हैं।

## आज का विचार

### विधायकों को जल्द मिलेगी मुफ्त फास्ट टैग की सुविधा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर पड़ने वाले टोल प्लाजा पर टोल टैक्स से छूट प्राप्त करने के लिए विधायकों को अपना पास दिखाने के झंझट से जल्दी मुक्ति मिलेगी। उनकी गाड़ियों पर मुफ्त फास्ट टैग लगाया जाएगा। विधान परिषद में सरकार की ओर से यह आश्वासन नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने दिया। उन्होंने कहा कि वह जल्द इसके लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को पत्र लिखेंगे और विधायकों को यह सुविधा दिलाएंगे। निर्दलीय सदस्य आकाश अग्रवाल के सवाल के जवाब में केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह स्थिति ठीक नहीं है कि विधायकों को टोल प्लाजा पर सत्यापन के लिए इंतजार करना पड़े।

### लड़की को भगाकर ले जाने के मामले में 47 दिन बाद एफआईआर हुई दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई) ।** 'लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने के मामले में छजलेट थाने में करीब सवा महीने बाद एफआईआर दर्ज की गई है घटनाक्रम 10 नवंबर का है लड़की के पिता का कहना था कि पड़ोसी गांव का युवक रात्रि में उसकी लड़की का हाथ पकड़ कर ले जा रहा था तभी उसकी आंख खुल गई लेकिन वह लड़की को अपने साथ ले गया काफी समय से परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी आखिर में लड़की के पिता ने थाने में तहरीर दी। कल पुलिस ने इस संबंध में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### तहसील प्रशासन ने अवैध रूप से चल रहे ईंट भट्ठों को कराया बंद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील प्रशासन ने अभियान चलाकर बिना अनुमति अवैध रूप से चल रहे चार ईंट भट्ठों को पकड़ा है। संयुक्त टीम को चारों भट्ठों पर न तो प्रदूषण विभाग से बना प्रमाणपत्र मिला और न ही इनकी रॉयल्टी जमा मिली। जिसके बाद चारों भट्ठों में पानी भरवाकर इनका संचालन बंद करा दिया गया।तहसील प्रशासन को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में कई ईंट भट्ठे अवैध रूप से चल रहे हैं। इनके संचालन से कर चोरी के साथ प्रदूषण भी फैल रहा है। जिसके बाद पुलिस, प्रदूषण और जीएसटी विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।नायब तहसीलदार छजलैट लोकेश कुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम सबसे पहले गांव खतापुर में चल रहे किसान ईंट उद्योग पर पहुंची दमकल की टीम को मौके पर बुलाकर ईंट भट्ठे की भट्ठियों में पानी भरवाकर इसका संचालन बंद कराया गया। इसके बाद टीम ने इसी प्रकार गांव मोहम्मदपुर भगवानदास स्थित एक ईंट भट्ठे और उमरी कलां के दो ईंट भट्ठों बंद कराया ।नायब तहसीलदार छजलैट लोकेश कुमार ने कहा कि यदि बिना अनुमति दोबारा संचालित किया गया तो सीधे इसके स्वामियों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में अन्य ईंट भट्ठा संचालकों में भी हड़कंप मच गया है ।

# दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन, विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के तत्वाधान में दो दिवसीय खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता का आज समापन हो गया विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया' दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन सी०एन० एस० एकेडमी कुचावली में किया गया इसमें सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर आयु वर्ग में एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबाल इत्यादि खेलों का आयोजन हुआ । प्रतियोगिता के दूसरे दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सी० एन० एस० एकेडमी द्वारा 100 मी० दौड़ (सीनियर वर्ग झण्डी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गिरीश पंत (खण्ड विकास अधिकारी) ने प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। एवं खिलाड़ि?यों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए, खेलों की उपयोगिता पर प्रकाश डालाक्ल कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक अध्यापक करतार सिंह , अध्यापिका मीनू , कुलदीप सिंह, मोहित कुमार, करन सिंह, मोनिका,प्रियंका आदि का सहयोग रहा। आगंतुकों का आभार क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दलअधिकारी स्वीटी चौधरी ने किया।





# यूपी बोर्ड परीक्षा: 23 दिसंबर तक संशोधित होगा शिक्षकों का विवरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारियां तेज हो गई हैं। विगत दिनों केंद्रों की सूची जारी होने के बाद वहां तैनात होने वाले शिक्षकों के विवरण को अपडेट किया जाना है। इसके लिए प्रधानाचार्यों को 23 दिसंबर तक का समय दिया गया है।
क्षेत्रीय सचिव डॉ. नीरज कुमार पांडे के अनुसार परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक, बाहरी केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक व प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए परीक्षकों की नियुक्ति की जानी है। इसके लिए प्रधानाचार्य अपने-अपने विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के अपलोड कराए गए विवरण को दोबारा जांच लें।उनके नाम, जन्मतिथि, नियुक्ति तिथि, पंजीकरण संख्या, विषय, विषय कोड की जांच करें, ताकि कोई भी शिक्षक किसी गलत विषय में परीक्षक नियुक्त न हो सके। किसी शिक्षक का विवरण एक से अधिक विद्यालयों में अग्रसारित न हो। विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के विवरण को संशोधित करने के लिए परिषद की वेबसाइट 23 दिसंबर तक खुली रहेगी।




# मंडल में कुल 1029 लोगों ने लगवाया है सोलर पैनल, पैनल लगवाने के बाद अटकी सैकड़ो लोगो की सब्सिडी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मंडल में 1029 लोगों ने अपने घरों में सौर ऊर्जा पैनल लगवाए हैं, लेकिन इनमें से 284 लाभार्थियों की सब्सिडी अब तक नहीं मिली है।
लाभार्थियों को दो माह के भीतर ही सब्सिडी देने का नियम है। सब्सिडी न मिलने से लाभार्थी विभाग के चक्कर काट रहे हैं। केंद्र सरकार की ओर से फरवरी 2024 में शुरू की गई इस योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के सभी जिलों के लोगों ने दिलचस्पी दिखाई है। यूपी नेडा के आंकड़ों के मुताबिक चार दिसंबर तक मुरादाबाद मंडल में सबसे ज्यादा 383 सोलर प्लांट बिजनौर जिले में लगाए गए हैं। बिजनौर के बाद मुरादाबाद में 357 लोगों ने अपने घरों में सौर ऊर्जा पैनल लगवाए हैं। वहीं, रामपुर में 165, अमरोहा में 74 और संभल में महज 50 लोगों ने ही इस योजना का लाभ लिया है।सोलर अपनाने के मामले में प्रदेश में बिजनौर 24वें, मुरादाबाद 25वें, रामपुर 47वें, अमरोहा 65 वें और संभल 70वें स्थान पर है। चार दिसंबर तक के आंकड़ों के मुताबिक बिजनौर में 103,मुरादाबाद में 84, रामपुर में 54, अमरोहा में 30 और संभल में 13 लाभार्थियों को सब्सिडी नहीं मिल पाई थी।अधिकारियों का कहना है कि लाभार्थी के घरों में सोलर लगने के बाद फर्म की ओर से बिजली विभाग के पोर्टल पर सभी दस्तावेजों को अपलोड कर दिया जाता है।
इसके बाद संबंधित उपखंड अधिकारी और अवर अभियंता इसका सत्यापन कर लाभार्थी के दस्तावेजों को मंजूरी देते हैं।इसके बाद एमएनआरई की ओर से लाभार्थियों को सब्सिडी दी जाती है, लेकिन इस काम में हो रही देरी का खामियाजा लाभार्थियों को भुगतना पड़ रहा है।

# तरही नाअतिया मुशायरे में शायरों ने खूब वाहवाही बटोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी।** नगर के मौहल्ला कायस्तान बच्छुआ बाग में नूर सिकन्दरी मंज़िल पर तरही नाअतिया मुशायरे का आयोजन किया गया।
जिसमें शायरों अपने कलाम पेश कर खूब वाहवाही बटोरी मुशायरे का आगाज कुरआने पाक की तिलावत से कारी कौसर अली ने किया मुहम्मद तफसीर अत्तारी ने हम्दे पाक पेश की उस्ताद शायर जनाब शकील संम्भली ने कहा हुजूर जन्नत जो बांटते हैं हुजूर शजरे न देखते हैं, इसी लिए तो हम उनके मुजरिम उन्हीं की चौखट पे आ पड़े हैं, मेराजुल हसन बरकाती कुन्दरकीवी ने कहा,वो चाहें चिश्ती हों कादरी हों सोहरवर्दी या नक्शबंदी, विलायतों के यह सिलसिले सब अली के दर से चमक रहे हैं, नाज़िम कुन्दरकीवी ने कहा नसीब चमका सरे कयामत मुझे मिली नअत की इजाजतहुजूर अशआरे नअत सुन-सुन के जेरे लब मुस्कुरा रहे हैं, इकरार इमरतपुरी ने कहा, जिन्हें हवाएं बुझा न पाईं वो इनकी फूंकों से क्या बुझेंगे,करम से खुआजा पिया के वल्लाह,चराग तूफां में जल रहें हैं, कमर अली रजवी कुन्दरकीवी ने कहा, अली का देखो जरा मुकद्दर मिला है मेरे नबी का बिस्तर, खड़े हैं काफिर भी लेके खंजर सुकूं से फिर भी वो सो रहे हैं, गुलफाम कुन्दरकीवी ने कहा बरोजे महशर बनेगें सामा मेरी शफाअत का देख लेना, नबी की मिदहत में शेर मेने अभी तलक जो लिखे पड़े हैं , इसी के साथ साथ अन्य शायरों ने भी अपने कलाम पेश किए महफि ल की सदारत कारी कौसर अली सरपरस्ती शकील संम्भली और संचालन कमर अली ने किया इस अवसर पर गुलाम नबी अत्तारी रिजवान अली अरकान रजा मोहम्मद हनीफ बब्बू मियां इमरान अत्तारी आदि मौजूद रहे।

**वो छांव में जिनकी बेठे आकर वो पेड़ अब तक हरे भरे हैं**





# मुरादाबाद में तेज रफ्तार बोलेरो ने पति-पत्नी और दो मासूमों बच्चों को कुचला,चारों की मौत

**मुरादाबाद (आरएनएस) ।** पाकबड़ा थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर खड़े कुछ लोगों को बोलेरो कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में पति-पत्नी और उनकी दो मासूम बेटियों इफ्फत (2) और रमीशा (5) की मौके पर मौत हो गई। हादसे के दौरान तेज आवाज से अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पाकबड़ा थाने के सामने काशीपुर थाना गंज (रामपुर) के रहने वाले फुरकान अपनी पत्नी सीमा और दो मासूम बच्चों के साथ रोड के किनारे खड़े थे। इसी दौरान दिल्ली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार (बोलेरो) ने चारों को टक्कर मार दी। इसके बाद कार आगे खड़े ट्रक में जा घुसी, जिससे धमाके की आवाज आई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।



हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार सवार घायलों देवेंद्र मिश्रा और सुनीता रानी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। वहीं मृतक फुरकान, उनकी पत्नी सीमा और दो बच्चों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल देवेंद्र मिश्रा बिहार के सीतामढ़ी और सुनीता रानी अमरोहा जिले में थाना डिडौली क्षेत्र के कपासी की निवासी है।
जानकारी के अनुसार, फुरकान पेशे से पेंटर थे और केरल से पांच दिसंबर को अपने घर आए थे। फुरकान की ससुराल मुरादाबाद के रतनपुर की है। वह परसों पत्नी के साथ ससुराल गए थे। बताया जा रहा है कि वह काशीपुर थाना गंज (रामपुर) वापस जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे, तभी ये हादसा हो गया।
हादसे की वजह से हाईवे पर लंबा जाम लग गया था। पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को हटाकर थाने भिजवाया और यातायात को सुचारू कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है।

## अधिकारियों के संरक्षण में बिना फायर एनओसी के चल रहे हैं 90 से ज्यादा अस्पताल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** अधिकारियों के आशीर्वाद से तहसील एवं जनपद में बिना फायर एनओसी के करीब 90 अस्पताल संचालित हो रहे हैं जिनको अधिकारियों का संरक्षण है। अग्निशमन विभाग ने 80 अस्पताल, 60 होटल समेत 100 से अधिक बरात घरों को नोटिस जारी किया है। साथ ही अस्पतालों को लेकर सीएमओ से भी पत्राचार किया है। लेकिन, अभी तक अस्पतालों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। एक तरह से उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। उल्लेखनीय है कि तहसील एवं जनपद के कई प्रमुख अस्पतालों, बरात घरों और होटलों को बिना अग्निशमन यंत्र के संचालित किया जा रहा है। जिसे लेकर अग्निशमन विभाग ने सभी को नोटिस जारी करने के साथ ही सीएमओ से पत्राचार भी किया है।
अगर इन स्थानों पर आग लगती है तो तत्काल बुझा पाना मुश्किल होगा। झांसी के मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू में हुए अग्निकांड के बाद शासन ने सभी अस्पतालों में फायर सेफ्टी ऑडिट का आदेश दिया है। इसके तहत अग्निशमन अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम अस्पतालों में दस्तक दे रही है। अस्पतालों में फायर फाइटिंग सिस्टम और उपकरणों की जांच के साथ अस्पताल स्टाफ को आग से बचाव की ट्रेनिंग भी दी जा रही है।संयुक्त टीम ने कई अस्पतालों में जाकर जांच भी की थी।
जांच के दौरान पाया गया था कि कई अस्पतालों में फायर सेफ्टी उपकरण नहीं हैं यदि मौजूद है तो वह खराब स्थिति में है ।

# बीमारी के चलते विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी हाफिज वारिश के पिता का निधन,लोगों ने किया गम का इजहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव अहमद नगर जैतबाड़ा कुन्दरकी के पूर्व ब्लाक प्रमुख और एआईएमआईएम कुन्दरकी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी हाफि ज बारिश के पिता हाजी मौहम्मद हनीफ का लंबी बीमारी के चलते हुआ निधन लोगों ने गम का इजहार किया । कुंदरकी ब्लाक क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग उनके जनाजे में शिरकत होने के लिए पूर्व ब्लाक प्रमुख हाफिज बारिश के आवास ग्राम अहमदनगर जैतबाड़ा को पहुँचे।एआईएमआईएम नेता हाफि ज बारिश ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके पिता हाजी मौहम्मद हनीफ लंबे समय से बीमार चल रहे थे।जिनका लगातार अस्पताल मे इलाज चल रहा था।और बीमारी के चलते उनका मंगलवार की शाम को इन्तेकाल हो गया। बुधवार की सुबह दस बजे तक बड़ी तादात में लोगों ने हाजी मौहम्मद हनीफ के जनाजे का आखिरी दीदार किया। गमगीन माहौल में पूर्व ब्लाक प्रमुख के पिता हाजी मौहम्मद हनीफ के जनाजे को गमगीन माहौल में कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। इस दौरान सामाजिक धार्मिक एवं राजनीतिक लोग बड़ी तादाद में मौजूद रहे।




## परीक्षा — बायोमेट्रिक उपस्थिति से ही होगा अभ्यर्थी का परीक्षा केंद्र में प्रवेश

# परीक्षा प्रारंभ होने से 45 मिनट पहले अभ्यर्थियों का प्रवेश परीक्षा केंद्र में नहीं होगा, अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रो पर परीक्षा प्रारंभ होने के समय से डेढ़ घंटा पहले पहुंचे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ।** जिला अधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी 22 दिसंबर 2024 को जनपद में बनाए गए 14 परीक्षा केंद्रों में होने वाली उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 में कुल 5376 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। कुल 12 महाविद्यालय व विद्यालयों में 14 परीक्षा केंद्र संचालित होंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में 384 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा को निर्विघ्न व सकुशल रूप से संपन्न करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल भी मौजूद रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थी की बायोमेट्रिक उपस्थिति भी कराई जाएगी।
उन्होंने बताया कि इन 14 परीक्षा केंद्रों में गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय, हाफिज सिद्दीकी इस्लामिया इंटर कॉलेज, केदारनाथ महिला इंटर कॉलेज, एनएमएसएन दास पीजी कॉलेज, नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज, राजाराम महिला इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय, श्री कृष्ण इंटर कॉलेज, सिंगलर गर्ल्स इंटर कॉलेज, महात्मा गांधी पालिका इंटर कॉलेज है। एनएमएसएन दास पीजी कॉलेज तथा श्री कृष्ण इंटर कॉलेज के ब्लॉक ए एवं ब्लॉक बी में अलग-अलग दो परीक्षा केंद्र संचालित होंगे। इस प्रकार कुल 12 महाविद्यालय व विद्यालयों में 14 परीक्षा केंद्र संचालित होंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में 384 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।
जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के दौरान कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, मोबाइल, ज्वेलरी फूड आइटम, कैमरा, स्मार्ट वॉच, हेल्थ बैंड आदि पर प्रतिबंध रहेगा। प्रथम पाली प्रातः 9:30 से पूर्वाह्न 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक होगी। परीक्षा सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में होगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त सीसीटीवी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 22 दिसंबर को होने वाली परीक्षा में अभ्यर्थियों का प्रवेश परीक्षा प्रारंभ होने के समय से डेढ़ घंटा पहले प्रारंभ हो जाएगा तथा परीक्षा प्रारंभ होने से ठीक 45 मिनट पहले अभ्यर्थियों का प्रवेश परीक्षा केंद्र में नहीं होगा। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से अपील की कि वह अपने-अपने निर्धारित परीक्षा केदो पर परीक्षा प्रारंभ होने के समय से डेढ़ घंटा पहले पहुंचे। क्योंकि 45 मिनट पूर्व गेट बंद हो जाएगा और फिर किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। प्रधानाचार्य श्री कृष्ण इंटर कॉलेज संदीप भारती ने बताया कि अभ्यर्थी को तीन ओएमआर शीट दी जाएगी। जिसमें एक गुलाबी रंग की होगी। दूसरी हरे रंग की व तीसरी नीले रंग की होगी। गुलाबी रंग की ओएमआर शीट लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश को भेजी जाएगी तथा हरे रंग की ओएमआर शीट नोडल अधिकारी के माध्यम से कोषागार में संरक्षित होगी तथा नीले रंग की ओएमआर शीट अभ्यर्थी अपने साथ ले जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थी की बायोमेट्रिक उपस्थिति भी कराई जाएगी।

## आगामी त्योहारों को देखते हुए 9 फरवरी तक जिले में निषेधाज्ञा लागू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** क्रिसमस डे, नववर्ष, गुरु गोविन्द सिंह जयंती, मोहम्मद हजरत अली का जन्मदिवस, मकर संक्रान्ति, गणतंत्र दिवस, बसन्त पंचमी आदि पर्वों व जिले में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट अनुज सिंह ने 9 फरवरी तक निषेधाज्ञा लागू कर दी है।
जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा जारी की है जो 9 फरवरी तक लागू रहेगी। इसके अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति किसी एक अथवा एक से अधिक शर्तों का उल्लंघन करेगा तो उसे भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत दंडित किया जाएगा।

# जिला अधिकारी ने जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटने एवं रेन बेसरों का निरीक्षण करने के दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ सुदेश बिश्नोई।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट में राजस्व कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि नियमित रैन बसेरों की चेकिंग की जाए। कोई बाहर न सोने पाए। इसके साथ ही राजस्व वसूली बढ़ाने पर जोर दिया।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम से कहा कि पुराने वादों को जल्द से जल्द निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को शीतकालीन भ्रमण कर रोस्टर बनाकर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने कहा कि कंबल वितरण करें। लोग बाहर नहीं सोने पाएं। समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। आईजीआरएस के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये।शिकायतकर्ता से वार्ता कर फीडबैक भी लिया जाये। बैठक में रियल टाइम खतौनी, अविवादित विरासत, ई-परवाना पर लम्बित आवेदनों, अंश निर्धारित संबंधी पेंडेसिंयां, मुख्यमंत्री कृषक दुघर्टना योजना पर चर्चा की गई। बैठक में स्टांप, आबकारी, जीएसटी, परिवहन, खनन, विद्युत, मंडी, सहित अन्य विभागों की राजस्व वसूली संबंधी समीक्षा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, उप जिलाधिकारी सदर, उप जिलाधिकारी कांठ, उप जिलाधिकारी बिलारी और उप जिलाधिकारी ठाकुरद्वारा सहित सभी तहसीलदार मौजूद रहे।



# ब्लैक साड़ी में नुसरत भरूचा ने दिखाईं दिलकश अदाएं, चेहरे का नूर देख नजरें नहीं हटा पा रहे फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरूचा हमेशा अपने स्टनिंग फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं, जिसमें उनकी किलर अदाएं देखकर फैंस मंत्र मुग्ध हो गए हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा बॉलीवुड इंडस्ट्री की फेमस अभिनेत्री हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं। नुसरत भरूचा ने अपनी इन लेटेस्ट फोटोज के दौरान ब्लैक कलर की साड़ी पहनी हुई थी, जिसमें वो बेहद ही किलर और स्टनिंग लुक में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। कानों में इयररिंग्स, आखों में काजल और ग्लैम मेकअप लुक कर के एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। नुसरत भरूचा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।

# सलमान खान के जन्मदिन पर रिलीज होगा फिल्म सिकंदर का टीजर, प्रशंसक हुए उत्साहित




पिछले लंबे समय से अभिनेता सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान एआर मुरुगादॉस ने संभाली है, वहीं साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म के निमार्ता हैं।इस फिल्म में सलमान की जोड़ी जानी-मानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे।अब फिल्म सिकंदर के टीजर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, सिकंदर का टीजर सलमान के 59वें जन्मदिन पर यानी 27 दिसंबर, 2024 को जारी किया जाएगा।ऐसे में यह सलमान के प्रशंसकों के लिए किसी उपहार से कम नहीं है। टीजर में सलमान जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आएंगे।एक सूत्र ने कहा, वर्तमान में सलमान धमाकेदार एक्शन दृश्यों की शूटिंग कर रहे हैं और प्रचार अभियान की योजना बन रही है। सिकंदर से सलमान की पहली झलक उनके ही जन्मदिन पर सामने आएगी।

सिकंदर में प्रतीक बब्बर और सत्यराज जैसे सितारे भी अपनी अदाकारी का तडका लगाते हुए नजर आएंगे। फिल्म को ईद, 2025 के मौके पर रिलीज किया जाएगा।कहा जा रहा है कि फिल्म में एक अहम भूमिका निभाने के लिए निमार्ताओं ने वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन से संपर्क किया है।हाल ही में फिल्म के सेट से सलमान और रश्मिका का वीडियो लीक हो गया था, जिसमें दोनों हैदराबाद के प्रतिष्ठित फलकनुमा पैलेस में शूटिंग करते नजर आए।

# अक्षय कुमार की पहली तेलुगु फिल्म कन्नप्पा की रिलीज तारीख का ऐलान, नया पोस्टर आया सामने

अक्षय कुमार तेलुगु फिल्म में कैमियो करने जा रहे हैं। फिल्म कनप्पा के पहले पोस्टर और रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अगले साल दस्तक देगी।

अक्षय कुमार की फिल्म कनप्पा की पहली झलक सामने आ गई है। लगभग पांच महीने पहले भी इस फिल्म के टीजर में अक्षय कुमार की झलक नजर आई थी। जिसे देखकर लगा कि वह फिल्म कनप्पा में भगवान शिव की भूमिका निभाएंगे। फिल्म की पहली झलक के साथ ही अक्षय कुमार ने इसकी रिलीज डेट का खुलासा किया है। विष्णु मांचू के ड्रीम प्रोजेक्ट कनप्पा का शानदार टीजर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म का टीजर कुल पांच




भाषाओं में रिलीज किया गया है। फिल्म में प्रभास, अक्षय कुमार, काजल अग्रवाल, मोहनलाल ने अलावा कई अभिनेताओं ने अहम भूमिका निभाई हैं। फिल्म के टीजर में साउथ के अलावा बॉलीवुड के भी कई सितारे नजर आए। फिल्म का टीजर कुल पांच भाषाओं में जारी किया गया है, जिसमें तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी भाषा शामिल हैं। इस महाकाव्य की कहानी को अब दुनिया भर के दर्शक पांच भाषाओं में देख सकेंगे।

फिल्म कनप्पा की कहानी भगवान शिव के एक भक्त कनप्पा की है। वह शिव की भक्ति में अपनी आंखें फोड़ देता है। इस तरह की कहानियां दर्शकों को काफी पसंद आती है। वैसे भी जब इस फिल्म का ट्रेलर आया था तो दर्शकों ने इसे भी काफी सराहा था। अभिनेता विष्णु मांचू ने कनप्पा के किरदार को निभाने के लिए काफी मेहनत की है उन्होंने अपनी फिटनेस पर भी काफी काम किया है। इस फिल्म में कई और बड़े कलाकार भी हैं जो इसमें अपने अभिनय से चार चांद लगा देंगे। अक्षय भी इस फिल्म का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। इस फिल्म का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है और इसका निर्माण मोहन बाबू ने किया है।

# फियर के साथ साल का अंत करना शानदार रहा : वेधिका कुमार

अभिनेत्री वेधिका कुमार अपनी हालिया रिलीज फियर को लेकर उत्साहित हैं। साल के अंत को लेकर अभिनेत्री ने कहा, फियर के साथ साल का अंत करना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद और शानदार रहा। अभिनेत्री ने हालिया रिलीज फियर के साथ इस साल रिलीज अपनी अन्य पांच फिल्मों के बारे में भी बताया। वेधिका ने कहा, जब ईश्वर की कृपा होती है, तो जादू होता है। 2023 से मेरी यात्रा ऐसी ही रही है और मैं अपने प्रशंसकों, दुनिया और अपने शुभचिंतकों के प्रति कृतज्ञता से भरी हुई हूं। एक साल में पांच फिल्में रिलीज होना वास्तव में खास



है, खासकर जब हर प्रोजेक्ट मुझे अलग-अलग तरीकों से चुनौती देता है और मुझे अपनी बहुमुखी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। साल की मजबूत शुरूआत करना और अब इसे फियर के साथ समाप्त करना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद लगता है। मैं सराहना के लिए आभारी हूं और मुझे उम्मीद है कि यह गति मुझे 2025 में और भी अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। ह्यफियरह्व का ट्रेलर आर. माधवन ने जारी किया था। वेधिका उनके साथ गर्मजोशी से भरा गहरा रिश्ता शेयर करती हैं।

वेधिका की झोली में कई शानदार प्रोजेक्ट हैं। इसमें एक तमिल फिल्म भी शामिल है। वेधिका कुमार मुख्य रूप से तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम फिल्मों में काम करती हैं। अपने शोबिज करियर की शुरूआत में वह ज्यादातर मॉडलिंग असाइनमेंट में दिखाई दीं। अभिनेत्री को मद्रासी में मुख्य भूमिका निभाने के लिए अर्जुन ने संपर्क किया था। मद्रासी की रिलीज के बाद, वेधिका को हिंदी फिल्म ह्यजय संतोषी मां में एक भूमिका की पेशकश की गई थी, लेकिन फिल्म नहीं बन पाई। वेधिका ने साउथ इंडियन फिल्मों में काम करना जारी रखा और कई शानदार फिल्में दीं। वेधिका ने मुनि, विजयदशमी, शिवकाशी, कलाई जैसी फिल्मों में काम किया। उनकी हालिया रिलीज फियर मेंटल हेल्थ के विषय पर बनी फिल्म है। फिल्म में वेधिका ने मुख्य किरदार सिंधु का किरदार निभाया है, जो बचपन से ही मानसिक समस्याओं से ग्रस्त है। उसे लगता है कि कोई उसे मारना चाहता है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, रहस्य गहराता जाता है।

# एक चीज बर्गर खाने से 9 मिनट घटती उम्र, रिसर्च में फास्ट फूड को लेकर चौंकाने वाला खुलासा

अगर आप कोल्ड ड्रिंक या चीज बर्गर खाने के शौकीन हैं तो जरा सावधान हो जाइए। डेली मेल की एक रिपोर्ट में बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।एक रिसर्च में सामने आया है कि फास्ट फूड्स आपकी जिंदगी को कम कर रहे हैं। इतना ही नहीं इन्हें खाने से आपका शरीर बीमारियों का घर बन सकता है। वैज्ञानिकों का दावा है कि ये चीजें आपकी जिंदगी घटा रही हैं। आइए जानते हैं किस



चीज को खाने से कितनी उम्र कम होती है।

**चीज बर्गर खाने से कितनी घटती है उम्र?**

रिपोर्ट में मिशिगन यूनिवर्सिटी की रिसर्च का जिक्र किया गया है। इसके अनुसार एक चीज बर्गर खाने से आपकी जिंदगी के 9 मिनट और कोल्ड ड्रिंक पीने से 12 मिनट कम हो रही है। करीब 5,800 फूड्स का एनालिसिस और सेहत पर उनके असर का आंकलन करने के बाद पाया गया कि हॉट डॉग खाने वालों की जिंदगी 36 मिनट कम हो रही है।

**बढ़ता कैंसर होने का खतरा**

हर उम्र के लोगों को कोल्ड ड्रिंक पीने का शौक होता है। ये भी सेहत के लिए खतरनाक है। बेकन 6 मिनट और प्रोसस्ड मीट जैसे प्रोसिटो खाकर अपनी लाइफ 24 मिनट खो सकते हैं। रिसर्च में बताया गया है कि एग सैंडविच जिंदगी के 13।6 मिनट कम कर सकती है। इनमें पाए जाने वाले नाइट्राइट्स और नाइट्रेट्स शरीर में जाकर ऐसे तत्वों में टूट जाते हैं, जो कोलन कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं।

**इन चीजों को खाने से बढ़ती उम्र**

हालांकि रिसर्च में उम्र बढ़ाने वाली चीजों के बारें में भी बताया गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पीनट बटर और जेली सैंडविच खाने से आपकी उम्र 32 मिनट तक बढ़ सकती है। नट्स और बीज 24 मिनट और फल 10 मिनट उम्र बढ़ा सकते हैं। मछली और सब्जियां भी लाइफ को बढाने का काम करती है।

**क्या खाने से होती खतरनाक बीमारियां?**

रिसर्च टीम के अनुसार फास्ट फूड और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स में चीनी, अनहेल्दी फैट और प्रिजर्वेटिव्स काफी ज्यादा होते हैं। चीज बर्गर, कोल्ड ड्रिंक, रेड मीट और प्रोसस्ड मीट में ऐसे तत्व मौजूद होते हैं, जो डायबिटीज, हार्ट डिजीज और मोटापे जैसी खतरनाक बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

# फेसवॉश लगाने से स्किन ड्राई हो जाती है तो लगाएं ये फेस पैक, चेहरे पर आएगी चमक

सर्दियों के मौसम में स्किन अक्सर रूखी और बेजान हो जाती है। कई लड़कियां ड्राई स्किन से बचने के लिए महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन इनके नतीजे अक्सर अच्छे नहीं होते और केमिकल की वजह से त्वचा का नेचुरल ऑयल भी खत्म हो जाता है। अगर आप अपनी स्किन को नेचुरल तरीके से हेल्दी और मॉइश्चराइज रखना चाहती हैं, तो किसी केमिकल प्रोडक्ट की जगह घर पर बना हुआ फेस पैक आजमाएं। यह फेस पैक न केवल आपकी त्वचा की ड्राइनेस दूर करेगा, बल्कि इसे हेल्दी और ग्लोइंग भी बनाएगा। इसे बनाना बेहद आसान है और आप इसे अपने बाथरूम में रखकर रोजाना इस्तेमाल कर सकती हैं।



**होममेड फेस पैक के लिए चाहिए ये चीजें**

चावल का आटा- सबसे पहले, चावल को मिक्सर में डालकर बारीक पीस लें। अगर चावल पूरी तरह महीन न पिसे तो इसे छानकर अलग कर लें। बचे हुए मोटे टुकड़ों को दोबारा पीस लें। जब चावल का फाइन पाउडर तैयार हो जाए, तो इसे एक साफ डिब्बे में स्टोर कर लें।

हल्दी- चावल के पाउडर में एक चौथाई चम्मच हल्दी मिला लें। हल्दी एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होती है, जो आपकी त्वचा को साफ और संक्रमण से मुक्त रखने में मदद करती है।

**फेस पैक लगाने का तरीका**

एक चम्मच चावल का पाउडर लें और उसमें एक चम्मच ताजा दही मिलाएं।

इसे अच्छी तरह से मिक्स करें और चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करते हुए लगाएं।

इसे लगभग 5 मिनट तक सूखने दें।

इसके बाद, नॉर्मल पानी से चेहरा धो लें।

इस फेस पैक को आप रोजाना इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे नहाने से पहले चेहरे, गर्दन और हाथों पर लगाएं। हल्के हाथों से मसाज करें और धोने के बाद फर्क महसूस करें।

# पालात लोक का पहला प्रोमो जारी, जयदीप अहलावत का दिखा धांसू अवतार

जयदीप अहलावत और अभिषेक बनर्जी की लोकप्रिय और चर्चित वेब सीरीज पाताल लोक के दूसरे सीजन का ऐलान पहले ही हो चुका है।इस सीरीज का पहला सीजन 15 मई, 2020 को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुआ था और इसमें कुल 9 एपिसोड थे। लगभग 4 साल बाद इसका दूसरा सीजन आ रहा है।अब निमार्ताओं ने पाताल लोक 2 का पहला प्रोमो वीडियो जारी कर दिया है, जिसमें जयदीप का धांसू अवतार दिख रहा है। पालाक लोक 2 जल्द ही अमेजन प्राइम



वीडियो पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने प्रोमो साझा करते हुए लिखा, मौसम बदलने वाला है। सावधानः आगे पाताल लोक है।पालाक लोक 2 से जयदीप की पहली झलक पहले ही सामने आ चुकी है।इस सीरीज में इसमें गुल पनाग, नीरज काबी, स्वास्तिका मुखर्जी, इश्वाक सिंह, निहारिका लायरा दत्त और ऋचा चतुर्वेदी जैसे सितारों ने भी अभिनय किया है।

# पूर्व पीएम के जन्मदिवस पर जिले को मिल सकती है, नूरपुर ब्लाक की सौगात

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** आगामी 23 दिसंबर भारत रत्न, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर जनपद को नये नूरपुर ब्लाक की सौगात मिल सकती है। गांव नूरपुर को अलग विकास खंड (ब्लॉक

- **गांव नूरपुर पूर्व पीएम स्व.चौ.चरण सिंह की जन्मस्थली है**
- **केन्द्रीय मंत्री के निर्देश पर डीएम भेजेंगी शासन को प्रस्ताव**
- **नये ब्लाक नूरपुर में 45 गांव होंगे शामिल,गांवों का होगा चहुंमुखी विकास**
- **नूरपुर ब्लाक बनने से जिले में ब्लाकों की संख्या 5 हो जायेगी**

क्षेत्र) बनाने के लिए केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जयंत चौधरी के निर्देश पर जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा द्वारा प्रस्ताव बनाकर शासन को शीघ्र भेजा जा रहा है। नया नूरपुर ब्लाक हापुड़ और सिंभावली ब्लॉक की ग्राम पंचायतों को अलग कर बनेगा,जिसमें करीब 45 गांव शामिल होंगे।

आपको बता दें,कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसंबर 1902 को जनपद के गांव नूरपुर की मढैया में हुआ था। उनके पिता स्व. चौधरी मीर सिंह साधारण किसान थे। किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती पर प्रतिवर्ष राजनैतिक दलों के नेता गांव नूरपुर की मढैया में पहुंचकर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि देते हैं। ऐसे में अब गांव नूरपुर को नया ब्लॉक बनाने की तैयारी की जा रही है। जनपद में अभी चार ब्लॉक हैं, जिसमें






हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर,सिंभावली और धौलाना शामिल हैं। इसमें सबसे अधिक ग्राम पंचायतें हापुड़ ब्लॉक में हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर सिंभावली है। हापुड़ और सिंभावली के ही गांवों को अलग कर नया ब्लॉक बनेगा। इसके लिए नूरपुर के आसपास के गांव ही शामिल किए जाएंगे। अभी जिले में करीब 350 गांव हैं। जबकि, 318 राजस्व गांव हैं।

**सरकार का किसानों और जाटों को रिझाने का प्रयास**

गौरतलब है,कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को किसानों का मसीहा कहा जाता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल का वोट बैंक भी अच्छा है। चौधरी चरण सिंह के पौते जयंत चौधरी इस समय केंद्र सरकार में मंत्री हैं और एनडीए का भी हिस्सा हैं। इनकी पार्टी के विधायक प्रदेश सरकार में भी मंत्री हैं। ऐसे में नूरपुर को अलग ब्लॉक चौधरी साहब के नाम से बनाकर वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा क्षेत्र चुनाव में किसानों व जाटों को लुभाने का प्रयास भी होगा।

**बाबूगढ़ को भी अलग ब्लॉक बनाने मांग उठाई गयी थी**

करीब पांच वर्ष पूर्व बाबूगढ़ गांव क्षेत्र को भी अलग ब्लॉक बनाने के लिए जिला प्रशासन ने प्रस्ताव भेजा था। हालांकि, यह प्रस्ताव अभी पास नहीं हुआ है। नूरपुर के नए ब्लॉक की मांग के बाद निश्चित ही बाबूगढ़ को लेकर भी मांग उठ सकती है।

**जिलाधिकारी का कहना**

डीएम प्रेरणा शर्मा ने बताया कि जिले के ब्लाक हापुड़ व सिंभावली के कुछ गांवों को अलग कर नूरपुर के नाम नया ब्लाक बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को अति शीघ्र भेजा जा रहा है। नूरपुर ब्लाक बनने से जिले में ब्लाकों की संख्या पांच हो जायेगी।

**जिले में ग्राम पंचायतों की स्थिति पर नजर**

| ब्लाक | ग्राम पंचायत |
|---|---|
| हापुड़ | 93 |
| गढ़मुक्तेश्वर | 60 |
| सिंभावली | 65 |
| धौलाना | 55 |
| **योग** | **273** |





**अनूपशहर :** कोतवाली क्षेत्र के गांव बिरौली में जमीनी विवाद में चली गोली में भूरा सिंह पुत्र रवि सिंह के गोली लगने से मौत हो गयी है जब कि दूसरे पड़ोसी प्रताप पुत्र पीतम सिंह के पेट मे गोली लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया है जिन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। **छाया:- बुलन्द संदेश**

# भाकियू अ राजनीतिक का एसएसपी ऑफिस पर पुलिस कर्मियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** भाकियूं अराजनैतिक की पंचायत बुलंदशहर स्थित राजेबाबू पार्क में आहत की गई जिसकी अध्यक्षता के, प्रसाद सैनी ने की तथा संचालन राकेश वकील साहब ने किया पंचायत में कोतवाली नगर में तैनात दरोगा कोमल कुंतल तथा नर्सलघाट चौकी पर तैनात गौरव दरोगा इन दोनों के खिलाफ रोष व्याप्त रहा उपरोक्त दोनों दरोगाओं ने न सिर्फ किसानों से बदतमीजी की बल्कि संगठन पर भी अभद्र टिप्पणियां की।।



युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र आर्य के नेतृत्व में भा, कि, यू, अराजनैतिक ने आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के यहां कार्यालय पर प्रदर्शन किया और दोनों दरोगाओं के खिलाफ बर्खास्तगी की मांग की एसएसपी के नामौजूदगी में सदर कोतवाल मौके पर पहुंचे और किसानों के आक्रोश को झेलते हुए दोनों पुलिस कर्मियों के खिलाफ दो दिन में कार्यवाही करनेकी बात कही।। ठाकुर शैलेंद्र आर्य ने कहां की अगर 2 दिन में कार्रवाई नहीं होती है तो पुलिस कप्तान से तथा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारीयों से वार्ता कर आगे की रणनीति बनाकर कोतवाली बुलंदशहर पर एक बड़ा आंदोलन चलाया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी स्वयं पुलिस प्रशासन की होगी किसानों के साथ अन्याय और अत्याचार बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

## कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीम दीपक कुमार पाल ने फीता काटकर किया

# सूरजभान कॉलेज में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने मॉडल प्रदर्शित कर दिखाई प्रतिभा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिकारपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर हर वर्ष की भांति विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने विज्ञान विषय पर आधारित मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी शिकारपुर दीपक कुमार पाल द्वारा फीता काटकर व विद्यालय के अध्यक्ष विजेंद्र दत्त शर्मा प्रबंधक अनिल कुमार मित्तल एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्म सिंह तथा प्रबंध समिति के समस्त पदाधिकारी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा पुष्पार्चन कर किया गया ' इस अवसर पर बुलंदशहर सह जिला विद्यालय





निरीक्षक दिनेश यादव ,विद्या भारती क्षेत्रीय अध्यक्ष मनवीर सिंह , विद्या भारती कार्यकारिणी के सदस्य रमेश चंद्र पांडे , जेपी विश्वविद्यालय अनूपशहर के कुलपति प्रोफेसर राजीव सक्सेना, श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय के प्राचार्य ललित कुमार तथा क्षेत्राधिकारी शिकारपुर शिव ठाकुर आदि इस कार्यक्रम के साक्षी बने। कार्यक्रम के संयोजक केशव कुमार रहे ।कार्यक्रम की प्रस्ताविकी विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्म सिंह द्वारा की गई । कार्यक्रम का संचालन सामाजिक विभाग के वरिष्ठ आचार्य तेजवीर सिंह ने किया। कार्यक्रम के संयोजक ने बताया कि भारत के वैज्ञानिकों ने सर्वप्रथम कोलकाता में अपनी खोज विज्ञान के क्षेत्र में कर अपना व भारत का नाम स्वर्ण अक्षरों में अर्जित कराया ।जब से ही भारत में यह दिन विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है ।इस अमूल्य योगदान के लिए वैज्ञानिक सी.वी. रमन को विज्ञान के क्षेत्र में 1930 ई. में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया । विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय के 448 बाल वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया ।उन्होंने अपने मॉडल और प्रोजेक्ट द्वारा अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए ।सोलर सिस्टम, प्रदूषण निवारण मॉडल, स्मार्ट डस्टबिन, रोबोट मॉडल, ड्रोन कैमरा, भारतीय संस्कृति के प्रतीक ,एवं मार्केटिंग में एटीएम का प्रयोग बैंक से संबंधित जानकारी नई करेंसी, पुरानी करेंसी, तथा कला के क्षेत्र में, सेंसर द्वारा बनी हुए विभिन्न टेक्नोलॉजी से संबंधित प्रोजेक्ट तैयार किए गए ।वर्तमान समय की आवश्यकताओं को समझते हुए बाल वैज्ञानिकों ने प्रदर्शनी को भव्य रूप प्रदान किया ।तथा विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ एवं उनके जीवन वृतांत इस विज्ञान प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य योगेश चन्द गुप्ता, हरकेश कुमार मीणा, कोमल प्रसाद शर्मा, मनोहर लाल, रोबिन कुमार, महेश शर्मा, अनित कुमार, प्रवीण कुमार गणित, ललित कुमार पाठक, यशपाल सिंह, सोनाली राजदूत, कनिका गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, शर्मा आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# डीएम ने किया रैन बसेरो व अलाव का निरीक्षण, जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूँ ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने अधिकारियों के साथ मंगलवार की देर रात्रि में बस स्टैंड पर रैन बसेरो के



निरीक्षण करते हुए यहां ठहरे हुए लोगों से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी देते हुए जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किए। इसके अलावा पुराने बस स्टैंड के पीछे बने वसेरे, रेलवे स्टेशन, नई सराय नवादा काली सड़क लालपुल सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को रोजाना रात में रैन बसेरों व अलाव के निरीक्षण का निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खुले में सोने वालों को हर हाल में रैन बसेरों में पहुंचाने को कहा है। डीएम ने जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित सभी चौराहों पर अलाव की व्यवस्था रहे। कोई भी खुले में सोने ना पाए, उसको रैन बसेरे में भेजा जाए। रैन बसेरे में ठहरे हुए लोगों से डीएम ने उनको मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी बताया। वहीं विभिन्न चौराहा पर खुले में सो रहे लोगों को भोजन कराकर रेन बसेरो में भेजे। इस अवसर पर अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिला बंदियो को गर्म शॉल एवं मौजे, प्रसाद तथा आध्यात्मिक एवं नैतिक ज्ञान से सम्बंधित पुस्तकें तथा पुरुष बंदियों को मफलर, मौजे, पुस्तकें तथा प्रसाद भेंट किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शाहजहांपुर।** कड़कड़ाती सर्दी को देखते हुए आज शाहजहांपुर जेल में बन्द महिला एवं पुरुष बंदियों को रामाश्रम सत्संग टूंडला मथुरा के सौजन्य से महिला बंधिया को गर्म शॉल एवं मौजे, प्रसाद तथा आध्यात्मिक एवं नैतिक ज्ञान से सम्बंधित पुस्तकें तथा पुरुष बंदियों को मफलर, मौजे, पुस्तकें तथा प्रसाद भेंट किया गया। यह कार्यक्रम परम पूज्य पंडित मिही लाल जी की 125 में अवतरण दिवस पर आयोजित किया गया आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जय अग्रवाल श्रीमती सरिता अग्रवाल, ओमकार मनीषी, भगवत दास



गुप्ता विमल गुप्ता स्वदेश कुलश्रेष्ठ एवं श्रीमती पूनम रस्तोगी उपस्थित रहे जिन्होंने पुरुष एवं महिला बंदियों को उक्त सामग्री भेंट की। उनके द्वारा यह भी आश्वासन दिया गया कि उन्हें जेल में अनुरोध बंदियों की आवश्यकताओं का पूरी जानकारी नहीं थी अतः वह और वैरायटी का सामान नहीं ला सके आगे वह बंधिया को और अधिक सामग्री भेंट करेंगे जेल अधीक्षक मिजजीलाल के द्वारा आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया और बंदियां की जरूरत के समय मदद करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# अमित शाह को देश से माफी मांगनी चाहिए, उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए : मल्लिकार्जुन खडगे

**नई दिल्ली ।** संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री के भाषण पर राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर और संविधान का अपमान किया है। मनुस्मृति और की उनकी विचारधारा यह स्पष्ट करती है कि वह बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान का सम्मान नहीं करना चाहते हैं। हम इसकी निंदा करते हैं और उनके इस्तीफे की मांग करते हैं। उन्हें देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए...उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा, कल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण में अंबेडकर जी के बारे में हमारी श्रद्धा का भाव स्पष्ट रूप से प्रकट किया था। उन्होंने यह भी कहा कि कैसे कांग्रेस ने अंबेडकर जी का अपमान किया जब वह जीवित थे...कांग्रेस पार्टी ने उन्हें इतने सालों तक भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया और इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब का अपमान किया और 1952 में एक चुनाव में साजिश के तहत उन्हें हरा दिया..मैं बौद्ध हूं और बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने वाला व्यक्ति हूं। इस देश में बाबा साहब ने 1951 में कानून मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। 71 साल बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बौद्ध (यानी मुझे) को देश का कानून मंत्री बनाया।



कांग्रेस ने निर्लज्जता के साथ संविधान में किया संशोधन : अमित शाह केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर राज्यसभा में आयोजित चर्चा के दौरान विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संविधान संशोधनों से पार्टियों के कैरेक्टर के बारे में पता चलता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि आज हम जिस मुकाम पर खड़े हैं, उस मुकाम पर महर्षि अरविंद और स्वामी विवेकानंद की वो भविष्यवाणी सच होती दिखाई पड़ती है कि भारत माता अपनी देदीप्यमान ओजस्वी स्वरूप में जब खड़ी होंगी, तब दुनिया की आंखें चकाचौंध हो जाएगी और पूरी दुनिया रोशनी के साथ भारत की ओर देखेगी ।उन्होंने कहा, इंदिरा गांधी की सरकार में 45वां संशोधन किया गया और कांग्रेस ने निर्लज्जता के साथ संविधान में संशोधन किया। यही नहीं, कांग्रेस ने वन नेशन, वन इलेक्शन का भी विरोध किया। हमारे पीएम कहते हैं कि वह प्रधानमंत्री नहीं बल्कि प्रधान सेवक हैं।

उन्होंने संविधान संशोधन का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ने 16 साल तक शासन किया और संविधान में 22 संशोधन किए। इसके विपरीत, कांग्रेस पार्टी ने 55 साल तक शासन किया और 77 संशोधन किए। दोनों पार्टियों ने संविधान में संशोधन किए हैं। संशोधनों को लागू करने के अलग-अलग तरीके हैं, कुछ संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हैं, जबकि अन्य केवल औपचारिकता के तौर पर किए जा सकते हैं। संविधान में संशोधन के पीछे के उद्देश्यों की जांच करके किसी पार्टी के चरित्र और इरादों को समझा जा सकता है।

**हंगामा** | पीड़ित वकील ने पुलिस पर लगाया गंभीर आरोप की उसके खून में लथपथ कपड़े भी पुलिस ने बदल दिए और होमगार्ड की यूनिफॉर्म मुझे पहनाई

# बुलंदशहर मे वकील को 151 के तहत हथकड़ी बांधकर लाने पर वकीलों ने काटा जमकर हंगामा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** पुलिस द्वारा वकील को पीटने पर वकीलों का हंगामा हुआ तेज पीड़ित वकील ने बताया कि कल शाम वह काले आम चौराहे पर खड़ा था और पुलिस ने उसे टोका उसने बताया कि वह वकील है दूसरे वकील का इंतजार कर रहा है इस पर वकील और पुलिस के बीच विवाद हो गया पुलिस ने वकील को गिरफ्तार कर थाने में बंद कर दिया वकील द्वारा बताया गया कि पुलिस





द्वारा उसे रात भर थर्ड डिग्री टॉर्चर कर बुरी तरह पीटा गया । जैसे पुलिस वकील को सिटी मजिस्ट्रेट के यहां लेकर आई वकीलों ने हथकड़ी बंधे वकील को देखकर हंगामा करना शुरू कर दिया ओर पुलिस मुदार्बाद के नारे लगाए । वकील पीड़ित वकील को लेकर पहुंचे जिला जज के कार्यालय भारी मात्रा में पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे थाना प्रभारी अनिल शाही वकीलों से की समझौते की वार्ता मगर वकीलों का आंदोलन कम होने का नाम नहीं ले रहा वकीलों द्वारा पीड़ित वकील को पीटने वाले पुलिस कर्मियों पर बर्खास्त की मांग को लेकर किया गया हंगामा।

# डॉ.प्रवीण तोगड़िया का किया भव्य स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** नगर के जहांगीराबाद चुंगी चौराहे पर बुधवार देर शाम नीरज चौधरी नगर अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय हिंदू



परिषद के द्वारा डॉ.प्रवीण तोगड़िया अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष का पुष्प बरसते हुए माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने बताया की 14 जनवरी से 26 फरवरी तक चलने वाले तीर्थ राज प्रयाग में महाकुंभ मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महाकुंभ का स्वागत करें लंबे भ्रमण पर निकले डॉ.प्रवीण तोगड़िया का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत हुआ। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी प्रखर पांडे भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे इस अवसर पर शिवम शिकारपुरिया विभाग गौरक्षा प्रमुख राष्ट्रीय बजरंग दल,अंकित राजपूत, सोनू राजपूत, मनीष शर्मा, करन सैनी, नितिन कुमार, शिवम राजपूत, विशाल, हिमांशु, गोविंद राजपूत, रचित राजपूत, सर्वन राजपूत, नितिन कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267